आचार्य 108 श्री भरतसागरजी महाराज का अर्घ्यं

जल चन्दन के कलश मनोहर अक्षत पुष्प चरु लाये।
दीप धूप अरु फल को लेकर अर्घ्य चढ़ाने हम आये ।

हृदय कमल में राजें गुरुवर सुन्दर सुमन बिछाते है।
भरत सिंधु के श्री चरणों में सादर शीष झुकाते हैं।।

ॐ ह्रीं श्री बालयोगी प्रशान्त मूर्ति आचार्य 108 श्री भरसागर यतिवरेभ्यो: अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

आचार्य 108 श्री विशदसागरजी महाराज का अर्घ्य

प्रासुक अष्ट द्रव्य हे गुरुवर थाल सजाकर लाये हैं।
महाव्रतों को धारण कर ले मन में भाव बनाये हैं।।
विशद सिंधु के श्री चरणों में अर्घ समर्पित करते हैं।
पद अनर्घ हो प्राप्त हमें गुरु चरणों में सिर धरते हैं।।

ॐ ह्रीं श्री क्षमामूर्ति आचार्य 108 श्री विशदसागरजी मुनीद्राय नम: अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

समुच्चय महार्घ

मैं देव श्री अर्हंत पूजूँ सिद्ध पूजूँ चाव सों।
आचार्य श्री उवझाय पूजूँ साधु पूजूँ भाव सों।।1।।
अर्हन्त-भाषित बैन पूजूँ द्वादशांग रची गनी।
पूजूँ दिगम्बर गुरुचरन शिव हेतु सब आशा हनी।।2।।
सर्वज्ञ भाषित धर्म दशविधि दया-मय पूजूँ सदा।
जजुँ भावना षोडश रत्नत्रय, जा बिना शिव नहिं कदा।।3।।
त्रैलोक्य के कृत्रिम अकृत्रिम चैत्य चैत्यालय जजूँ।
पंचमेरु नंदीश्वर जिनालय खचर सुर पूजत भजूँ।।4।।
कैलाश श्री सम्मेद श्री गिरनार गिरि पूजूँ सदा।
चम्पापुरी पावापुरी पुनि और तीरथ सर्वदा।।5।।
चौबीस श्री जिनराज पूजूँ बीस क्षेत्र विदेह के।
नामावली इक सहस-वसु जयि होय पति शिव गेह के।।6।।

दोहा– **जल गंधाक्षत पुष्प चरु दीप धूप फल लाय।**
सर्वपूज्य पद पूजहूँ बहुविधि भक्ति बढ़ाय।।7।।

ॐ ह्रीं श्री भावपूजा भाववंदना त्रिकालपूजा त्रिकालवंदना करै करावै भावना भावै श्री अरहंतजी सिद्धजी आचार्यजी उपाध्यायजी सर्वसाधुजी पंचपरमेष्ठिभ्यो नमः प्रथमानुयोग–करणानुयोग–चरणानुयोग–द्रव्यानुयोगेभ्यो नमः। दर्शन–विशुद्धयादिषोडशकारणेभ्यो नमः। उत्तम क्षमादि दशलक्षण धर्मेभ्यो नमः। सम्यग्दर्शन–सम्यग्ज्ञान–सम्यक्चारित्रेभयो नमः। जल के विषै, थल के विषै, आकाश के विषै, गुफा के विषै, पहाड़ के विषै, नगर–नगरी विषै, ऊर्ध्व लोक मध्य लोक पाताल लोक विषै विराजमान कृत्रिम अकृत्रिम जिन चैत्यालय जिनबिम्बेभ्यो नमः। विदेहक्षेत्रे विद्यमान बीस तीर्थंकरेभ्यो नमः। पाँच भरत, पाँच ऐरावत, दश क्षेत्र संबंधी तीस चौबीसी के सात सौ बीस जिनबिम्बेभ्यो नमः। नंदीश्वर द्वीप संबंधी बावन जिनचैत्यालयेभ्यो नमः। पंचमेरु संबंधी अस्सी जिन चैत्यालयेभ्यो नमः। सम्मेदशिखर, कैलाश, चंपापुर, पावापुर, गिरनार, सोनगिर, राजगृही, मथुरा आदि सिद्धक्षेत्रेभ्यो नमः। जैनबद्री, मूढ़बद्री, हस्तिनापुर, चंदेरी, पपोरा, अयोध्या, शत्रुञ्जय, तारङ्गा, चमत्कारजी, महावीरजी, पदमपुरी, तिजारा, खजुराहो, श्रेयांशगिरि, मक्सी पार्श्वनाथ, चंवलेश्वर आदि अतिशय क्षेत्रेभ्यो नमः, श्री चारण ऋद्धिधारी सप्तपरमर्षिभ्यो नमः।

ॐ ह्रीं श्रीमन्तं भगवन्तं कृपालसंतं श्री वृषभादि महावीर पर्यंत चतुर्विंशंतितीर्थंकर परमदेवं आद्यानां आद्ये जम्बूद्वीपे भरत क्षेत्रे आर्य खंडे ... देश... प्रान्ते... नाम्नि नगरे... मासानामुत्तमे ... मासे शुभ पक्षे ... पक्षे तिथौ ... वासरे ... मुनि आर्यिकानां श्रावक–श्राविकानां सकल कर्मक्षयार्थं अनर्घ पद प्राप्तये संपूर्णार्घं निर्वपामीति स्वाहा।

इत्याशीर्वादः

शांतिपाठ (भाषा)

(शांतिपाठ बोलते समय पुष्प क्षेपण करते रहना चाहिये)

शांतिनाथ मुख शशि उनहारी, शील गुणव्रत संयमधारी।
लखन एक सौ आठ विराजै, निरखत नयन कमलदल लाजै।।1।।

पंचम चक्रवर्ति पदधारी, सोलम तीर्थंकर सुखकारी।
इन्द्र नरेन्द्र पूज्य जिननायक, नमो शांतिहित शांतिविधायक।।2।।

दिव्य विटप पहुपन की वर्षा, दुन्दुभि आसन वाणी सरसा।
छत्र चमर भामंडल भारी, ये तुव प्रातिहार्य मनहारी।।3।।

शांति जिनेश शांति सुखदाई, जगत पूज्य पूजौं शिरनाई।
परम शांति दीजै हम सबको, पढ़ैं जिन्हें पुनि चार संघको।।4।।

वसंत तिलका

पूजैं जिन्हें मुकुट हार किरीट लाके, इन्द्रादि देव अरु पूज्य पदाब्ज जाके।
सो शांतिनाथ वरवंश जगत्प्रदीप, मेरे लिये करहि शांति सदा अनूप।।5।।

इन्द्रवज्रा

संपूजकों को प्रतिपालकों को, यतीनकों और यतिनायकों को।
राजा–प्रजा राष्ट्रसुदेश को ले, कीजे सुखी हे जिन शांति को दे।।6।।

स्रग्धरा छन्द

होवे सारी प्रजा को सुख बलयुत हो धर्मधारी नरेशा।
होवे वर्षा समै पै तिलभर न रहें व्याधियों का अन्देशा।।
होवे चोरी न जारी सुसमय वरतै हो न दुष्काल भारी।
सारे ही देश धारै जिनवर वृषको जो सदा सौख्यकारी।।7।।

दोहा – **घातिकर्म जिन नाश करि, पायो केवलराज।**
शांति करो सब जगत में वृषभादिक जिनराज।।8।।

अथेष्टक प्रार्थना (मन्दाक्रान्ता)

शास्त्रों का हो पठन सुखदा लाभ सत्संगति का।
सद्वृत्तों का सुजस कहके, दोष ढाकूँ सभी का।।
बोलूँ प्यारे वचन हित के, आपका रूप ध्याऊँ ।
तो लों सेऊँ चरण जिनके मोक्ष जौलो न पाऊँ।।1।।

आर्य्या

तब पद मेरे हियमें, मम हिय तेरे पुनीत चरणों में।
तबलौ लीन रहौ प्रभु, जबलौ न पाया मुक्ति पद मैंनें ।।10।।

अक्षर पद मात्रा से, दूषित जो कछु कहा गया मुझसे।
क्षमा करो प्रभु सो सब, करुणा करि पुनि छुड़ाओ भव दुःख से।।11।।

हे जगबन्धु! जिनेश्वर पाऊँ, तव चरण शरण बलिहारी।
मरण समाधि सुदुर्लभ कर्मोंका क्षय सुबोध सुखकारी।।12।।

(परिपुष्पांजलि क्षेपण)

विसर्जन

बिन जाने वा जानके, रही टूट जो कोय।
तुम प्रसाद ते परमगुरु, सो सब पूरण होय।।1।।

पूजनविधि जानूँ नहीं, नहीं जानूँ आह्वान।
और विसर्जन हूँ नहीं, क्षमा करहु भगवान।।2।।

मंत्रहीन धनहीन हूँ, क्रियाहीन जिनदेव।
क्षमा करहु राखहु मुझे, देहु चरणकी सेव।।3।।

आये जो-जो देवगण, पूजे भक्ति प्रमान।
ते सब मेरे मन बसो,चौबीसों भगवान।।4।।

श्री जिनवर की आशिका, लीजे शीश चढ़ाय।
भव-भव के पातक कटें, दुःख दूर हो जाय।।

श्री बीस तीर्थंकर पूजा भाषा

दीप अढ़ाई मेरु पन, सब तीर्थंकर बीस।
तिन सबकी पूजा करूँ, मन-वच-तन धरि शीस।।

ॐ ह्रीं विद्यमानविंशति-तीर्थंकराः ! अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वानम्।
ॐ ह्रीं विद्यमानविंशति-तीर्थंकराः ! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्।
ॐ ह्रीं विद्यमानविंशति-तीर्थंकराः ! अत्र मम् सन्निहितो भव भव वषट्। सन्निधिकरण्।

।। अथाष्टक।।

इन्द्र फणीन्द्र नरेन्द्र वंद्य, पद निर्मलधारी,
शोभनीक संसार, सारगुण हैं अविकारी।
क्षीरोदधि सम नीरसों (हो), पूजों तृषा निवार,
सीमंधर जिन आदि दे, बीस विदेह मँझार।
श्री जिनराज हो, भव तारण तरण जहाज।।1।।

ॐ ह्रीं विद्यमानविंशति-तीर्थंकरेभ्यो जन्म-जरा-मृत्यु विनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

तीन लोक के जीव, पाप आताप सताये,
तिनकों साता दाता, शीतल वचन सुहाये।
बावन चंदनसों जजूं (हो), भ्रमन- तपन निरवार,
सीमंधर जिन आदि दे, बीस विदेह मँझार।
श्री जिनराज हो, भव तारण तरण जहाज।।2।।

ॐ ह्रीं विद्यमानविंशति तीर्थंकरेभ्यो भवतापविनाशनाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

यह संसार अपार, महासागर जिनस्वामी,
तातैं तारे बड़ी, भक्ति नौका जग नामी।

तन्दुल अमल सुगंधसों (हो), पूजों तुम गुणसार,
सीमंधर जिन आदि दे, बीस विदेह मँझार।
श्री जिनराज हो, भव तारण तरण जहाज।।3।।

ॐ ह्रीं विद्यमानविंशति तीर्थंकरेभ्योअक्षयपदप्राप्तये अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

भविक-सरोज-विकाश, निंद्य-तम-हर रविसे हो,
जति श्रावक आचार, कथन को, तुम ही बड़े हो।
फूलसुवास अनेकसों (हो), पूजों मदन प्रहार,
सीमंधर जिन आदि दे, बीस विदेह मँझार।
श्री जिनराज हो, भव तारण तरण जहाज।।4।।

ॐ ह्रीं विद्यमानविंशति तीर्थंकरेभ्यो कामबाणविध्वंसनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

काम नाग विषधाम, नाशको गरुड़ कहे हो,
क्षुधा महादव- ज्वाल, तासको मेघ लहे हो।
नेवज बहुघृत मिष्टसों (हो), पूजों भूख विडार,
सीमंधर जिन आदि दे, बीस विदेह मँझार।
श्री जिनराज हो, भव तारण तरण जहाज।।5।।

ॐ ह्रीं विद्यमानविंशति तीर्थंकरेभ्यो क्षुधारोगविनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

उद्यम होन न देत, सर्व जग मांहिं भर्‌यो है,
मोह महातम घोर, नाश परकाश कर्‌यो है।
पूजों दीप प्रकाशसों (हो), ज्ञान ज्योति करतार,
सीमंधर जिन आदि दे, बीस विदेह मँझार।
श्री जिनराज हो, भव तारण तरण जहाज।।6।।

ॐ ह्रीं विद्यमानविंशति तीर्थंकरेभ्यो मोहान्धकार विनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

कर्म आठ सब काठ, भार विस्तार निहारा,
ध्यान अगनि कर प्रकट, सब कीनो निरवारा।
धूप अनुपम खेवतें (हो), दुःख जलैं निरधार,
सीमंधर जिन आदि दे, बीस विदेह मँझार।
श्री जिनराज हो, भव तारण तरण जहाज।।7।।

ॐ ह्रीं विद्यमानविंशति तीर्थंकरेभ्यो अष्टकर्म दहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

मिथ्यावादी दुष्ट, लोभऽहंकार भरे हैं,
सबको छिन में जीत, जैन के मेरु खरे हैं।
फल अति उत्तमसों जजों (हो), वांछित फलदातार,
सीमंधर जिन आदि दे, बीस विदेह मँझार।
श्री जिनराज हो, भव तारण तरण जहाज।।8।।

ॐ ह्रीं विद्यमानविंशति तीर्थंकरेभ्यो मोक्षफल प्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा।

जल फल आठों दर्व, अरघ कर प्रीति धरी है,
गणधर इन्द्रनिहू तैं, थुति पूरी न करी है।
द्यानत सेवक जानके (हो), जगतैं लेहु निकार,
सीमंधर जिन आदि दे, बीस विदेह मँझार।
श्री जिनराज हो, भव तारण तरण जहाज।।9।।

ॐ ह्रीं विद्यमानविंशति तीर्थंकरेभ्यो अनर्घ्यपदप्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जयमाला

सोरठा

ज्ञान सुधाकर चंद, भविक खेत हित मेघ हो,
भ्रम-तम-भान अमंद, तीर्थंकर बीसों नमों।

चौपाई 16 की मात्रा

सीमंधर सीमंधर स्वामी, जुगमंधर जुगमंधर नामी।
बाहु बाहु जिन जग जन तारे, करम सुबाहु बाहुबल दारे।1।

जात सुजातं केवलज्ञानं, स्वयंप्रभु प्रभु स्वयं प्रधानं।
बृषभानन ऋषिभानन दोषं, अनंतवीरज वीरजकोषं।2।

सौरीप्रभ सौरीगुणमालं, सुगुण विशाल विशाल दयालं।
वज्रधार भवगिरि वज्जर हैं, चंद्रानन चंद्रानन वर हैं।3।

भद्रबाहु भद्रनि के करता, श्रीभुजंग भुजंगम हरता।
ईश्वर सबके ईश्वर छाजैं, नेमिप्रभु जस नेमि विराजैं।4।

वीरसेन वीरं जग जाने, महाभद्र महाभद्र बखाने।
नमों जसोधर जसधरकारी, नमों अजितवीरज बलधारी।5।

धनुष पाँच सो काय विराजै, आयु कोडि पूरब सब छाजै।
समवशरण शोभित जिनराजा, भव जल तारनतरन जिहाजा।6।

सम्यक्रत्नत्रय निधिदानी, लोकालोकप्रकाशक ज्ञानी।
शतइन्द्रानि कर वंदित सोहैं, सुर नर पशु सबके मन मोहैं।7।

दोहा

तुमको पूजैं वंदना, करैं धन्य नर सोय।
द्यानत सरधा मन धरै, सो भी धरमीहोय।।

ॐ ह्रीं विद्यमानविंशति तीर्थंकरेभ्यो महाअर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

इत्याशीर्वाद

श्री सिद्ध पूजा

(आचार्य पद्मनन्दी कृत)

ऊर्ध्वाधोरयुतं सबिन्दु सपरं ब्रह्मा-स्वरावेष्टितं,
वर्गापूरित-दिग्गताम्बुज-दलं तत्संधि-तत्त्वान्वितम्
अंतः पत्र-तटेष्वनाहत- युतं ह्रींकार-सवेष्टितं।
देवं ध्यायति यः स मुक्ति सुभगो वैरीभ कंठी रवः।।1।।

ॐ ह्रीं श्री सिद्धचक्राधिपतये ! सिद्धपरमेष्ठिन् ! अत्र अवतर अवतर संवौषट्।
ॐ ह्रीं श्री सिद्धचक्राधिपतये ! सिद्धपरमेष्ठिन् ! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः। स्थापनम्।
ॐ ह्रीं श्री सिद्धचक्राधिपतये ! सिद्धपरमेष्ठिन् ! अत्र मम् सन्निहितो भव भव वषट सन्निधिकरणं।

निरस्त- कर्म- सम्बन्धं सूक्ष्मं नित्यं निरामयम्।
वन्देऽहं परमात्मानममूर्त्तमनुपद्रवम्।।1।।

(यह पढ़कर थाली में पुष्प छोड़ना चाहिए)

सिद्धौ निवासमनुगं परमात्म-गम्यं
हान्यादि भावरहितं भव-वीत-कायम्।
रेवापगा- वर-सरो- यमुनोद्भवानां
नीरैर्यजे कलशगै-र्वरसिद्ध-चक्रम्।।1।।

ॐ ह्रीं श्री सिद्धचक्राधिपतये सिद्धपरमेष्ठिन् जन्मजरामृत्यु विनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

आनन्द-कन्द-जनकं घन-कर्म-मुक्तं
सम्यकत्व-शर्म-गरिमं जननार्तिवीतम्।
सौरभ्य-वासित-भुवं हरि-चन्दानानां
गन्धैर्यजे परिमलैर्वर-सिद्ध चक्रम्।।2।।

ॐ ह्रीं श्री सिद्धचक्राधिपतये सिद्धपरमेष्ठिन् संसारतापविनाशनाय चंदनं नि.स्वाहा।

सर्वावगाहन–गुणं सुसमाधि–निष्ठं
सिद्धं स्वरूप–निपुणं कमलं विशालम्।
सौगन्ध्य–शालि–वनशालि–वराक्षतानां
पुंजैर्यजे–शशिनिभैर्वरसिद्धचक्रम् ।।3 ।।

ॐ ह्रीं श्री सिद्धचक्राधिपतये सिद्धपरमेष्ठिन् अक्षयपदप्राप्तये अक्षतान् नि.स्वाहा।

नित्यं स्वदेह – परिमाणमनादिसंज्ञं
द्रव्यानपेक्षममृतं मरणाद्यतीतम्।
मन्दार–कुन्द–कमलादि–वनस्पतीनां
पुष्पैर्यजे शुभतमै–र्वरसिद्धचक्रम् ।।4 ।।

ॐ ह्रीं श्री सिद्धचक्राधिपतये सिद्धपरमेष्ठिन् कामबाणविध्वंसनाय पुष्पं नि.स्वाहा।

ऊर्द्ध–स्वभाव–गमनं सुमनो–व्यपेतं
ब्रह्मादि–बीज–सहितं गगनावभासम्।
क्षीरान्न–साज्य–वटकै रसपूर्णगर्भै–
नित्यं यजे चरुवरैर्वरसिद्धचक्रम् ।।5 ।।

ॐ ह्रीं श्री सिद्धचक्राधिपतये सिद्धपरमेष्ठिन् क्षुधारोगविनाशनाय नैवेद्यं नि.स्वाहा।

आतंङ्क–शोक–भयरोग–मद प्रशान्तं
निर्द्वन्द–भाव–धरणं महिमा–निवेशम्।
कर्पूर–वर्ति–बहुभिः कनकावदातै–
र्दीपैर्यजे रुचिवरैर्वरसिद्धचक्रम् ।।6 ।।

ॐ ह्रीं श्री सिद्धचक्राधिपतये सिद्धपरमेष्ठिन् मोहान्धकारविनाशनाय दीपं नि.स्वाहा।

पश्यन्समस्त – भुवनं युगपन्नितान्तं
त्रैकाल्य–वस्तु–विषये निविड–प्रदीपम्।
सद् द्रव्यगन्ध – घनसार – विमिश्रितानां
धूपैर्यजे परिमलैर्वर–सिद्धचक्रम् ।।7 ।।

ॐ ह्रीं श्री सिद्धचक्राधिपतये सिद्धपरमेष्ठिन् अष्टकर्मदहनाय धूपं नि.स्वाहा।

सिद्धासुरादिपति – यक्ष – नरेन्द्रचक्रैः –
ध्येयं शिवं सकल–भव्य–जनैः सुवन्द्यम्।
नारंङ्गि– पूग– कदली– फलनारिकेलैः
सोऽहं यजे वरफलैर्वरसिद्ध चक्रम् ।।8 ।।

ॐ ह्रीं श्री सिद्धचक्राधिपतये सिद्धपरमेष्ठिन् मोक्षफलप्राप्तये फलं नि.स्वाहा।

गन्धाढ्यं सुपयो मधुव्रत–गणैः सङ्गं वरं चंदनं,
पुष्पौघं विमलं सदक्षत–चयं रम्यं चरुं दीपकम्।
धूपं गन्धयुतं ददामि विविधं श्रेष्ठं फलं लब्धये,
सिद्धानां युगपत्क्रमाय विमलं सेनोत्तरं वाञ्छितम् ।।9 ।।

ॐ ह्रीं श्री सिद्धचक्राधिपतये सिद्धपरमेष्ठिन् अनर्घ्यपदप्राप्तये निर्वपामीति स्वाहा।

ज्ञानोपयोगविमलं विशदात्मरूपं
सूक्ष्म–स्वभाव–परं यदनन्तवीर्यम्।
कर्मौघ–कक्ष–दहनं सुख–शस्यबीजं
वन्दे सदा निरुपमं वर–सिद्धचक्रम् ।।10 ।।

ॐ ह्रीं श्री सिद्धचक्राधिपतये सिद्धपरमेष्ठिन् महार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

त्रैलोक्येश्वर–वन्दनीय–चरणाः प्रापुः श्रियं शाश्वतीं
यानाराध्य निरुद्ध–चण्ड–मनसः सन्तोऽपि तीर्थंकराः।
सत्सम्यक्त्व–विबोध–वीर्य्य–विशदाऽव्याबाधताद्यैर्गुणै–
र्युक्तांस्तानिह तोष्टवीमि सततं सिद्धान् विशुद्धोदयान् ।।11 ।।

अथ जयमाला

विराग सनातन शांत निरंश, निरामय निर्भय निर्मल हंस।
सुधाम विबोध–निधान विमोह प्रसीद विशुद्ध सुसिद्ध–समूह ।1।

विदूरित-संसृति-भाव निरंग, समामृत-पूरित देव विसंग।
अबंध कषाय-विहीन विमोह, प्रसीद विशुद्ध सुसिद्ध-समूह।2।

निवारित-दुष्कृतकर्म-विपाश, सदामल-केवल-केलि-निवास।
भवोदधि-पारग शांत विमोह, प्रसीद विशुद्ध सुसिद्ध-समूह।3।

अनंत-सुखामृत-सागर-धीर, कलंक-रजो-मल-भूरि-समीर।
विखण्डित-कामविराम-विमोह, प्रसीद विशुद्ध सुसिद्ध-समूह।4।

विकार विवर्जित तर्जितशोक, विबोध-सुनेत्र-विलोकित-लोक।
विहार विराव विरंग विमोह, प्रसीद विशुद्ध सुसिद्ध-समूह।5।

रजोमल-खेद विमुक्त विगात्र, निरन्तर नित्य सुखामृत-पात्र।
सुदर्शन राजित नाथ विमोह, प्रसीद विशुद्ध सुसिद्ध-समूह।6।

नरामर-वंदित निर्मल-भाव, अनंत-मुनीश्वर पूज्य विहाव।
सदोदय विश्व महेश विमोह, प्रसीद विशुद्ध सुसिद्ध-समूह।7।

विदंभ वितृष्ण विदोष विनिद्र, परापरशंकर सार वितेंद्र।
विकोप विरूप विशंक विमोह, प्रसीद विशुद्ध सुसिद्ध-समूह।8।

जरा-मरणोज्झित-वीत-विहार, विचिंतित निर्मल निरहंकार।
अचिन्त्य-चरित्र विदर्प विमोह, प्रसीद विशुद्ध सुसिद्ध-समूह।9।

विवर्ण विगंध विमान विलोभ, विमाय विकाय विशब्द विशोभ।
अनाकुल केवल सर्व विमोह, प्रसीद विशुद्ध सुसिद्ध-समूह।10।

मालिनी

असम-समयसारं चारु-चैतन्य चिन्हं,
पर-परणति-मुक्तं पद्मनंदीन्द्र-वन्द्यम्।
निखिल-गुण-निकेतं सिद्धचक्रं विशुद्धं,
स्मरति नमति यो वा स्तौति सोऽभ्येति मुक्तिम्।1।

ॐ ह्रीं सिद्धचक्राधिपतये सिद्धपरमेष्ठिभ्यो पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

अडिल्ल छंद

अविनाशी अविकार परम-रस-धाम हो,
समाधान सर्वज्ञ सहज अभिराम हो।
शुद्धबुद्ध अविरुद्ध अनादि अनंत हो,
जगत-शिरोमणि सिद्ध सदा जयवंत हो।1।

ध्यान अग्निकर कर्म कलंक सबै दहे,
नित्य निरंजनदेव स्वरूपी ह्वै रहे।
ज्ञायक ज्ञेयाकार ममत्व निवारकैं।
सो परमातम सिद्ध नमूँ सिर नायकैं।।2।।

दोहा

अविचल ज्ञान प्रकाशते, गुण अनन्त की खान।
ध्यान धरैं सो पाइए, परम सिद्ध भगवान।।3।।

अविनाशी आनन्द मय, गुण पूरण भगवान।
शक्ति हिये परमात्मा, सकल पदारथ ज्ञान।।4।।

इत्याशीर्वाद ।।पुष्पांजलि।।

।। विशद वाणी ।।

Jwé {eî` H$m ZmVm Hw$N>r AOr~ hmoVm h¡Ÿ&
IyZ Ho$ [aíVm| go ^r Á`mXm H$ar~ hmoVm h¡Ÿ&&
ha {H$gr H$mo `h gm¡^m½` Zht {_bVmŸ&
Cgr H$mo {_bVm {OZH$m AÀN>m Zgrµ~ hmoVm h¡Ÿ&&

– आचार्य विशदसागर

समुच्चय चौबीसी जिनपूजा

वृषभ अजित संभव अभिनंदन, सुमति पद्म सुपार्श्वजिनराय।
चन्द्र पुष्प शीतल श्रेयांस जिन, वासुपूज्य पूजित सुरराय।।
विमल अनंत धर्मजस उज्ज्वल, शांति-कुन्थु अरह मल्लिमनाय।
मुनिसुव्रत नमि नेमि पार्श्वप्रभु, वर्द्धमान पद पुष्प चढ़ाय।।

ॐ ह्रीं श्री वृषभादि-महावीरांत-चतुर्विंशति-जिन-समूह ! अत्र अवतर अवतर संवौषट् इति आह्वाननम्। ॐ ह्रीं श्री वृषभादि-वीरांत-चतुर्विंशतिजिनसमूह ! अत्र तिष्ठ-तिष्ठ ठः ठः स्थापनं। ॐ ह्रीं श्री वृषभादि-वीरांत-चतुर्विंशति-जिन समूह ! अत्र मम् सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणं।

मुनिमन सम उज्ज्वल नीर, प्रासुक गंध भरा।
भरि कनक कटोरी धीर, दीनी धार धरा।
चौबीसों श्रीजिनचन्द, आनन्दकन्द सही।
पद जजत हरत भवफंद, पावत मोक्ष मही।।1।।

ॐ ह्रीं श्री वृषभादि-महावीरांतेभ्यो जन्म-जरा-मृत्यु विनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

गोशीर कपूर मिलाय, केशर रंगभरी।
जिनचरनन देत चढ़ाय, भव आताप हरी।। चौबीसों...2।।

ॐ ह्रीं श्री वृषभादि-महावीरांतेभ्यो भव-ताप विनाशनाय चन्दनं नि.स्वाहा।

तंदुल सित सोम समान, सुन्दर अनियारे।
मुक्ताफल की उनमान, पुंजधरौं प्यारे।। चौबीसों...3।।

ॐ ह्रीं श्री वृषभादि-महावीरांतेभ्योऽक्षयपदप्राप्तये अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

वरकंज कदंब कुरंड, सुमन सुगंध भरे।
जिन अग्र धरौं गुणमंड, काम कलंक हरे।। चौबीसों...4।।

ॐ ह्रीं श्री वृषभादि-महावीरांतेभ्यो कामबाणविध्वंसनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

मन मोहन मोदक आदि, सुन्दर सद्य बने।
रसपूरित प्रासुक स्वाद, जजत क्षुधादि हने।। चौबीसों...5।।

ॐ ह्रीं श्री वृषभादि-महावीरांतेभ्यो क्षुधारोग विनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

तमखंडन दीप जगाय, धारों तुम आगे।
सब तिमिर मोह क्षय जाय, ज्ञानकला जागै।। चौबीसों...6।।

ॐ ह्रीं श्री वृषभादि-महावीरांतेभ्यो मोहान्धकार-विनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

दशगंध हुताशन मांहि, हे प्रभु खेवत हों।
मिस धूम करम जरि जाहिं, तुम पद सेवत हों।। चौबीसों...7।।

ॐ ह्रीं श्री वृषभादि-महावीरांतेभ्योऽष्टकर्मदहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

शुचि पक्व सुरस फल सार, सब ऋतु के ल्यायो।
देखत दृग मन को प्यार, पूजत सुख पायो।। चौबीसों...8।।

ॐ ह्रीं श्री वृषभादि-महावीरांतेभ्यो मोक्षफल-प्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा।

जल फल आठों शुचि सार, ताको अर्घ करो।
तुमको अरपों भवतार, भव तरि मोक्ष वरों।। चौबीसों...9।।

ॐ ह्रीं श्री वृषभादि-महावीरांतेभ्यो चतुर्विंशतितीर्थंकरेभ्योऽनर्घ-पदप्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जयमाला

दोहा- **श्रीमत तीरथनाथपद; माथ नाय हित हेत।**
गाऊँ गुणमाला अबै; अजर अमरपद देत।।1।।

धत्ता

जय भवतम भंजन जनमनकंजन, रंजन दिनमनि स्वच्छ करा।
शिव मग परकाशक अरिगन नाशक, चौबीसों जिनराज वरा।।2।।

।। पद्धरि छन्द।।

जय ऋषभदेव ऋषिगण नमंत, जय अजित जीत वसु अरि तुरन्त।
जय संभव भव भय करत चूर, जय अभिनन्दन आनन्दपूर।।3।।

जय सुमति सुमतिदायक दयाल, जय पद्म पद्मदुति तन रसाल।
जय जय सुपार्श्व भवपास नाश, जय चंद चंदतनदुति प्रकाश।।4।।

जय पुष्पदंत दुतिदंत सेत, जय शीतल शीतल गुण निकेत।
जय श्रेयनाथ नुतसहस भुज्ञ, जय वासवपूजित वासुपुज्ज।।5।।

जय विमल विमलपद देनहार, जय जय अनंत गुणगण अपार।
जय धर्म धर्म शिवशर्म देत, जय शांति शांति पुष्टि करेत।।6।।

जय कुन्थु कुन्थुआदित रखेय, जय अर जिन वसुअरि क्षय करेय।
जय मल्लि मल्ल हतमोह मल्ल, जय मुनिसुव्रत व्रतशल्ल दल्ल।।7।।

जय नमि नित वासव नुत सपेम, जय नेमिनाथ वृषचक्रनेम।
जय पारसनाथ अनाथनाथ, जय वर्द्धमान शिवनगर साथ।।

घत्ता– **चौबीस जिनंदा, आनंदकंदा–पापनिकंदा सुखकारी।**
तिनपद जुगचंदा उदय अमंदा, वासव वंदा हितकारी।।

ॐ ह्रीं वृषभादिचतुर्विंशतिजिनेभ्योः महार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

सोरठा – **भुक्ति मुक्ति दातार, चौबीसों जिनराज वर।**
तिन पद मन वच धार, जो पूजै सो शिव लहै।।

इत्याशीर्वादः पुष्पांजलि क्षिपेत्

श्री आदिनाथ जिनपूजन

नाभिराय मरुदेवि के नन्दन, आदिनाथ स्वामी महाराज।
सर्वार्थसिद्धितै आप पधारे, मध्यलोक मांहि जिनराज।।
इन्द्रदेव सब मिलकर आये, जन्म महोत्सव करने काज।
आह्वानन सब विधि मिल करके, अपने कर पूजैं प्रभु पाय।।

ॐ ह्रीं श्री आदिनाथ जिनेन्द्राय ! अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वाननम्।

ॐ ह्रीं श्री आदिनाथ जिनेन्द्राय ! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनं।

ॐ ह्रीं श्री आदिनाथ जिनेन्द्राय ! अत्र मम् सन्निहितो भव भव वषट् सान्निधिकरणं।

क्षीरोदधिको उज्जवल जल ले, श्रीजिनवर पद पूजन जाय।
जन्म–जरा दुःख मेटन कारन, ल्याय चढ़ाऊं प्रभुजी के पांय।।
श्रीआदिनाथजी के चरण–कमल पर, बलि–बलि जाऊँ मनवचकाय।
हो करुनानिधि भवदुःख मेटो, यातैं मैं पूजों प्रभु पाय।।

ॐ ह्रीं श्री आदिनाथ जिनेन्द्राय जन्मजरामृत्युविनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

मलयागिरी चंदन दाह निकन्दन, कंचनझारी में भर ल्याय।
श्रीजी के चरण चढ़ावो भविजन, भव आताप तुरत मिट जाय।।
श्री आदि... ।।चंदनं।।

शुभशालि अखंडित सौरभ–मंडित, प्रासुकजलसौं धोकर ल्याय।
श्रीजी के चरण चढ़ावो भविजन, अक्षय पद को तुरत उपाय।।
श्री आदि... ।।अक्षतान्।।

कमल केतकी बेल चमेली, श्रीगुलाब के पुष्प मंगाय।
श्रीजी के चरण चढ़ावो भविजन, कामबाण तुरत नसि जाय।।
श्री आदि... ।।पुष्पं।।

नेवज लीना षट् रस भीना श्रीजिनवर आगे धरवाय।
थाल भराऊँ क्षुधा नशाऊँ, जिन गुण गावत मन हरषाय ।।
श्री आदि... ।।नैवेद्यं।।

जगमग जगमग होत दशो दिश, ज्योति रही मंदिर में छाय।
श्रीजीके सन्मुख करत आरती, मोह तिमिर नासै दुःखदाय।।
श्री आदि... ।।दीपं।।

अगर कपूर सुगन्ध मनोहर, चंदन कूट सुगन्ध मिलाय।
श्रीजीके सन्मुख खेय धुपायन, कर्म जरे चहूँ गति मिट जाय।।
श्री आदि... ।।धूपं.।।

श्रीफल और बादाम सुपारी, केला आदि छुहारा ल्याय।
महामोक्ष–फल पावन कारन, ल्याय चढ़ाऊँ प्रभुजी के पाँय।।
श्री आदि...।।फलं.।।

शुचि निरमल नीरं गंध सुअक्षत पुष्प चरु ले मन हरषाय।
दीप धूप फल अर्घ सु लेकर, नाचत ताल मृदंग बजाय।।
श्री आदि... ।।अर्घं.।।

पंचकल्याणक

सर्वार्थसिद्धितैं चये, मरु देवी उर आय।
दोज असित आषाढ़ की, जजूँ तिहारे पाय।।

ॐ ह्रीं आषाढ़कृष्णाद्वितीयायां गर्भ कल्याणक प्राप्ताय श्रीआदिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

चैत्र वदी नौमी दिना, जन्म्या श्री भगवान।
सुरपति उत्सव अति करा, मैं पूजो धरि ध्यान।।

ॐ ह्रीं चैत्रकृष्णानवम्यां जन्म कल्याणक...अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

तृणव्रत ऋद्धि सब छांडिके तप धारयो बन जाय।
नौमी चैत्र असेत की, जजूँ तिहारे पांय।।

ॐ ह्रीं चैत्रकृष्णानवम्यां तप कल्याणक...अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

फाल्गुन वदि एकादशी, उपज्यो केवल ज्ञान।
इन्द्र आय पूजा करी, मैं पूजों इह थान।।

ॐ ह्रीं फाल्गुनकृष्णा एकादश्यां ज्ञानकल्याणक...अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

माघ चतुर्दशि कृष्ण की, मोक्ष गये भगवान।
भवि जीवों को बोधि के, पहुँचे शिवपुर थान।।

ॐ ह्रीं माघकृष्णाचतुर्दश्यां मोक्षकल्याणक...अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जयमाला

आदीश्वर महाराज मैं विनती तुमसे करूँ।
चारो गति के मांहि मैं दुःख पायो सो सुनो।।

अष्ट कर्म मैं एकलो, यह दुष्ट महादुःख देत हो।
कबहुँ इतर निगोद में मोकूँ, पटकत करत अचेत हो।।
म्हारी दीनतणी सुन विनती।।1।।

प्रभु कबहुँक पटक्यो नरक में, जठैं जीव महादुःख पाय हो।
निष्ठुर निरदई नारकी, जठै करत परस्पर घात हो। म्हारी.

प्रभु नरकतणा दुःख अब कहु, जठै करत परस्पर घात हो।
कोइयक बांध्यो खंभसो, पापी दे मुदंगर की मार हो। म्हारी.

कोइयक काटे करोत सों, पापी अंगतणी दोय फाड़ हो।
प्रभु यह विधि दुःख भुगत्या घणा, फिर गति पाई तिरयंच हो। म्हारी.

हिरण बकरा बाछड़ा, पशु दीन गरीब अनाथ हो।
पकड़ कसाई जाल में, पापी काट काट तन खाय हो।
प्रभु मैं ऊंट बलद भैंसा भयो, ज्यापै लादियो भार अपार हो। म्हारी.

नहिं चाल्यो जब गिर परयो, पापी दे सोटन की मार हो।
प्रभु कोइयक पुण्य संजोग सु मैं तो पायो स्वर्ग निवास हो। म्हारी.

देवांगना संग रमि रह्यो, जठै भोगनि को परिताप हो।
प्रभुसंग अप्सरा रमि रह्यो, कर कर अति अनुराग हो। म्हारी.

कबहुँक नंदनवन–विषै प्रभु, कबहुँक वन गृह मांहि हो।
प्रभु यहि विधिकाल गमायकै, फिर मालागई मुरझाय हो। म्हारी.

देव थिति सब घट गई, फिर उपज्यो सोच अपार हो।
सोच करता तन खिर पड्यो, फिर उपज्यो गरभ में जाय हो। म्हारी.

प्रभु गर्भतणा दुःख अब कहूँ, जठै सकुड़ाई की ठौर हो।
हलन–चलन नहिं कर सक्यो जठै, सघनकीच घनघोर हो। म्हारी.

माता खावै चरपरो, फिर लागै तन संताप हो।
प्रभु ज्यो जननी तातो भखै, फिर उपजे तन संताप हो। म्हारी.

औंधे मुख झूल्यो रह्यो, फेक निकसन कौन उपाय हो।
कठिन–2 कर निसरयो जैसे, निसरैं जंत्रीमें तार हो। म्हारी.

प्रभु फिर निकसत ही धरत्यां पड्यो, फिर लागी भूख अपार हो।
रोय रोय बिलख्यो घणो, दुःख वेदन को नाहिं पार हो। म्हारी.

प्रभु दुःख मेटन समरथ धनी, यातैं लागूँ तिहारे पाय हो।
सेवक अरज करै प्रभु! मोकूँ, भवोदधि पार उतार हो। म्हारी.

दोहा – **श्रीजी की महिमा अगम है, कोई न पावै पार।**
मैं मति अल्प अज्ञान हूँ, कौन करै विस्तार।।

ॐ ह्रीं श्री आदिनाथ जिनेन्द्राय अनर्घपद प्राप्तये महार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दोहा– **विनती ऋषभ जिनेश की, जो पढ़सी मन लाय।**
स्वर्गों में संशय नहीं, निश्चय शिवपुरजाय।।

पुष्पांजलिं क्षिपेत्

श्री चंद्रप्रभ जिनपूजन

चारुचरन आचरन, चरन चित्त–हरन चिह्नचर,
चन्द–चन्द–तनचरित, चंदथल चहत चतुर नर।
चतुक चण्ड–चकचूरि, चारि चिदचक्र गुनाकर,
चंचल चलित सुरेश, चूलनुत चक्र धनुरधर।।
चर अचर हितू तारन तरन, सुनत चहकि चिर नंद शुचि।
जिनचंद चरन चरच्यो चहत, चितचकोर नचि रच्चि रुचि।।
धनुष डेढ़ सौ तुंग तन, महासेन, नृपनन्द।
मातु लछमना उर जये, थापों चन्द जिनन्द।।

ॐ ह्रीं श्रीचन्द्रप्रभजिनेन्द्र ! अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वानन् । अत्र तिष्ठतिष्ठ ठः ठः स्थापनं। अत्र मम् सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणम् ।

(छन्द अवतार)

गंगाह्रद निरमल नीर, हाटक भृंग भरा,
तुम चरन जजों वर वीर, मेटो जनम जरा।
श्रीचंद्रनाथ दुति चंद, चरनन चंद लगे,
मन वच तन जजत अमंद, आतम जोति जगै।।

ॐ ह्रीं श्रीचन्द्रप्रभजिनेन्द्राय जन्मजरामृत्युविनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री खण्ड कपूर सुचंग, केशर रंग भरी।
घसि प्रासुक जल के संग,भवआताप हरी ।।श्री.।।

ॐ ह्रीं श्रीचन्द्रप्रभजिनेन्द्राय भवातापविनाशनाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

तन्दुल सित सोम समान,सो ले अनियारे।
दिय पुंज मनोहर आन, तुम पदतर प्यारे।।श्री.।।

ॐ ह्रीं श्रीचन्द्रप्रभजिनेन्द्राय अक्षयपदप्राप्तये अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

सुरद्रुम के सुमन सुरंग, गन्धित अलि आवै।
तासों पद पूजत चंग, कामबिथा जावै।।श्री.।।

ॐ ह्रीं श्रीचन्द्रप्रभजिनेन्द्राय कामबाणविध्वंसनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

नेवज नाना परकार, इन्द्रिय बलकारी।
सो लै पद पूजों सार, आकुलता हारी।।श्री.।।

ॐ ह्रीं श्रीचन्द्रप्रभजिनेन्द्राय क्षुधारोगविनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

तम भंजन दीप संवार, तुम ढिग धारतु हों।
मम् तिमिरमोह निरवार, यह गुन धारतु हों।।श्री.।।

ॐ ह्रीं श्रीचन्द्रप्रभजिनेन्द्राय मोहान्धकारविनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

दशगंध हुतासन माहिं, हे प्रभु! खेवतु हों।
मम् करम दुष्टजरि जाहिं, यातैं सेवतु हों।।श्री.।।

ॐ ह्रीं श्रीचन्द्रप्रभजिनेन्द्राय अष्टकर्मदहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

अति उत्तम फल सुमंगाय तुम गुण गावतु हौं।
पूजों तन मन हरषाय, विघन नशावतु हौं।।श्री.।।

ॐ ह्रीं श्रीचन्द्रप्रभजिनेन्द्राय मोक्षफलप्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा।

सजि आठों दरब पुनीत, आठों अंग नमो।
पूजों अष्टम जिनमीत, अष्टमअवनी गमों।।श्री.।।

ॐ ह्रीं श्रीचन्द्रप्रभजिनेन्द्राय अनर्घपदप्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

पंच कल्याणक अर्घ

(तोटक छन्द)

कलि पंचम चैत सुहात अली, गरभागम मंगल मोद भरी।
हरि हर्षित पूजत मातु पिता, हम ध्यावत पावत शर्वसिता।।

ॐ ह्रीं चैत्रकृष्णपंचम्यां गर्भमंगलप्राप्ताये श्रीचन्द्रप्रभजिनेन्द्राय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

कलिपौष इकादशि जन्मलयो, तब लोकविषे सुखथोक भयो।
सुर ईश जजें गिरशीश तबै, हम पूजत हैं नुतशीश अबै।।

ॐ ह्रीं पौषकृष्णैकादश्यां जन्ममंगलप्राप्ताये श्रीचन्द्रप्रभजिनेन्द्राय अर्घं नि.स्वाहा।

तप दुद्धर श्रीधर आप धरा, कलिपौष ग्यारसि पर्व वरा।
निज ध्यानविषैं लवलीन भये, धनि सो दिन पूजत विघ्न गये।।

ॐ ह्रीं पौषकृष्णैकादश्यां तपः कल्याणकप्राप्ताये श्रीचन्द्रप्रभजिनेन्द्राय अर्घं नि.स्वाहा।

वर केवलभानु उद्योत कियो, तिहुँ लोक तणों भ्रम मेट दियो।
कलिफाल्गुन सप्तमी इन्द्रजजे, हम पूजहिं सर्वकलंक भजे।।

ॐ ह्रीं फाल्गुनकृष्णसप्तम्यां केवलज्ञानप्राप्ताये श्रीचन्द्रप्रभजिनेन्द्राय अर्घं नि.स्वाहा।

सित फाल्गुनसप्तमि मुक्तिगये, गुणवन्त अनन्तअबाध भये।
हरि आय जजें तित मोदधरे, हम पूजत ही सब पाप हरे।।

ॐ ह्रीं फाल्गुनकृष्णसप्तम्यां मोक्षमंगलप्राप्ताये श्रीचन्द्रप्रभजिनेन्द्राय अर्घं नि.स्वाहा।

जयमाला

दोहा– **हे मृगांक अंकित चरण, तुम गुण अगम अपार।**
गणधर से नहिं पार लहिं, तौ को वरनत सार।।
पै तुम भगति हिये मम्, प्रेरैं अति उमगाय।
तातैं गाऊँ सुगुण तुम, तुम ही होउ सहाय।।

(पद्धरि छन्द)

जयचन्द्र जिनेन्द्र दयानिधान, भवकानन हानन दवप्रमान।
जय गरभ जनम मंगल दिनन्द भवि जीवविकाशन शर्मकन्द।।
दशलक्ष पूर्व की आयु पाय, मनवांछित सुख भोगे जिनाय।
लखि कारण है जगतैं उदास, चिन्त्यो अनुप्रेक्षा सुख निवास।।
तितलौकांतिक बोध्योनियोग, हरिशिविका सजिधरियो अभोग।
तापै तुम चढ़ि जिन चन्दराय, ता छिनकी शोभा को कहाय।।
जित संग सेत सित चमर ढार, सितछत्र शीस गलगुल कहार।
सिररतनजड़ित भूषण विचित्र,सित चन्द्रचरण चरचैं पवित्र।।
सिततनद्युतिनाकाधीश आप, सितिशिविका काँधे धरि सुचाप।
सित सुजस सुरेश सर्व, सित चित में चिन्तन जात पर्व।।
सितचन्दनगरतैं निकसि नाथ, सितवन में पहुँचे सकल साथ।
सितशिलाशिरोमणिस्वच्छछांह, सिततपतितधार्योतुम जिनाह।।
सित पय को पारण परमसार, सित चन्द्रदत्त दीनों उदार।
सित कर में सो पयधार देत, मानो बाँधत भवसिंधु सेत।।

मानो सुपुण्यधारा प्रतच्छ, तित अचरज पनसुर किय ततच्छ।
फिर जायगहनसिततप करंत, सितकेवलज्योति जग्यो अनंत।।
लहि समवसरण रचना महान, जाके देखत सब पापहान।
जहँ तरु अशोक शौभै उतंग, सब शोकतनो चूरैं प्रसंग।।
सुर सुमनवृष्टि नभतैं सुहात, मनु मन्मथ तजि हथियार जात।
बानी जिन मुखसों खिरत सार, मनु तत्वप्रकाशन मुकुरधार।।
जहाँ चौसठ चमर अमर ढुरंत, मनु सुजसमेघ झरिलगिय तन्त।
सिंहासन है जहँ कमलजुक्त, मनु शिवसरवर को कमलशुक्त।।
दुंदुभि जित बाजत मधुर सार, मनु कमरजीत को है नगार।
सिर छत्र फिरै त्रय श्वेतवर्ण, मनु रतन तीन त्रय-ताप हर्ण।।
तन प्रभातनों मण्डल सुहात, भवि देखत निज भव सात सात।
मनुदर्पणद्युति यह जगमगाय, भविजन भवसुखदेखत सुआय।।
इत्यादि विभूति अनेक जान, बाहिज दीसत महिमा महान।
ताको वरणत नहिं लहत पार, तौ अन्तरंग को कहै सार।।
अनअन्त गुणनि जुत करि विहार, धरमोपदेश दे भव्य तार।
फिर जोगनिरोधि अघाति हान, सम्मेदथकी लिय मुकतिथान।।
'वृन्दावन' वन्दत शीश नाय, तुम जानत हो मम् उर जु भाय।
तातैं का कहों सुबार-बार, मनवांछित कारज सार-सार।।

घत्ता – **जय चन्द जिनंदा आनंदकंदा, भवभय भंजन राजैं हैं।**
रागादिक द्वन्दा हरि सब फन्दा, मुकतिमांहि थिति साजै हैं।।

ॐ ह्रीं श्रीचन्द्रप्रभजिनेन्द्राय महार्घं निर्वपामीति स्वाहा।

आठों दरव मिलाय गाय गुण, जो भविजन जिनचन्द जजैं।
ताकै भवभव के अघ भाजैं, मुक्ति सार सुख ताहि सजैं।।
जमके त्रास मिटें सब ताके, सकल अमंगल दूर भजें।
वृन्दावन ऐसो लखि पूजत, जातैं शिवपुर राज रजैं।

।। पुष्पांजलि क्षिपेत् ।।

श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र पद्मपुरा (बाड़ा) स्थित

श्री पद्मप्रभ पूजा

श्रीधर नन्दन पद्म प्रभु, वीतराग जिन नाथ।
विघ्न हरण मङ्गल करन, नमों जोरि जुग हाथ।।
जन्म महोत्सव के लिए, मिलकर सब सुर राज।
आये कौशाम्बी नगर, पद पूजा के काज।।
पद्मपुरी में पद्मप्रभ, प्रगटे प्रतिमा रूप।
परम दिगम्बर शान्तिमय, छवि साकार अनूप।।
हम सब मिल करके यहां, प्रभु पूजा के काज।
आह्वानन करते सुखद, कृपा करो महाराज।।

ॐ ह्रीं श्री पद्मप्रभ जिनेन्द्र ! अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वाननं।
ॐ ह्रीं श्री पद्मप्रभ जिनेन्द्र ! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्।
ॐ ह्रीं श्री पद्मप्रभ जिनेन्द्र ! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणं।

(अष्टक)

क्षीरोदधि उज्ज्वल नीर, प्रासुक गन्ध भरा।
कंचन झारी में लेय, दीनी धार धरा।।
बाड़ा के पद्म जिनेश, मङ्गल रूप सही।
काटो सब क्लेश महेश, मेरी अर्ज यही।।1।।

ॐ ह्रीं श्री पद्मप्रभ जिनेन्द्राय जन्मजरामृत्यु विनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

चन्दन केशर कर्पूर, मिश्रित गन्ध धरो।
शीतलता के हित देव, भव आताप हरो।। बाड़ा के...।।

ॐ ह्रीं श्री पद्मप्रभ जिनेन्द्राय भवताप विनाशनाय चन्दनं निर्वपामीति स्वाहा।

ले तन्दुल अमल अखण्ड, थाली पूर्ण भरो।
अक्षय पद पावन हेतु, हे प्रभु पाप हरो।। बाड़ा के...।।

ॐ ह्रीं श्री पद्मप्रभ जिनेन्द्राय अक्षय पद प्राप्तये अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

ले कमल केतकी बेल, पुष्प धरूँ आगे।
प्रभु सुनिये हमरी टेर, काम कला भागे।। बाड़ा के...।।

ॐ ह्रीं श्री पद्मप्रभ जिनेन्द्राय कामबाण विध्वंसनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

नैवेद्य तुरत बनवाय, सुन्दर थाल सजा।
मम क्षुधा रोग नश जाय, गाऊँ वाद्य बजा।। बाड़ा के...।।

ॐ ह्रीं श्री पद्मप्रभ जिनेन्द्राय क्षुधारोग विनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

हो जगमग जगमग ज्योति, सुन्दर अनियारी।
ले दीपक श्री जिनचन्द, मोह नशे भारी।। बाड़ा के...।।

ॐ ह्रीं श्री पद्मप्रभ जिनेन्द्राय मोहान्धकार विनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

ले अगर कपूर सुगन्ध, चन्दन गन्ध महा।
खेवत हों प्रभु ढिग आज, आठों कर्म दहा।। बाड़ा के...।।

ॐ ह्रीं श्री पद्मप्रभ जिनेन्द्राय अष्टकर्मदहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री फल बादाम सुलेय, केला आदि धरे।
फल पाऊँ शिव पद नाथ, अरपूँ मोद भरे।। बाड़ा के...।।

ॐ ह्रीं श्री पद्मप्रभ जिनेन्द्राय मोक्षफलप्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा।

जल चन्दन अक्षत पुष्प, नेवज आदि मिला।
मैं अष्टद्रव्य से पूज, पाऊँ सिद्ध-शिला।। बाड़ा के...।।

ॐ ह्रीं श्री पद्मप्रभ जिनेन्द्राय अनर्घ्य पदप्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दोहा (अर्घ चरणों का)

चरण कमल श्रीपद्म के, बन्दों मन वच काय।
अर्घ्यं चढ़ाऊँ भाव से, कर्म नष्ट हो जाय।। बाड़ा के...।।

ॐ ह्रीं श्री पद्मप्रभ जिनेन्द्राय के चरणों में अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

(भूमि में विराजमान समय का अर्घ्य)

पृथ्वी में श्री पद्म की पद्मासन आकार।
परम दिगम्बर शान्तिमय, प्रतिमा भव्य अपार।
सौम्यशान्त अति कान्तिमय, निर्विकार साकार।
अष्टद्रव्य का अर्घ्यं ले, पूजों विविध प्रकार।। बाड़ा के...।।

ॐ ह्रीं श्री पद्मप्रभ जिनेन्द्राय भूमि में स्थित समय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

पंचकल्याणक

श्री पदम प्रभ जिनराज जी, मोहे राखो हो शरना।

दोहा – **माघ कृष्ण छट में प्रभो, आये गर्भ मंझार।**
मात सुसीमा का जनम, किया सफल करतार।। श्री पदम...।।

ॐ ह्रीं माघ कृष्णा षष्ठी दिने गर्भ मंगल प्राप्ताय श्री पद्मप्रभ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

कार्तिक सुदी तेरस तिथि, प्रभु लियो अवतार।
देवों ने पूजा करी, हुआ मंगलाचार।। श्री पदम...।।

ॐ ह्रीं कार्तिक शुक्ला त्रयोदश्यां जन्ममंगल प्राप्ताय श्रीपद्मप्रभ जिनेन्द्राय अर्घ्यं नि.स्वाहा।

कार्तिक शुक्ल त्रयोदशी तृणवत बन्धन तोड़।
तप धारों भगवान ने, मोह कर्म को मोड़।। श्री पदम...।।

ॐ ह्रीं कार्तिक शुक्ला त्रयोदश्यां तप कल्याणक प्राप्ताय श्रीपद्मप्रभ जिनेन्द्राय अर्घ्यं नि.स्वाहा।

चैत्र शुक्ल की पूर्णिमा, उपज्यो केवलज्ञान।
भव सागर से पार हो, दियो भव्य जिन ज्ञान।। श्री पदम...।।

ॐ ह्रीं चैत्र शुक्ला पूर्णिमायां केवलज्ञान प्राप्ताय श्रीपद्मप्रभ जिनेन्द्राय अर्घ्यं नि.स्वाहा।

फाल्गुन बदी सु चौथ को, मोक्ष गये भगवान।
इन्द्र आय पूजा करी, मैं पूजौं धर ध्यान।। श्री पदम...।।

ॐ ह्रीं फाल्गुन कृष्णा चतुर्थी दिने मोक्षमंगल प्राप्ताय श्रीपद्मप्रभ जिनेन्द्राय अर्घ्यं नि.स्वाहा।

जयमाला

दोहा – **चौतीसों अतिशय सहित, बाड़ा के भगवान्।**
जयमाला श्री पद्म की, गाऊँ सुखद महान।।

पद्धरी छन्द

जय पद्मनाथ परमात्म देव, जिनकी करते सुर चरण सेव।
जय पदम पदम प्रभु तन रसाल, जय जय करते मुनिमन विशाल।।

कोशाम्बी में तुम जन्म लीन, बाड़ा में बहु अतिशय करीन।
इक जाट पुत्र ने जमीं खोद, पाया तुमको होकर समोद।।
सुनकर हर्षित हो भविक वृन्द, आकर पूजा की दुख निकन्द।
करते दुखियों का दु:ख दूर, हो नष्ट प्रेत बाधा जरूर।।
डाकिन शाकिन सब होय चूर्ण, अन्धे हो जाते नेत्र पूर्ण।
श्रीपाल सेठ अञ्जन सुचोर, तारे तुमने उनको विभोर।।
अरु नकुल सर्प सीता समेत, तारे तुमने निज भक्ति हेत।
हे सङ्कटमोचन भक्त पाल, हमको भी तारो गुण विशाल।।
बिनती करता हूँ बार-बार, होवे मेरा दु:ख क्षार क्षार।
मीना गूजर सब जाट जैन, आकर पूजे कर तृप्त नैन।।
मन वच तन से पूजे जो कोय, पावे वे नर शिव सुख जो सोय।
ऐसी महिमा तेरी दयाल, अब हम पर भी होवो कृपाल।।

ॐ ह्रीं श्री पद्मप्रभ जिनेन्द्राय जयमाला पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

मेडि में पद्म की पूजा रची विशाल।
हुआ रोग तब नष्ट सब, विनवे छोटेलाल।।
पूजा विधि जानूँ नहीं, नहिं जानूँ आह्वान।
भूलचूक सब माफ कर, दया करो भगवान्।।

जाप्य मन्त्र

सर्व सिद्धि मन्त्र : (1) ॐ ह्रीं अ सि आ उ सा नम:। (2) ॐ ह्रीं श्री पद्मप्रभ जिनेन्द्राय नम:। (3) ॐ ह्रीं श्री महावीर जिनेन्द्राय नम:। (4) ॐ ह्रीं श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय नम:।

दुश्मन भूत निवारण मन्त्र :

ॐ ह्रीं अ सि आ उ सा सर्व दुष्टान् स्तम्भय स्तम्भय, मोहय मोहय अन्धय अन्धय मूकवत्कारय, करु कुरु ह्रीं दुष्टान् ठ: ठ: ठ:।

(108 बार मुट्ठी बाँधकर सुबह शाम झाड़ो, सवा लाख जप।)

श्री शान्तिनाथ जिनपूजन

या भव कानन में चतुरानन, पाप पनानन घेरी हमेरी।
आतम जानन माननठानन, वान न होन दई शठ मेरी।
ता मद भानन आपहि हो, यह छान न आन न आनन टेरी।
आन गही शरनागत को, अब श्रीपतजी पद राखहु मेरी।

ॐ ह्रीं श्रीशान्तिनाथजिनेन्द्राय अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वाननम् । अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठ: ठ: स्थापनं । अत्र मम् सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणम् ।

हिमगिरि गतगंगा, धार अभंगा प्रासुक संगा भरि भृंगा।
जरजनम मृतंगा, नाशि अधंगा, पूजि पदंगा मृदु हिंगा।।
श्री शान्ति जिनेशं, नुत चक्रेशं, वृष चक्रेशं, चक्रेशं।
हनि अरि चक्रेशं, हे गुनधेशं दया मृतेशं मक्रेशं।।

ॐ ह्रीं श्रीशान्तिनाथजिनेन्द्राय जन्मजरामृत्युविनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

वर बावन चंदन, कदली नंदन, घन आनंदन सहित घसों।
भवताप निकंदन, ऐरानन्दन, वंदि अमंदन, चरन वसों।। श्री.।।

ॐ ह्रीं श्रीशान्तिनाथजिनेन्द्राय भवातापविनाशनाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

हिमकर करि लज्जत, मलय सुसज्जत, अच्छत जज्जत भरी थारी।
दुखदारिद्र गज्जत, सदपदसज्जत, भवभयभज्जत अतिभारी।। श्री.।।

ॐ ह्रीं श्रीशान्तिनाथजिनेन्द्राय अक्षयपदप्राप्तये अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

मन्दार सरोजं कदली जोजं पुंज भरोजं मलय भरं।
भरि कंचनथारी, तुम ढिग धारी, मदनविदारी, धीर धरं।। श्री.।।

ॐ ह्रीं श्रीशान्तिनाथजिनेन्द्राय कामबाण विध्वंसनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

पकवान नवीने पावन कीने, षट्रस भीने सुखदाई।
मनमोदन हारे, छुदा विदारे, आगै धारे गुन गाई।। श्री.।।

ॐ ह्रीं श्रीशान्तिनाथजिनेन्द्राय क्षुधारोगविनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

तुम ज्ञान प्रकाशे, भ्रम तम नाशे, ज्ञेय विकाशे, सुखरासे।
दीपक उजियारा, यातैं धारा मोह निवारा, निज भासे।। श्री.।।

ॐ ह्रीं श्रीशान्तिनाथजिनेन्द्राय मोहान्धकारविनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

चन्दन करपूरं करि वर चूरं, पावक भूरं, मांहि जुरं।
तसु धूम उड़ावे, नाचत आवै, अलि गुंजावै, मधुर स्वरं।। श्री.।।

ॐ ह्रीं श्रीशान्तिनाथजिनेन्द्राय अष्टकर्मदहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

बादाम खजूरं दाडिम पूरं, निंबुक भूरं लै आयो।
तासो पद जज्जों, शिवफल सज्जों, निज रस रज्जों, उमगायो।। श्री.।।

ॐ ह्रीं श्रीशान्तिनाथजिनेन्द्राय मोक्षफल प्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा।

वसु द्रव्य सँवारी तुम ढिग धारी, आनंदकारी दृग प्यारी।
तुम हो भवतारी, करुना धारी, यातै थारी, शरनारी।। श्री.।।

ॐ ह्रीं श्रीशान्तिनाथजिनेन्द्राय अनर्घपद प्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

पंचकल्याणक अर्घ

असित सातव भादव जानिये, गरभ मंगल ता दिन मानिये।
सचि किया जननी पद चर्चनं, हम करैं इत ये पद अर्चनं।।

ॐ ह्रीं भाद्रपदकृष्णसप्तम्यां गर्भमङ्गलमण्डिताय श्रीशान्तिनाथजिनेन्द्राय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

जनम जेठ चतुर्दशी श्याम है, सकल इन्द्र सु आगत धाम है।
गजपुरै गज साजि सबै तबै, गिरि जजे इत मैं जजि हों अबै।।

ॐ ह्रीं ज्येष्ठकृष्णचतुर्दश्यां जन्ममङ्गलमण्डिताय श्रीशान्तिनाथजिनेन्द्राय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

भव शरीर सुभोग असार हैं, इमि विचार तबै तप धार हैं।
भ्रमर चौदस जेठ सुहावनी, धरममेह जजों गुन पावनी।।

ॐ ह्रीं ज्येष्ठकृष्णचतुर्दश्यां तपोमङ्गलमण्डिताय श्रीशान्तिनाथजिनेन्द्राय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

शुकल पौष दशैं सुखरास है, परम केवलज्ञान प्रकाश है।
भवसमुद्र-उधारन देवकी, हम करैं नित मंगल सेवकी।।

ॐ ह्रीं पौषशुक्लदशम्यां ज्ञानमङ्गलमण्डिताय श्रीशान्तिनाथजिनेन्द्राय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

असित चौदशि जेठ हने अरी, गिरीसमेदथकी शिवतिय वरी।
सकल इन्द्र जजैं तित आइकैं, हम जजैं इत मस्तक नाइकैं।।

ॐ ह्रीं ज्येष्ठकृष्णचतुर्दश्यां मोक्षमङ्गलमण्डिताय श्रीशान्तिनाथजिनेन्द्राय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

जयमाला

शान्ति शान्ति गुन मंडिते सदा, जाहि ध्यावत सुपंडिते सदा।
मैं तिन्हें भगत मंडिते सदा, पूजि हों कलुष हंडिते सदा।।
मोक्षहेत तुम ही दयाल हो, हे जिनेश गुन रत्नमाल हो।
मैं अबै सुगुन-दाम ही धरों, ध्यावते तुरित मुक्तितिय वरों।।
जय शान्तिनाथ चिद्रूपराज, भवसागर में अद्भुत जहाज।
तुम तजि सरवारथ सिद्ध थान, सरवारथजुत गजपुर महान।।
तित जनम लियौ आनंद धार, हरि ततछिन आयो राजद्वार।
इन्द्रानी जाय प्रसूत-थान, तुमको कर में ले हरष मान।।
हरि गोद देय सो मोदधार, सिर चमर अमर ढारत अपार।
गिरिराज जाय तित शिला पाण्डु, तापै थाप्यो अभिषेक माण्डु।।
तित पंचम उदधितनों सु-वार, सुर कर-कर करि ल्याये उदार।
तब इन्द्र सहसकर करि अनंद, तुम सिर धारा ढार्यो सुमंद।।

अघ घघ घघ घघ धुनि होत घोर, भभभभ भभ धध धध कलश शोर।
दृम दृम दृमदृम बाजत मृदंग, झन नन नन नन नन नूपुरंग।।
तन नन नन नन नन तनन तान, घन नन नन घंटा करत ध्वान।
ताथेइ थेइ थेइ थेइ सुचाल, जुत नाचत नावत तुमहिं भाल।।
चट चट चट अटपट नटत नाट, झट झट झट हट नट शट विराट।
इमि नाचत राचत भगत रंग, सुर लेत जहाँ आनंद संग।।
इत्यादि अतुल मंगल सुठाट, तित बन्यो जहाँ सुरगिरि विराट।
पुनि करि नियोग पितुसदन आय, हरि सौंप्यौ तुम तित वृद्ध थाय।।
पुनि राजमाहिं लहि चक्ररत्न, भोग्यौ छहखंड करि धरम जत्न।
पुनि तप धरि केवल ऋद्धि पाय, भविजीवन को शिवमग बताय।।
शिवपुर पहुँचे तुम हे जिनेश, गुनमंडित अतुल अनंत भेष।
मैं ध्यावतु हौं निज शीश नाय, हमरी भवबाधा हरि जिनाय।।
सेवक अपनो निज जान जान, करुना करि भौभय भान भान।
यह विघनमूल तरु खंड खंड, चितचिंतित आनंद मंड मंड।।

घत्ता

श्री शांति महंता शिवतियकंता, सुगुन अनंता भगवंता।
भव भ्रमन हनंता, सौख्य अनंता, दातारं तारन वंता।।

ॐ ह्रीं श्री शान्तिनाथजिनेन्द्राय महार्घं निर्वपामीति स्वाहा।

शान्तिनाथ जिनके पद पंकज, जो भवि पुजै मनवचकाय।
जनम जनम के पातक ताके, ततछिन तजिकैं जाय पलाय।।
मन वांछित सुख, पावै, सौ नर, बांचे भगतिभाव अतिलाय।
तातैं 'वृंदावन' नित बन्दै जातैं शिवपुर-राज कराय।।

।। पुष्पांजलि क्षिपेत ।।

श्री नेमिनाथ जिनपूजा

(छन्दः लक्ष्मी तथा अर्द्ध लक्ष्मीधरा)

जयति जय जयति जय जयति जय नेम की,
धर्म अवतार दातार शिव चैन की।
श्री शिवानंद भौफन्द निकन्द की,
ध्यावैं जिन्हें इन्द्र नागेन्द्र ओ मैन की।
परम कल्यान के देन हारे तुम्हीं देव हो,
एव तातें करौं ऐन की।
थापि हों बार त्रय शुद्ध उच्चारकें,
शुद्धता धार भौ पारकू लेन की।

ॐ ह्रीं श्री नेमिनाथ जिनेन्द्र! अत्र अवतर अवतर संवौषट्। अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः। अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् ।

दाता मोक्ष के श्रीनेमिनाथ जिनराय, दाता..।।टेक।।
गंग नदी कुश प्रासुक लीनौ, कंचन भृंग भराय।
मनवचनतनतें धार देत ही, सकल कलंक नशाय।
दाता मोच्छ के श्री नेमि नाथ जिनराय।।दा.।।

ॐ ह्रीं श्री नेमिनाथजिनेन्द्राय जन्मजरामृत्यु विनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

हरिचन्दन जुत कदलीनन्दन कुंकुम संग घसाय।
विघनताप नाशन के कारन, जजौं तिहारे पाय।।दा.।।

ॐ ह्रीं श्री नेमिनाथजिनेन्द्राय भवाताप विनाशनाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

पुण्य राशि तुम यश सम उज्ज्वल, तन्दुल शुद्ध मंगाय।
अखयसौख्यभोगन के कारण पुंजधरोंगुणगाय।।दा.।।

ॐ ह्रीं श्री नेमिनाथजिनेन्द्राय अक्षयपदप्राप्ताये अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

पुडरीक तृण द्रुमको आदिक , सुमन सुगधित लाय।
दर्प्पकमन्मथ भंजनकारन जजहुँ चरनलवलाय।।दा.।।

ॐ ह्रीं श्री नेमिनाथजिनेन्द्राय कामबाणविध्वंसनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

घेवर बावर खाजे साजे, ताजे तुरित मंगाय।
क्षुधावेदनी नाशकरण को, जजहुँ चरणउमगाय।।दा.।।

ॐ ह्रीं श्री नेमिनाथजिनेन्द्राय क्षुधारोग विनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

कनक दीप नवनीत पूरकर, उज्ज्वल जोति जगाय।
तिमिर मोहनाशक तुमकोलखि, जजहुँचरन हुलसाय।।दा.।।

ॐ ह्रीं श्री नेमिनाथजिनेन्द्राय मोहान्धकार विनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

दशविध गन्ध मंगाय मनोहर, गुंजत अलिगण आय।
दशोंबन्धजारन के कारण, खेवों तुम ढिग लाय।।दा.।।

ॐ ह्रीं श्री नेमिनाथजिनेन्द्राय अष्टकर्मदहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

सुरसवरण रसना मनभावन पावन फल सु मंगाय।
मोक्ष महाफल कारनपूजों, हे जिनवर तुम पाँय।।दा.।।

ॐ ह्रीं श्री नेमिनाथजिनेन्द्राय मोक्षफलप्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा।

जल फल आदि साज शुचि लीने, आठों दरब मिलाय।
अष्टमछिति के राजकरन कों, जजों अंग वसुनाय।।दा.।।

ॐ ह्रीं श्री नेमिनाथजिनेन्द्राय अनर्घ्यपदप्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

पंचकल्याणक

(छन्द पाईता)

सित कार्तिक छट्ठि अमंदा, गरभागम आनन्दकन्दा।
शचि सेय शिवापद आई, हम पूजत मनवचकाई।।

ॐ ह्रीं कार्तिकशुक्लाषष्ठ्यां गर्भमंगलमण्डिताय श्री नेमिनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं नि.स्वाहा।

सित सावन छट्ठि अमंदा, जनमे त्रिभुवन के चन्दा।
पितु समुद्र महासुख पायो, हम पूजत विघन नशायो।।

ॐ ह्रीं श्रावणशुक्लाषष्ठ्यां जन्ममंगलप्राप्ताय श्री नेमिनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं नि.स्वाहा।

तजि राजमती व्रतलीनों, सितसज्ञावन छट्ठ प्रवीनों।
शिव नारि तबै हरषाई, हम पूजैं पद शिरनाई।।

ॐ ह्रीं श्रावणशुक्लाषष्ठ्यां तपःकल्याणकप्राप्ताय श्री नेमिनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं नि.स्वाहा।

सित आसित एकम चूरे, चारों घाती अति कूरे।
लहि केवल महिमा सारा, हम पूजैं अष्ट प्रकारा।।

ॐ ह्रीं आश्विनशुक्लाप्रतिपदायां केवलज्ञानप्राप्ताय श्री नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

सितषाढ़ अष्टमी चूरे, चारां घातिया कूरे।
शिव ऊर्जयन्तते पाई, हम पूजैं ध्यान लगाई।।

ॐ ह्रीं आषाढ़ शुक्लाष्टम्यां मोक्षमंगलप्राप्तये श्री नेमिनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं नि.स्वाहा।

जयमाला

दोहा– **श्याम छबी तनु चाप दश, उन्नत गुण निधि धाम।**
शंख चिह्नपद में निरखि, पुनि पुनि करों प्रणाम।।

(पद्धरि छन्द)

जय जय जय नेमि जिनिंद चन्द, पितु समुद सेन आनंदकंद।
शिवमात कुमुदमनमोददाय, भविवृन्द चकोर सुखी कराय।।
जय देव अपूरव मारतण्ड, तुम कीन ब्रह्मसुत सहस खण्ड।
शिवतियमुख जलजविकाशनेश, नहिं रही सृष्टि में तम अशेष।।
भवि भीत कोक कीनों अशोक, शिवगम दरशायो शर्मथोक।
जयजयजयजय तुम गुणगम्भीर, तुम आगम निपुण पुनीत धीर।।
तुम केवलजोति विराजमान, जय जय जय जय करुणानिधान।
तुम समवशरण में तत्त्वभेद, दरशायो जातें नशत खेद।।
तित तुमको हरि आनन्दधार, पूजत भगतीजुत बहु प्रकार।
पुनि गद्यपद्यमय सुजस गाय, जय बल अनन्त गुणवन्तराय।।

जय शिवशंकर ब्रह्मा महेश, जय बुद्धि विधाता विष्णुवेष।
जय कुमतिमतंगनको मृगेन्द्र, जय मदनध्वांतकों रवि जिनेन्द्र।।
जय कृपासिन्धु अविरुद्ध बुद्ध, जय ऋद्धसिद्ध दाता प्रबुद्ध।
जय जगजनमनरंजन महान, जय भवसागरमहँ सुष्ठु यान।।
तुम भगति करै ते धन्य जीव, ते पावैं दिव शिवपद सदीव।
तुमरा गुण देव विविध प्रकार, गावत नित किन्नरकी जु नार।।
वर भगतिमाहिं लवलीन होय, नाचै ताथेइ थेइ थेइ बहोय।
तुम करुणासागर सृष्टिपाल, अब मोकों वेगि करो निहाल।।
मैं दुख अनन्त वसुकरमजोग, भोगे सदीव नहिं और रोग।
तुमको जगमें जान्यो दयाल, हो वीतराग गुणरतनमाल।।
तातैं शरणा अब गही आय, प्रभु करो वेगि मेरी सहाय।
यहविघनकरममखण्डखण्ड, मनवांछितकारज मण्डमण्ड।।
संसारकष्ट चकचूर चूर, सहजानन्द मम उर पूर पूर।
निज पर प्रकाशबुधि देह देह, तजिकेविलम्ब सुधि लेह लेह।।
हम जांचत हैं यह बार बार, भवसागरतें मो तार तार।
नहिं सह्यो जात यह जगत दुख, तातें विनवों हे सुगुनमुक्ख।।

(घत्तानन्द)

श्रीनेमिकुमारं जितमदमारं, शीलागारं, सुखकारं।
भवभयहरतारं, शिवकरतारं, दातारं धर्माधारं।।

ॐ ह्रीं श्री नेमिनाथजिनेन्द्राय अनर्घपदप्राप्तये महार्घं निर्वपामीति स्वाहा।

सुख, धन, जस सिद्धि, पुत्र पौत्रादिवृद्धि,
सकल मनसि सिद्धि होति है ताहि ऋद्धि।
जजत हरष धारी नेमि को जो अगारी,
अनुक्रम अरि जारी सो वरे मोच्छ नारी।।

।। पुष्पांजलिं क्षिपेत्।।

श्री पार्श्वनाथ जिन पूजा

(पुष्पेन्दु कृत)

हे पार्श्वनाथ! हे विश्वसैन सुत, करुणा सागर तीर्थंकर।
हे सिद्धशिला के अधिनायक, हे ज्ञान ! उजागर तीर्थंकर।।
हमने भावुकता में भरकर, तुमको हे ! नाथ पुकारा है।
प्रभुवर ! गाथा की गंगा से, तुमने कितनों को तारा है।।
हम द्वार तुम्हारे आये हैं, करुणा कर नेक निहारो तो।
मेरे उर के सिंहासन पर, पग धारो नाथ? पधारो तो।।

ॐ ह्रीं पार्श्वनाथजिनेन्द्र अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वाननं। अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्। अत्र मम् सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणं।

मैं लाया निर्मल जल धारा, मेरा अन्तर निर्मल कर दो,
मेरे अन्तर को हे ! भगवन्, शुचि सरल भावना से भर दो।
मेरे इस आकुल अन्तर को, दो शीतल सुखमय शान्ति प्रभो,
अपनी पावन अनुकम्पा से, हर लो मेरी भव-भ्रान्ति प्रभो।।1।।

ॐ ह्रीं पार्श्वनाथजिनेन्द्राय जन्मजरामृत्युविनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।।

प्रभु पास तुम्हारे आया हूँ, भव का सन्ताप सताया हूँ,
तव पद वन्दन के हेतु प्रभो !, मलयागिरि चन्दन लाया हूँ।
अपने पुनीत चरणाम्बुज की, हमको कुछ रेणु प्रदान करो,
हे ! संकटमोचन तीर्थंकर, मेरे मन के सन्ताप हरो।।2।।

ॐ ह्रीं पार्श्वनाथजिनेन्द्राय संसारतापविनाशनाय चन्दनं निर्वपामीति स्वाहा।।

प्रभुवर क्षण भंगुर वैभव को, तुमने क्षण में ठुकराया है,
निज तेज तपस्या से तुमने, अभिनव अक्षय पद पाया है।
अक्षय हों मेरे भक्ति भाव प्रभु, पद की अक्षय प्रीति मिले,
अक्षय प्रतीति रवि किरणों से, प्रभु मेरा मानस-कुंज खिले।।3।।

ॐ ह्रीं पार्श्वनाथजिनेन्द्राय अक्षयपदप्राप्तये अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।।

यद्यपि शतदल की सुषमा से, मानस-सर शोभा पाता है,
पर उसके रस में फंस मधुकर, अपने प्रिय प्राण गंवाता है।
हे नाथ आपके पद-पंकज, भव सागर पार लगाते हैं,
इस हेतु तुम्हारे चरणों में, श्रद्धा के सुमन चढ़ाते हैं।।4।।

ॐ ह्रीं श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय कामबाणविध्वंसनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।।

व्यंजन के विविध समूह प्रभो, तन की कुछ क्षुधा मिटाते हैं,
चेतन की क्षुधा मिटाने में प्रभु, ये असफल रह जाते हैं।
इनके आस्वादन से प्रभु मैं, सन्तुष्ट नहीं हो पाया हूँ,
इस हेतु आपके चरणों में, नैवेद्य चढ़ाने आया हूँ।।5।।

ॐ ह्रीं श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय क्षुधारोगविनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

प्रभु दीपक की मालाओं से, जग अन्धकार मिट जाता है,
पर अन्तर्मन का अन्धकार, इनसे न दूर हो पाता है।
यह दीप सजाकर लाए हैं, इनमें प्रभु दिव्य प्रकाश भरो,
मेरे मानस-पट पर छाए, अज्ञान तिमिर का नाश करो।।6।।

ॐ ह्रीं श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय मोहान्धकारविनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।।

यह धूप सुगन्धित द्रव्यमयी, नभमण्डल को महकाती है,
पर जीवन-अघ की ज्वाला में, ईंधन बनकर जल जाती है।
प्रभुवर इसमें वह तेज भरो, जो अघ को ईंधन कर डाले,
हे वीर ! विजेता कर्मों के, हे मुक्ति-रमा ! वरने वाले।।7।।

ॐ ह्रीं श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय अष्टकर्मदहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।।

यों तो ऋतुपति ऋतु में फल से, उपवन को भर जाता है,
पर अल्प अवधि का ही झोंका, उनको निष्फल कर जाता है।
दो सरस भक्ति का फल प्रभुवर, जीवनतरु तभी सफल होगा,
सहजानन्द सुख से भरा हुआ, इस जीवन का प्रतिफल होगा।।8।।

ॐ ह्रीं श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय मोक्षफलप्राप्ताय फलं निर्वपामीति स्वाहा।।

पथ की प्रत्येक विषमता को मैं, समता से स्वीकार करूँ,
जीवन-विकास के प्रिय-पथ की, बाधाओं का परिहार करूँ।
मैं अष्टकर्म आवरणों का, प्रभुवर आतंक हटाने को,
वसु द्रव्य संजोकर लाया हूँ, चरणों में नाथ चढ़ाने को।।9।।

ॐ ह्रीं श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय अनर्घपदप्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।

पंचकल्याणक

शिव देवी के गर्भ में, आये दीना नाथ।
चिर अनाथ जगती हुई, सजग, समोद, सनाथ।।
अज्ञानमय इस लोक में, आलोक सा छाने लगा,
होकर मुदित सुरपति नगर में, रत्न बरसाने लगा।
गर्भस्थ बालक की प्रभा प्रतिभा, प्रकट होने लगी,
नभ से निशा की कालिमा अभिनव उषा धोने लगी।।1।।

ॐ ह्रीं वैशाख कृष्ण द्वितीयायां गर्भमंगलमण्डिताय श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय अर्घं नि.स्वाहा।

द्वार द्वार पर सज उठे, तोरण बन्दनवार,
काशी नगरी में हुआ, पार्श्व प्रभु अवतार।
प्राची दिशा के अंग में, नूतन दिवाकर आ गया,
भविजन जलज विकसित हुए, जग में उजाला छा गया।
भगवान के अभिषेक को, जल क्षीर सागर ने दिया,
इन्द्रादि ने है मेरु पर, अभिषेक जिनवर का किया।।2।।

ॐ ह्रीं पौष कृष्णैकादश्यां जन्ममंगलमण्डिताय श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय अर्घं नि.स्वाहा।

निरख अथिर संसार को, गृह कुटुम्ब सब त्याग,
वन में जा दीक्षा धरी, धारण किया विराग।
निज आत्मसुख के श्रोत में, तन्मय प्रभु रहने लगे,
उपसर्ग और परीषहों को, शान्ति से सहने लगे।

प्रभु की विहार वनस्थली, तप से पुनीता हो गई,
कपटी कमठ शठ की कुटिलता, भी विनीता हो गई।।3।।

ॐ ह्रीं पौष कृष्णैकादश्यां तपोमंगलमण्डिताय श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय अर्घं नि.स्वाहा।

आत्मज्योति से हट गये, तम के पटल महान्,
प्रकट प्रभाकर सा हुआ, निर्मल केवल ज्ञान।
देवेन्द्र द्वारा विश्वहित सम, अनुसरण निर्मित हुआ,
समभाव से सबको शरण का पंथ निर्देशित हुआ।
था शान्ति का वातावरण, उसमें न विकृत विकल्प थे,
मानों सभी तब आत्महित के, हेतु कृत-संकल्प थे।।4।।

ॐ ह्रीं चैत्रकृष्णचतुर्थी दिने केवलज्ञानप्राप्ताय श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय अर्घं नि.स्वाहा।

युग युग के भव भ्रमण से, देकर जग को त्राण,
तीर्थंकर श्री पार्श्व ने, पाया पद-निर्वाण।
निर्लिप्त आज नितान्त हैं, चैतन्य कर्म अभाव से,
है ध्यान, ध्याता, ध्येय का किंचित न भेद स्वभाव से।
तव पाद पद्मों की प्रभु, सेवा सतत पाते रहें,
अक्षय असीमानन्द का, अनुराग अपनाते रहें।।5।।

ॐ ह्रीं श्रावणशुक्लसप्तम्यां मोक्षमंगलमण्डिताय श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय अर्घं नि.स्वाहा।

जयमाला (वन्दनागीत)

अनादिकाल से कर्मों का मैं सताया हूँ,
इसी से आपके दरबार आज आया हूँ।
न अपनी भक्ति, न गुणगान का भरोसा है,
दयानिधान श्री भगवान का भरोसा है।
इक आस लेकर आया हूँ कर्म कटाने के लिये,
मैं भेंट में कुछ भी नहीं लाया चढ़ाने के लिये।।1।।

जल न चन्दन और अक्षत पुष्प भी लाया नहीं,
है नहीं नैवेद्य, दीप, मैं धूप फल पाया नहीं।
हृदय के टूटे हुए उद्गार केवल साथ हैं,
और कोई भेंट के हित, अर्घ सजवाया नहीं।
है यही फल फूल जो समझो चढ़ाने के लिये।
भेंट मैं कुछ भी नहीं लाया चढ़ाने के लिये।।2।।

मांगना यद्यपि बुरा समझा किया मैं उम्र भर,
किन्तु अब जब मांगने पर बांध कर आया कमर।
और फिर सौभाग्य से जब आप सा दानी मिला,
तो भला फिर मांगने में आज क्यों रक्खूँ कसर।
प्रार्थना है आप ही जैसा बनाने के लिये,
भेंट मैं कुछ भी नहीं लाया चढ़ाने के लिये।।3।।

यदि नहीं यह दान देना आपको मंजूर है,
और फिर कुछ माँगने से दास ये मजबूर है।
किन्तु मुंहमांगा मिलेगा मुझको ये विश्वास है,
क्योंकि लौटाना न इस दरबार का दस्तूर है।
प्रार्थना है कर्म बन्धन से छुड़ाने के लिए।
भेंट मैं कुछ भी नहीं लाया चढ़ाने के लिये।।4।।

हो न जब तक मांग पूरी नित्य सेवक आयेगा,
आपके पदपंकज में 'पुष्पेन्दु' शीश झुकायेगा।
है प्रयोजन आपको यद्यपि न भक्ति से मेरी,
किन्तु फिर भी नाथ मेरा तो भला हो जायेगा।
आपका क्या जायेगा बिगड़ी बनाने के लिये,
भेंट मैं कुछ भी नहीं लाया चढ़ाने के लिये।।5।।

ॐ ह्रीं श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय पूर्णार्घं निर्वपामीति स्वाहा।

।। पुष्पांजलिं क्षिपेत् ।।

श्री महावीर जिन पूजा

श्रीमत वीर हरै भवपीर, भरै सुखसीर अनाकुलताई।
केहरिअंक अरीकरदंक, नये हरि पंकतिमौलि सुआई।।
मैं तुमको इत थापतु हौं प्रभु, भक्ति समेत हिये हरषाई।
हेकरुणाधनधारक देव ! इहां अब तिष्ठहु शीघ्रहि आई।।

ॐ ह्रीं श्री महावीर जिनेन्द्राय ! अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वाननम् ।
ॐ ह्रीं श्री महावीर जिनेन्द्राय ! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनं।
ॐ ह्रीं श्री महावीर जिनेन्द्राय ! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणम्।

छन्द अष्टपदी *(द्यानतरायकृत नन्दीश्वराष्टकादिक अनेक रागो में भी बनती हैं)*

क्षीरोदधिसमशुचिनीर, कंचन भृङ्ग भरों।
प्रभु वेग हरो भवपीर, यातैं धार करों।
श्रीवीर महा अतिवीर सन्मति नायक हो।
जय वर्द्धमान गुणधीर सन्मति दायक हो।।1।।

ॐ ह्रीं श्री महावीर जिनेन्द्राय जन्मजरामृत्यु विनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

मलयागिरि चन्दन सार केशर सङ्ग घसों।
प्रभु भव आताप निवार, पूजत हिय हुलसों।। श्री.।।2।।

ॐ ह्रीं श्री महावीर जिनेन्द्राय भवतापविनाशनाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

तंदुल सित शशि सम शुद्ध, लीनों थार भरी।
तसु पुंज धरों अविरुद्ध पावों शिवनगरी।। श्री.।।3।।

ॐ ह्रीं श्री महावीर जिनेन्द्राय अक्षयपदप्राप्तये अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

सुरतरु के सुमन समेत, सुमन सुमन प्यारे।
सो मनमथ भंजन हेत, पूजों पद थारे।। श्री.।।4।।

ॐ ह्रीं श्री महावीर जिनेन्द्राय कामबाणविध्वंशनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

रसरज्जत सज्जत सद्य, मज्जत थार भरी।
पद जज्जत रज्जत अद्य, भज्जत भूख अरी।। श्री.।।5।।

ॐ ह्रीं श्री महावीर जिनेन्द्राय क्षुधारोगविनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

तमखण्डित मण्डित नेह, दीपक जोवत हों।
तुम पदतर हे ! सुखगेह, भ्रमतम खोवत हों।। श्री.।।6।।

ॐ ह्रीं श्री महावीर जिनेन्द्राय मोहांधकारविनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

हरिचन्दन अगर कपूर, चूर सुगन्ध करा।
तुम पदतर खेवत भूरि आठों कर्म जरा।। श्री.।।7।।

ॐ ह्रीं श्री महावीर जिनेन्द्राय अष्टकर्मदहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

रितुफल कलवर्जित लाय, कंचन थार भरो।
शिव फलहित हे ! जिनराय, तुमढिग भेंट धरों।। श्री.।।8।।

ॐ ह्रीं श्री महावीर जिनेन्द्राय मोक्षफलप्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा।

जल फल वसु सजि हिमथार, तनमनमोद धरों।
गुण गाउँ भवदधि तार, पूजत पाप हरों।। श्री.।।9।।

ॐ ह्रीं श्री महावीर जिनेन्द्राय अनर्घ पद प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

पंचकल्याणक

मोहि राखो हो शरणा, श्रीवर्द्धमान जिनरायजी, मोहिराखो...

गरभ साढ़सित छट्ट लियो थित, त्रिशला उर अघ हरना।
सुर सुरपति तित सेव करयो नित, मैं पूजूं भवतरना।। मोहि.।।1।।

ॐ ह्रीं आषाढ़शुक्ला षष्ठयां गर्भमंगलमंडिताय श्रीमहावीर जिनेन्द्राय अर्घं नि.स्वाहा।

जनम चैत सित तेरस के दिन, कुंडलपुर कनवरना।
सुरगिरि सुरगुरु पूज रचायो, मैं पूजों भवहरना ।। मोहि.।।2।।

ॐ ह्रीं चैत्रशुक्लत्रयोदश्यां जन्ममंगल प्राप्ताय श्रीमहावीर जिनेन्द्राय अर्घं नि.स्वाहा।

मंगसिर असित मनोहर दशमी, ता दिन तप आचरना।
नृप कुमार घर पारन कीनों मैं पूजों तुम चरना ।। मोहि.।।3।।

ॐ ह्रीं मार्गशीर्षकृष्णदशम्यां तपोमंगलमंडिताय श्रीमहावीर जिनेन्द्राय अर्घं नि. स्वाहा।

शुक्लदशै वैशाखदिवस अरि, घात चतुक छय करना।
केवल लहिभवि भवसरतारे, जजों चरण सुख भरना ।। मोहि.।।4।।

ॐ ह्रीं वैशाखशुक्लदशम्यां केवलज्ञानप्राप्ताय श्रीमहावीर जिनेन्द्राय अर्घं नि. स्वाहा।

कार्तिक श्याम अमावस शिवतिय, पावापुरतें वरना।
गणफनिवृन्द जजैंतित बहुविधि, मैं पूजों भय हरना ।। मोहि. ।।5 ।।

ॐ ह्रीं कार्तिक कृष्णामावस्यायां मोक्षमंगलप्राप्तये श्रीमहावीर जिनेन्द्राय अर्घं नि.स्वाहा।

जयमाला

छन्द हरि गीता

गणधर असनि धर, चक्रधर, हलधर, गदाधर, वरवदा।
अरु चापधर विद्या सुधर, तिरसूलधर सेवहिं सदा।
दु:खहरन आनन्दभरन तारन, तरन चरन रसाल हैं।
सुकुमाल गुणमनिमाल उन्नत, भाल की जयमाल हैं।।1 ।।

घत्ता छंद – जय त्रिशलानंदन हरिकृतवंदन, जगदानंदन चंदवरं।
भवतापनिकंदन तन मनकन्दन, रहित सपन्दन नयनधरं।।

छन्द तोटक

जय केवल भानु कला सदनं, भवि कोक विकाशन कंदवनं।
जगजीत महारिपु मोह हरं, रजज्ञान दृगांवर चूर करं।।1 ।।

गर्भादिक मंगल मण्डित हो, दु:खदारिद को नित खण्डित हो।
जगमांहि तुम्हीं सतपण्डित हो, तुमही भव भाव विहंडित हो।।2 ।।

हरिवंश सरोजन को रवि हो, बलवन्त महन्त तुम्ही कवि हो।
लहि केवल धर्मप्रकाश कियो, अबलों सोई मारग राजतियो।।3 ।।

पुनि आपतने गुणमाहिं सही, सुर मग्न रहैं जितने सब ही।
तिनकी वनिता गुन गावत हैं, लय माननिसों मनभावत हैं।।4 ।।

पुनि नाचत रंग उमंग भरी, तुव भक्ति विषें पग एम धरी।
झननं झननं झननं झननं, सुरलेत तहाँ तननं तननं।।5 ।।

घननं घननं घन घण्ट बजे, दृमदं दृमदं मिरदंग सजे।
गगनांगन गर्भगता सुगता, ततता ततता अतता विततता।।6 ।।

धृगतां धृगतां गति बाजत है, सुरताल रसाल जु छाजत है।
सननं सननं सननं नभमें, इकरुप अनेक जु धारि भ्रमैं।।7 ।।

कइ नारि सुबीन बजावत हैं, तुमरो जस उज्वल गावत हैं।
करताल विषै करताल धरै, सुरताल विशाल जु नाद करें।।8 ।।

इन आदि अनेक उछाह भरी, सुरभक्ति करैं प्रभुजी तुमरी।
तुम ही जगजीवन के पितु हो, तुम ही बिनकारणतें हितु हो।।9 ।।

तुम ही सब विघ्नविनाशन हो, तुमही निज आनन्द भासन हो।
तुमही चितचिंतित दायक हो, जगमाहिं तुम्हीं सब लायक हो।।10 ।।

तुमरे पन मंगल माहिं सही, जिय उत्तम पुन्य लियो सब ही।
हमको तुमरी शरणागत है, तुमरे गुनमें मन पागत है।।11 ।।

प्रभु मो हिय आप सदा बसिये, जबलों वसु कर्म नहीं नसिये।
तबलों तुम ध्यान हिये वरतो, तबलों श्रुत चिंतन चित्त रतो।।12 ।।

तबलों व्रत चारित चाहतु हों, तबलों शुभ भाव सुगाहतु हों।
तबलों सतसंगति नित्य रहौ, तबलों मम संजम चित्त गहौ।।13 ।।

जबलों नहिं नाश करों अरि को, शिवनारि वरों समता धरिको।
यह द्यो तबलों हमको जिनजी, हम जाचतु हैं इतनी सुनजी।।14 ।।

घत्तानंद

श्रीवीर जिनेशा नमितसुरेशा, नागनरेशा भगतिभरा।
'वृन्दावन' ध्यावै विघन नशावै, वांछित पावै शर्म वरा।।15 ।

ॐ ह्रीं श्रीमहावीर जिनेन्द्राय अनर्घपद प्राप्तये महार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दोहा – श्रीसन्मतिके जुगलपद, जो पूजै धर प्रीत।
वृन्दावन सो चतुर नर लहै मुक्ति नवनीत।।16 ।।

।। पुष्पांजलि क्षिपेत ।।

श्री नवदेवता पूजा

- AmMm`©{deXgmJa

स्थापना

हे! लोक पूज्य अरिहंत नमन्, हे! कर्म विनाशक सिद्ध नमन्।
आचार्य देव के चरण नमन्, अरु, उपाध्याय को शत् वन्दन।।
हे! सर्व साधु है तुम्हें नमन्, हे! जिनवाणी माँ तुम्हें नमन्।
शुभ जैन धर्म को करूँ नमन्, जिनबिम्ब जिनालय को वन्दन।।
नव देव जगत् में पूज्य 'विशद', है मंगलमय इनका दर्शन।
नव कोटि शुद्ध हो करते हैं, हम नव देवों का आह्वानन।।

ॐ ह्रीं श्री अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्याय सर्व साधु जिन धर्म जिनागम जिन चैत्य चैत्यालय समूह अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वाननं।

ॐ ह्रीं श्री अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्याय सर्व साधु जिन धर्म जिनागम जिन चैत्य चैत्यालय समूह अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनं।

ॐ ह्रीं श्री अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्याय सर्व साधु जिन धर्म जिनागम जिन चैत्य चैत्यालय समूह अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणं।

हम तो अनादि से रोगी हैं, भव बाधा हरने आये हैं।
मेरा अन्तर तम साफ करो, हम प्रासुक जल भर लाये हैं।।
नव कोटि शुद्ध नव देवों की, भक्ती से सारे कर्म धुलें।
हे नाथ! आपके चरणों में, श्रद्धा के पावन सुमन खिलें।।1।।

ॐ ह्रीं श्री अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्याय सर्व साधु जिन धर्म जिनागम जिन चैत्य चैत्यालयेभ्यो: जन्म, जरा, मृत्यु विनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

संसार ताप में जलकर हमने, अगणित अति दुख पाये हैं।
हम परम सुगंधित चंदन ले, संताप नशाने आये हैं।।

नव कोटि शुद्ध नव देवों की, भक्ती से भव संताप गलें।
हे नाथ ! आपके चरणों में श्रद्धा के पावन सुमन खिलें।।2।।

ॐ ह्रीं श्री नवदेवता अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्याय सर्व साधु जिन धर्म जिनागम जिन चैत्य चैत्यालयेभ्यो: संसार ताप विनाशनाय चन्दनं निर्वपामीति स्वाहा।

यह जग वैभव क्षण भंगुर है, उसको पाकर हम अकुलाए ।
अब अक्षय पद के हेतु प्रभू, हम अक्षत चरणों में लाए ।।
नवकोटि शुद्ध नव देवों की, अर्चाकर अक्षय शांति मिले।
हे नाथ! आपके चरणों में, श्रद्धा के पावन सुमन खिलें।।3।।

ॐ ह्रीं श्री नवदेवता अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्याय सर्व साधु जिन धर्म जिनागम जिन चैत्य चैत्यालयेभ्यो: अक्षय पद प्राप्ताय अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

बहु काम व्यथा से घायल हो, भव सागर में गोते खाये।
हे प्रभु! आपके चरणों में, हम सुमन सुकोमल ले आये।।
नव कोटि शुद्ध नव देवों की, अर्चाकर अनुपम फूल खिलें।
हे नाथ! आपके चरणों में, श्रद्धा के पावन सुमन खिलें।।4।।

ॐ ह्रीं श्री नवदेवता अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्याय सर्व साधु जिन धर्म जिनागम जिन चैत्य चैत्यालयेभ्यो:कामबाण विध्वंसनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

हम क्षुधा रोग से अति व्याकुल,होकर के प्रभु अकुलाए हैं।
यह क्षुधा मेटने हेतु चरण, नैवेद्य सुसुन्दर लाए हैं।।
नव कोटि शुद्ध नव देवों की, भक्ती कर सारे रोग टलें।
हे नाथ! आपके चरणों में, श्रद्धा के पावन सुमन खिलें।।5।।

ॐ ह्रीं श्री नवदेवता अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्याय सर्व साधु जिन धर्म जिनागम जिन चैत्य चैत्यालयेभ्यो: क्षुधा रोग विनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

प्रभु मोह तिमिर ने सदियों से, हमको जग में भरमाया है।
उस मोह अन्ध के नाश हेतु, मणिमय शुभ दीप जलाया है।

नव कोटि शुद्ध नव देवों की, अर्चा कर ज्ञान के दीप जलें।
हे नाथ! आपके चरणों में, श्रद्धा के पावन सुमन खिलें।।6।।

ॐ ह्रीं श्री नवदेवता अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्याय सर्व साधु जिन धर्म जिनागम जिन चैत्य चैत्यालयेभ्यो: महा मोहान्धकार विनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

भव वन में ज्वाला धधक रही, कर्मों के नाथ सतायें हैं।
हों द्रव्य भाव नो कर्म नाश, अग्नि में धूप जलायें हैं।
नव कोटि शुद्ध नव देवों की, पूजा करके वसु कर्म जलें ।
हे नाथ! आपके चरणों में, श्रद्धा के पावन सुमन खिलें।।7।।

ॐ ह्रीं श्री नवदेवता अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्याय सर्व साधु जिन धर्म जिनागम जिन चैत्य चैत्यालयेभ्यो: अष्टकर्म दहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

सारे जग के फल खाकर भी, हम तृप्त नहीं हो पाए हैं।
अब मोक्ष महाफल दो स्वामी, हम श्रीफल लेकर आए हैं।।
नव कोटि शुद्ध नव देवों की, भक्ति कर हमको मोक्ष मिले।
हे नाथ! आपके चरणों में, श्रद्धा के पावन सुमन खिलें।।8 ।।

ॐ ह्रीं श्री नवदेवता अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्याय सर्व साधु जिन धर्म जिनागम जिन चैत्य चैत्यालयेभ्यो: मोक्षफल प्राप्ताय फलं निर्वपामीति स्वाहा।

हमने संसार सरोवर में, सदियों से गोते खाये हैं।
अक्षय अनर्घ पद पाने को, वसु द्रव्य संजोकर लाये हैं।।
नव कोटि शुद्ध नव देवों के, वन्दन से सारे विघ्न टलें।
हे नाथ! आपके चरणों में, श्रद्धा के पावन सुमन खिलें।।3।।

ॐ ह्रीं श्री नवदेवता अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्याय सर्व साधु जिन धर्म जिनागम जिन चैत्य चैत्यालयेभ्यो: अनर्घ पद प्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

धत्ता छन्द

नव देव हमारे जगत सहारे, चरणों देते जल धारा।
मन वच तन ध्याते जिन गुण गाते, मंगलमय हो जग सारा।।
शांतये शांति धारा करोति।

ले सुमन मनोहर अंजलि में भर, पुष्पांजलि दे हर्षाएँ।
शिवमग के दाता ज्ञानप्रदाता, नव देवों के गुण गाएँ।।
दिव्य पुष्पांजलि क्षिपेत्।

जाप्य

ॐ ह्रीं श्री अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्याय सर्व साधु जिन धर्म जिनागम जिन चैत्य चैत्यालयेभ्यो नम:।

दोहा

मंगलमय नव देवता, मंगल करें त्रिकाल।
मंगलमय मंगल परम, गाते हैं जयमाल।।

(चाल टप्पा)

अर्हन्तों ने कर्म घातिया, नाश किए भाई।
दर्शन ज्ञान अनन्तवीर्य सुख, प्रभु ने प्रगटाई ।।
जिनेश्वर पूजों हो भाई।
नव देवों को नव कोटी से, पूजों हो भाई। जि...

सर्वकर्म का नाश किया है, सिद्ध दशा पाई।
अष्टगुणों की सिद्धि पाकर, सिद्ध शिला जाई ।।
जिनेश्वर पूजों हो भाई।
नव देवों को नव कोटी से, पूजों हो भाई। जि...

पञ्चाचार का पालन करते, गुण छत्तिस पाई।
शिक्षा दीक्षा देने वाले, जैनाचार्य भाई ।।
जिनेश्वर पूजों हो भाई।
नव देवों को नव कोटि से, पूजों हो भाई।। जि...

उपाध्याय है ज्ञान सरोवर, गुण पच्चिस पाई।
रत्नत्रय को पाने वाले, शिक्षा दें भाई ।।
जिनेश्वर पूजों हो भाई।
नव देवों को नव कोटि से, पूजों हो भाई ।। जि...

ज्ञान ध्यान तप में रत रहते, जैन मुनी भाई।
वीतराग मय जिन शासन की, महिमा दिखलाई।
जिनेश्वर पूजों हो भाई।
नव देवों को नव कोटि से, पूजों हो भाई ।। जि...

सम्यक् दर्शन ज्ञान चरित्रमय, जैन धर्म भाई।
परम अहिंसा की महिमा युत, क्षमा आदि पाई ।।
जिनेश्वर पूजों हो भाई।
नव देवों को नव कोटि से, पूजों हो भाई ।। जि...

श्री जिनेन्द्र की ओम् कार मय, वाणी सुखदाई।
लोकालोक प्रकाशक कारण, जैनागम भाई ।।
जिनेश्वर पूजों हो भाई।
नव देवों को नव कोटि से, पूजों हो भाई ।। जि...

वीतराग जिनबिम्ब मनोहर, भविजन सुखदाई ।।
वीतराग अरु जैन धर्म की, महिमा प्रगटाई ।।

जिनेश्वर पूजों हो भाई।
नव देवों को नव कोटि से, पूजों हो भाई ।। जि...

घंटा तोरण सहित मनोहर, चैत्यालय भाई।
वेदी पर जिन बिम्ब विराजित, जिन महिमा गाई ।।
जिनेश्वर पूजों हो भाई।
नव देवों को नव कोटि से, पूजों हो भाई ।। जि...

दोहा

नव देवों को पूजकर, पाऊँ मुक्ती धाम।
''विशद'' भाव से कर रहे, शत्-शत् बार प्रणाम्।।

ॐ ह्रीं श्री अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्याय सर्व साधु जिन धर्म जिनागम जिन चैत्य चैत्यालयेभ्यो: महार्घं निर्वपामीति स्वाहा।

सोरठा

भक्ति भाव के साथ, जो पूजें नव देवता।
पावे मुक्ति वास, अजर अमर पद को लहें।।

इत्याशीर्वाद :

।। विशद वाणी ।।

^yH$ån AmVo h¢ Vmo _H$mZ Vmo<S> OmVo h¢Ÿ&
ZXr _| Vy\$mZ AmH$a amh _mo<S> OmVo h¢Ÿ&&
g§Vm| H$m AmJ_Z EH$ AX²^wV {_emb h¡Ÿ&
g§VZJa_| AmVo h¢ Vmo N>mN>mo<S> OmVo h¢Ÿ&&

– आचार्य विशदसागर

निर्वाण क्षेत्र पूजा

(कविवर द्यानतरायजी कृत)

सोरठा

परम पूज्य चौबीस जिहं जिहं थानक शिव गये।
सिद्धभूमि निशदीस, मन वच तन पूजा करौं ।।1 ।।

ॐ ह्रीं चतुर्विंशति तीर्थंकर-निर्वाण क्षेत्राणि ! अत्र अवतर अवतर, संवौषट् आह्वाननं। ॐ ह्रीं चतुर्विंशति-तीर्थंकर निर्वाण क्षेत्राणि ! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनं। ॐ ह्रीं चतुर्विंशति तीर्थंकर-निर्वाण क्षेत्राणि ! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणं।

गीता छन्द

शुचि क्षीरदधि सम नीर निरमल, कनक झारी में भरौ।
संसार पार उतार स्वामी, जोरकर विनती करौं।।
सम्मेदगढ़ गिरनार चम्पा, पावापुरी कैलाश कों।
पूजों सदा चौबीस जिन निर्वाण भूमि निवास को।।1 ।।

ॐ ह्रीं श्री चतुर्विंशति-तीर्थंकर-निर्वाण क्षेत्रेभ्यो जलं निर्वपामीति स्वाहा।।1 ।।

केशर कपूर सुगन्ध चन्दन, सलिल शीतल विस्तरौ।
भवताप को सन्ताप मेटो; जोरकर विनती करौं।। सम्मेद... ।।

ॐ ह्रीं श्री चतुर्विंशति-तीर्थंकर-निर्वाण क्षेत्रेभ्यो चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।।2 ।।

मोती समान अखण्ड तन्दुल अमल आनन्द धरि तरौ।
औगुन हरो गुण करौ हमको; जोरकर विनती करौं।। सम्मेद... ।।

ॐ ह्रीं श्री चतुर्विंशति-तीर्थंकर-निर्वाण क्षेत्रेभ्यो अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।।3 ।।

शुभ फूलरास सुवासवासित, खेद सब मनकी हरौ।
दुख धाम कामविनाश मेरो, जोरकर विनती करौं।। सम्मेद... ।।

ॐ ह्रीं श्री चतुर्विंशति-तीर्थंकर-निर्वाण क्षेत्रेभ्यो पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।।4 ।।

नेवज अनेक प्रकार जोग, मनोग धरि भय परिहरौ।
मम भूख दूखन टार प्रभुजी, जोरकर विनती करौं।। सम्मेद... ।।

ॐ ह्रीं श्री चतुर्विंशति-तीर्थंकर-निर्वाण क्षेत्रेभ्यो नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।।5 ।।

दीपक प्रकाश उजास उज्ज्वल, तिमिरसेती नहिं डरौ।
संशयविमोह विभरमतमहर, जोरकर विनती करौं।। सम्मेद... ।।

ॐ ह्रीं श्री चतुर्विंशति-तीर्थंकर-निर्वाण क्षेत्रेभ्यो दीपं निर्वपामीति स्वाहा।।6 ।।

शुभ धूप परम अनूप पावन, भाव पावन आचरौ।
सब करमपुंज जलाय दीज्यो, जोरकर विनती करौं।। सम्मेद... ।।

ॐ ह्रीं श्री चतुर्विंशति-तीर्थंकर-निर्वाण क्षेत्रेभ्यो धूपं निर्वपामीति स्वाहा।।7 ।।

बहुफल मंगाय चढ़ाय उत्तम चारगतिसों निरवरौ।
निहचै मुकतिफल देहु मोकों, जोरकर विनती करौं।। सम्मेद... ।।

ॐ ह्रीं श्री चतुर्विंशति-तीर्थंकर-निर्वाण क्षेत्रेभ्यो फलं निर्वपामीति स्वाहा।।8 ।।

जल गंध अक्षत फूल चरु फल, दीप धूपायन धरो।
द्यानत करो निरभय जगतसों, जोरकर विनती करौं।। सम्मेद... ।।

ॐ ह्रीं श्री चतुर्विंशति-तीर्थंकर-निर्वाण क्षेत्रेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।9 ।।

अथ जयमाला

सोरठा – **श्री चौबीसजिनेश, गिरिकैलाशादिक नमों।**
तीरथ महाप्रदेश, महापुरुष निरवाणतैं।।1 ।।

नमो ऋषभ कैलाशपहारं नेमिनाथ गिरनार निहारं।
वासुपूज्य चंपापुर वन्दौ, सन्मति पावापुर अभिनन्दौ।।2।।

वंदौ अजित अजित पद दाता, वंदौ संभव भवदुखघाता।
वंदौ अभिनन्दन गुणनायक, वदौं सुमति सुमति के दायक।।3।।

वंदौ पद्ममुकति पदमाधर, वंदौ सुपास आश पासाहर।
वंदौ चन्द्रप्रभ प्रभुचंदा, वंदौ सुविधि सुविधि निधिकंदा।।4।।

वंदौ शीतल अघतपशीतल, वंदौ श्रेयांस श्रेयांस महीतल।
वंदौ विमल विमल उपयोगी, वंदौ अनंत अनंत सुखभोगी।।5।।

वंदौ धर्म धर्म-विस्तारा वंदौ शांति शांति मन धारा।
वंदौ कुन्थु कुन्थु-रखवालं, वंदौ अर अरिहर गुणमालं।।6।।

वंदौ मल्लि काममलचूरन, वंदौ मुनिसुव्रत व्रतपूरन।
वंदौ नमिजिन नमितसुरासुर, वंदौ पास पास भ्रम जगहर।।7।।

वींसो सिद्ध भूमि जा ऊपर, शिखर सम्मेद महागिरि भूपर।
भावसहित वन्दै जो कोई, ताहि नरक पशुगति नहिं होई।।8।।

नरपति नृपसुरशुक्र कहावे, तिहुँजग भोग भोगि शिवपावै।
विघन विनाशन मंगलकारी, गणविलास वन्दौ भवतारी।।9।।

घत्ता

जो तीरथ जावै; पाप मिटावै ध्यावै गावै भगति करै।
ताको जस कहिये, संपत्ति लहिये, गिरिके गुणकोबुधउचरै।।

ॐ ह्रीं श्रीचतुर्विंशति-तीर्थंकर-निर्वाण-क्षेत्रेभ्यो पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।10।।

।। अथाशीर्वादः ।।

सोलहकारण पूजा

अडिल्ल

सोलहकारण भाय तीर्थंकर जे भये,
हरषे इन्द्र अपार मेरु पै ले गये।
पूजा करि निज धन्य लख्यो बहु चावसों,
हमहूँ, षोडशकारण भावै भावसों।

ॐ ह्रीं श्री दर्शनविशुद्धयादि षोडशकारणानि अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वाननं। अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनं। अत्र मम् सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणं।

कंचन झारी निर्मल नीर, पूजों जिनवर गुण गंभीर।
परम गुरु हो, जय जय नाथ परम गुरु हो।।
दरश-विशुद्धि भावना भाय, सोलह तीर्थंकर-पद-पाय।
परम गुरु हो, जय जय नाथ परम गुरु हो।।

ॐ ह्रीं दर्शनविशुद्धि 1, विनयसम्पन्नता 2, शीलव्रतेष्वनतिचार 3, अभीक्ष्णज्ञानोपयोग 4, संवेग 5, शक्तितस्त्याग 6, शक्तितस्तप 7, साधु-समाधि 8, वैयावृत्यकरण 9, अर्हद्भक्ति 10, आचार्य भक्ति 11, बहुश्रुतभक्ति 12, प्रवचनभक्ति 13, आवश्यकापरिहाणि 14, मार्ग प्रभावना 15, प्रवचन वात्सल्य 16, इति षोडश कारणेभ्योः नमः जलं निर्वपामीति स्वाहा।।

चंदन घसों कपूर मिलाय, पूजौं श्री जिनवर के पाय।
परम गुरु हो, जय जय नाथ परम गुरु हो।। दरश वि. ।।2।।

ॐ ह्रीं श्रीदर्शनविशुद्धयादि-षोडशकारणेभ्यः चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

तन्दुल धवल अखंड अनूप पूजौं जिनवर तिहुँ जग भूप।
परम गुरु हो, जय जय नाथ परम गुरु हो।। दरश वि. ।।3।।

ॐ ह्रीं श्रीदर्शनविशुद्धयादि-षोडशकारणेभ्यः अक्षतं निर्वपामीति स्वाहा।

फूल सुगन्ध मधुप गुंजार पूजौं जिनवर जग आधार।
परम गुरु हो, जय जय नाथ परम गुरु हो।। दरश वि. ।।4।।

ॐ ह्रीं श्रीदर्शनविशुद्धयादि-षोडशकारणेभ्यः पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

सद नेवज बहुविधि पकवान, पूजौं श्रीजिनवर गुणखान।
परम गुरु हो, जय जय नाथ परम गुरु हो।। दरश वि. ।।5।।

ॐ ह्रीं श्रीदर्शनविशुद्धयादि-षोडशकारणेभ्यः नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दीपकज्योति तिमिर क्षयकार, पूजौं श्रीजिन केवल धार।
परम गुरु हो, जय जय नाथ परम गुरु हो।। दरश वि. ।।6।।

ॐ ह्रीं श्रीदर्शनविशुद्धयादि-षोडशकारणेभ्यः दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

अगर कपूर गंध शुभ खेय, श्रीजिनवर आगे महकेय।
परम गुरु हो, जय जय नाथ परम गुरु हो।। दरश वि. ।।7।।

ॐ ह्रीं श्रीदर्शनविशुद्धयादि-षोडशकारणेभ्यः धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

श्रीफल आदि बहुत फल सार, पूजौं जिन वांछित दातार।
परम गुरु हो, जय जय नाथ परम गुरु हो।। दरश वि. ।।8।।

ॐ ह्रीं श्रीदर्शनविशुद्धयादि-षोडशकारणेभ्यः फलं निर्वपामीति स्वाहा।

जल फल आठों द्रव्य चढ़ाय, 'द्यानत' वरत करो मन लाय।
परम गुरु हो, जय जय नाथ परम गुरु हो।। दरश वि. ।।9।।

ॐ ह्रीं श्रीदर्शनविशुद्धयादि-षोडशकारणेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जयमाला

दोहा – **षोडश कारण गुण करै, हरै चतुरगति वास।**
पाप पुण्य सब नास के, ज्ञान भानु परकाश।।1।।

दरश विशुद्धि धरें जो कोई, ताको आवागमन न होई।
विनय महा धारे जो प्राणी, शिव वनिता की सखी बखानी।।2।।

शील सदा दृढ़ जो नर पाले, सो औरन की आपद टाले।
ज्ञानाभ्यास करे मन माहीं, ताके मोह महातम नाहीं।।3।।

जो संवेग-भाव विस्तारै, सुरग मुक्ति पद आप निहारै।
दान देय मन हर्ष विशेषै, इह भव यश परभव सुख देखै।।4।।

जो तप तपै खपै अभिलाषा, चूरे कर्म शिखर गुरु भाषा।
साधुसमाधि सदा मन लावै, तिहूँ जग भोग भोगि शिवजावै।।5।।

निश दिन वैयावृत्य करैया, सो निश्चय भवनीर तिरैया।
जो अरहंतभक्ति मन आनै, सो जन विषय कषाय न जाने।।6।।

जो आचारज भक्ति करैं है, सो निर्मल आचार धरै है।
बहुश्रुतवंत-भक्ति जो करई, सो नर संपूरण श्रुत धरई।।7।।

प्रवचन भक्ति करै जो ज्ञाता, लहैं ज्ञान परमानन्द-दाता।
षट् आवश्यक काल जो साधै, जो ही रत्नत्रय आराधै।।8।।

धर्म प्रभाव करे जो ज्ञानी, तिन शिव मारग रीति पिछानी।
वात्सलअंग सदा जो ध्यावै, सो तीर्थंकर पदवी पावै।।9।।

दोहा- **ये ही षोडश भावना, सहित धरै व्रत जोय।**
देव इन्द्र नर-वंद्य पद, द्यानत शिव पद होय।।

ॐ ह्रीं श्रीदर्शनविशुद्धयादि-षोडशकारणेभ्यः पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

सवैया इकतीसा

सुन्दर षोडशकारण भावन निर्मल चित्त सुधारक धारै।
कर्म अनेक हने अति दुर्धर जन्म जरा भय मृत्यु निवारै।।
दुःख दारिद्र विपत्ति हरै भव सागर को पर पार उतारै।
ज्ञान कहे यहि षोडशकारण, कर्म निवारण सिद्ध सुधारै।।

जाप्य

ॐ ह्रीं दर्शनविशुद्धयै नमः। ॐ ह्रीं विनयसम्पन्नतायै नमः, ॐ ह्रीं शीलव्रताय नमः ॐ ह्रीं अभीक्ष्णज्ञानोपयोगाय नमः, ॐ ह्रीं संवेगाय नमः, ॐ ह्रीं शक्तिस्त्यागाय नमः, ॐ ह्रीं शक्तितस्तपसे नमः, ॐ ह्रीं साधुसमाध्यै नमः, ॐ ह्रीं वैयावृत्यकरणाय नमः, ॐ ह्रीं अर्हद्भक्त्यै नमः, ॐ ह्रीं आचार्यभक्त्यै नमः, ॐ ह्रीं बहुश्रुतभक्त्यै नमः, ॐ ह्रीं प्रवचनभक्त्यै नमः, ॐ ह्रीं आवश्यकापरिहाण्यै नमः, ॐ ह्रीं मार्गप्रभावनायै नमः, ॐ ह्रीं प्रवचनवत्सलत्वाय नमः।।16।।

इत्याशीर्वादः।

पंचमेरु पूजन

तीर्थंकरों के न्हवन-जलतैं भये तीरथ शर्मदा।
तातैं प्रदच्छन देत सुर-गन पंच मेरुन की सदा।।
दो जलधि ढाई द्वीप में सब गनत-मूल विराजहीं।
पूजौं असी जिनधाम-प्रतिमा होहि सुख दुःख भाजहीं।।

ॐ ह्रीं पंचमेरुसंबंधिजिन चैत्यालयस्थ जिनप्रतिमासमूह-अत्र अवतर अवतर संवौष्ट आह्वाननं। अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनं। अत्र मम् सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणं।

शीतल-मिष्टसुवास मिलाय, जलसौं पूजौं श्रीजिनराय।
महासुख होय, देखे नाथ परम सुख होय।।
पाँचों मेरु असी जिनधाम, सब प्रतिमा को करों प्रणाम।
महासुख होय, देखे नाथ परम सुख होय।।

ॐ ह्रीं सुदर्शन-विजय-अचल-मन्दर, विद्युन्मालिपंचमेरु-संबंधिजिन-चैत्यालयस्थ जिनबिम्बेभ्यो जलं निर्वपामीति स्वाहा।

जल केसर कर्पूर मिलाय, गंधसौं पूजौं श्रीजिनराय।
महासुख होय, देखे नाथ परम सुख होय।। पाँचों... ।।

ॐ ह्रीं पंचमेरुसंबंधिजिनचैत्यालयस्थ जिनबिम्बेभ्यो चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

अमल अखंड सुगंध सुहाय, अच्छतसौं पूजौं श्री जिनराय।
महासुख होय, देखे नाथ परम सुख होय।। पाँचों... ।।

ॐ ह्रीं पंचमेरुसंबंधिजिनचैत्यालयस्थ जिनबिम्बेभ्यो अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

बरन अनेक रहे महकाय, फूलसौं पूजौं श्रीजिनराय।
महासुख होय, देखे नाथ परम सुख होय।। पाँचों... ।।

ॐ ह्रीं पंचमेरुसंबंधिजिनचैत्यालयस्थ जिनबिम्बेभ्यो पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

मनवांछित बहु तुरत बनाय, चरुसौं पूजौं श्रीजिनराय।
महासुख होय, देखे नाथ परम सुख होय।। पाँचों... ।।

ॐ ह्रीं पंचमेरुसंबंधिजिनचैत्यालयस्थ जिनबिम्बेभ्यो नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

तमहर उज्ज्वल ज्योति जगाय, दीपसौं पूजौं श्रीजिनराय।
महासुख होय, देखे नाथ परम सुख होय।। पाँचों... ।।

ॐ ह्रीं पंचमेरुसंबंधिजिनचैत्यालयस्थ जिनबिम्बेभ्यो दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

खेऊँ अगर अमल अधिकाय, धूपसौं पूजौं श्रीजिनराय।
महासुख होय, देखे नाथ परम सुख होय।। पाँचों... ।।

ॐ ह्रीं पंचमेरुसंबंधिजिनचैत्यालयस्थ जिनबिम्बेभ्यो धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

सुरस सुवर्ण सुगंध सुभाय, फलसों पूजौं श्रीजिनराय।
महासुख होय, देखे नाथ परम सुख होय।। पाँचों... ।।

ॐ ह्रीं पंचमेरुसंबंधिजिनचैत्यालयस्थ जिनबिम्बेभ्यो फलं निर्वपामीति स्वाहा।

आठदरबमय अरघ बनाय, द्यानत पूजौं श्रीजिनराय।
महासुख होय, देखे नाथ परम सुख होय।। पाँचों... ।।

ॐ ह्रीं पंचमेरुसंबंधिजिनचैत्यालयस्थ जिनबिम्बेभ्यो अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

जयमाला

प्रथम सुदर्शन-स्वामि, विजय अचलमंदर कहा।
विद्युन्माली नाम, पंच मेरु जग में प्रकट।।

(बेसरी)

प्रथम सुदर्शन मेरु विराजै, भद्रशाल वन भूपर छाजै।
चैत्यालय चारों सुखकारी, मन वच तन वंदना हमारी।।
ऊपर पंच-शतक पर सोहै, नंदनवन देखत मन मोहै।
चैत्यालय चारों सुखकारी, मन वच तन वंदना हमारी।।
साढ़े बासठ सहस ऊँचाई, वन सुमनस शोभै अधिकाई।
चैत्यालय चारों सुखकारी, मन वच तन वंदना हमारी।।
ऊँचा जोजन सहस छत्तीसं, पांडुक वन सोहैगिरि-सीसं।
चैत्यालय चारों सुखकारी, मन वच तन वंदना हमारी।।
चारों मेरु समान बखानो, भूपर भद्रसाल चहुँ जानो।
चैत्यालय सोलह सुखकारी, मन वच तन वंदना हमारी।।

साढ़े पचपन सहस उतंगा, वन सौमनस चार बहुरंगा।
चैत्यालय सोलह सुखकारी, मन वच तन वंदना हमारी।।
उच्च अट्ठाइस सहस बताये, पांडुक चारों वन शुभ गाये।
चैत्यालय सोलह सुखकारी, मन वच तन वंदना हमारी।।
सुर नर चारन वंदन आवैं, सोशोभा हम किहमुख गावैं।
चैत्यालय अस्सी सुखकारी, मन वच तन वंदना हमारी।।

ॐ ह्रीं पंचमेरुसंबंधिजिनचैत्यालयस्थ जिनबिम्बेभ्यो महार्घं निर्वपामीति स्वाहा।

दोहा – **पंच मेरु की आरती, पढ़ै सुनै जो कोय।**
द्यानत फल जानै प्रभु, तुरत महासुख होय।।

।। पुष्पांजलि क्षिपेत्।।

समाधि भावना

दिन रात मेरे स्वामी, मैं भावना ये भाऊँ।
देहान्त के समय में, तुमको न भूल जाऊँ।।
शत्रु अगर कोई हो, सन्तुष्ट उनको करदूँ।
समता का भाव धरकर, सबसे क्षमा कराऊँ।।
त्यागू आहार पानी, औषध विचार अवसर ।
टूटे नियम न कोई, दृढ़ता हृदय में लाऊँ।।
जागे नहीं कषायें, नहीं वेदना सतावें।
तुमसे ही लौ लगी हो, दुर्ध्यान को भगाऊँ।।
आतम-स्वरूप अथवा, आराधना विचारन।
अरहंत सिद्ध साधु, रटना यही लगाऊँ।।
धरमात्मा निकट हों, चरचा धरम सुनावें।
वह सावधान रक्खें, गाफिल न होने पाऊँ।।
जीने की हो न वाँछा, मरने की हो न इच्छा।
परिवार मित्र जन से, मैं राग को हटाऊँ।।
भोगे जो भोग पहिले, उनका न होवे सुमरन।
मैं राज्य संपदा या, पद इन्द्र का न चाहूँ।।
रत्नत्रय का पालन हो, अन्त में समाधी।
शिवराम प्रार्थना यह, जीवन सफल बनाऊँ।।

नन्दीश्वर द्वीप (अष्टाह्निका) पूजा

सरव परव में बड़ों अठाई परव हैं।
नन्दीश्वर सुर जाँहि लिये वसु दरब हैं।।
हमें शक्ति सो नांहि इहाँ करि थापना।
पूजों जिनगृह प्रतिमा है हित आपना।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे द्विपंचाशत-जिनालयस्थ-जिनप्रतिमा समूह ! अत्र अवतर अवतर संवौषट्आह्वाननं। अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनं। अत्र मम् सनिहितो भव भव वषट्सन्निधिकरणं।

कंचन मणिमय भृंगार, तीरथ नीर भरा।
तिहुँ धार दई निरवार, जामन मरन जरा।।
नन्दीश्वर श्रीजिन धाम, बावन पुंज करों।
वसु दिन प्रतिमा अभिराम, आनन्दभाव धरों।।
नंदीश्वर द्वीप महान, चारों दिशि सोहे।
बावन जिन मंदिर जान, सुरनर मन मोहें।।

ॐ ह्रीं मासोत्तमे...मासे शुभे शुक्ल पक्षे अष्टाह्निकायां महामहोत्मवे नन्दीश्वरद्वीपे पूर्व-दक्षिण-पश्चिमोत्तरे एक अंजनगिरी चार दधिमुख आठ रतिकर, प्रतिदिशि तेरह तेरह इति बावन जिनचैत्यालयेभ्यः जन्मजरामृत्यु विनाशनाय जलं नि.स्वाहा।।1।।

भवतपहर शीतल वास, सो चन्दन नाहीं।
प्रभु यह गुण कीजै साँच, आयो तुम ठाहीं।। नन्दी. ।।2।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे जिनालयस्थ जिन-प्रतिमाभ्यः संसार ताप विनाशनाय चंदनं नि.स्वाहा।

उत्तम अक्षत जिनराज, पुंज धरे सो है।
सब जीते अक्षसमाज, तुम सम अरु को है।। नन्दी. ।।3।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे ... अक्षय पद प्राप्तये अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

तुम काम विनाशक देव, ध्याऊँ फूलनसौं।
लहुँ शील लच्छमी एव, छूटों शूलनसौं।। नन्दी. ।।4।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे ... काम बाण विध्वंशनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

नेवज इन्द्रिय बलकार, सो तुमने चूरा।
चरू तुम ढिग सोहै सार, अचरज है पूरा ।। नन्दी. ।।5।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे ... क्षुधा रोग विनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दीपक की ज्योति प्रकाश, तुम तन माँहि लसै।
टूटे करमन की राश, ज्ञानकणी दरसै ।। नन्दी. ।।6।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे ... मोहान्धकार विनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

कृष्णागरु धूप सुवास, दशदिशि नारि वरै।
अति हरषभाव परकाश, मानों नृत्य करें ।। नन्दी. ।।7।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे ... अष्टकर्म दहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

बहुविधि फल ले तिहुँकाल, आनन्द राचत हैं।
तुम शिवफल देहु दयाल सो हम जाचत हैं ।। नन्दी. ।।8।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे मोक्षफल प्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा।

यह अर्घ कियो निज हेतु, तुमको अरपतु हों।
'द्यानत' कीज्यो शिवखेत भूमि समरपतु हों ।। नन्दी. ।।9।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे ... अनर्घ पद प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

।। जयमाला ।।

दोहा – **कार्तिक फाल्गुन साढ़के, अन्त आठ दिन माहिं।**
नन्दीश्वर सुर जात हैं, हम पूजैं इह ठाहिं।।

एक सौ त्रेसठ कोड़ि जोजन महा
लाख चौरासिया एकदिश में लहा,
आठमों द्वीप नन्दीश्वरं भास्वरं
भौन बावन्न प्रतिमा नमों सुखकरं ।।2 ।।

चार दिशि चार अंजनगिरी राजही।
सहस चौरासिया एकदिशि छाजहीं,
ढोलसम गोल ऊपर तले सुन्दरं ।। भौन. ।।3।।

एक इक चार दिशि चार शुभ बावरी ।
एक इक लाख जोजन अमल जल भरी,
चहुँदिशि चार वन लाख जोजन वरं।।भौन. ।।4।।

सोल वापीन मधि सोल गिरि दधिमुखं,
सहस दस महा जोजन लखत ही सुखं।
बावरी कोण दो मांहि दो रतिकरं। भौन. ।।5।।

शैल बत्तीस इक सहस जोजन कहे,
चार सौलै मिलैं सर्वबावन लहे
एक इक सीस पर एक जिनमंदिरं।। भौन. ।।6।।

बिंब आठ एकसौ रतनमयी सोहही।
देव देवी सरव नयन मन मोहही।
पाँचसै धनुष तन पद्मआसन परं ।। भौन. ।।7।।

लाल नख मुख नयन श्याम अरु श्वेत है।
श्याम रंग भौह शिर केश छवि देत है।
वचन बोलत मनों हँसत कालुष हरं।।भौन. ।।8।।

कोटिशशि भानुदुति तेज छिप जात है,
महावैराग परिणाम ठहरात है।
वचन नहिं कहै लखि होत सम्यक धरं ।
भौन बावन्न प्रतिमा नमो सुखकरं ।।9 ।।

सोरठा

नन्दीश्वर जिनधाम, प्रतिमा महिमा को कहै।
'द्यानत' लीनों नाम, यही भगति शिव सुख करै।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे जिनालयस्थ जिन-प्रतिमाभ्य: पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

।। पुष्पाञ्जलिं क्षिपेत् ।।

दशलक्षण धर्म पूजा

उत्तम छिमा मार्दव आर्जव भाव हैं।
सत्य शौच संयम तप त्याग उपाव हैं।
आकिंचन ब्रह्मचर्य धरम दस सार हैं।
चहुँ गति दुःखतै काढ़ि मुकति करतार हैं।।1।।

ॐ ह्रीं उत्तमक्षमादि-दश-लक्षणधर्म ! अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वाननं।
ॐ ह्रीं उत्तमक्षमादि-दश-लक्षणधर्म ! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनं ।
ॐ ह्रीं उत्तमक्षमादि-दश-लक्षणधर्म ! अत्र मम् सन्निहितो भव भव वषट्सन्निधिकरणं।

सोरठा – **हेमाचल की धार, मुनि चित सम शीतल सुरभि।**
भव आताप निवार, दशलक्षण पूजों सदा।।1।।

ॐ ह्रीं उत्तमक्षमा, मार्दव, आर्जव, सत्य, शौच, संयम, तप, त्याग, आकिंचन्य, ब्रह्मचर्याणि-दश-लक्षणधर्माय जन्म-जरा-मृत्यु विनाशनाय जलं नि.स्वाहा।।1।।

चंदन केशर गार, होय सुवास दशों दिशा।
भव आताप निवार, दशलक्षण पूजौं सदा।।2।।

ॐ ह्रीं उत्तमक्षमादि-दश-लक्षणधर्माय संसार ताप विनाशनाय चन्दनं नि.स्वाहा।।2।।

अमल अखंडित सार, तन्दुल चन्द्र समान शुभ।
भव आताप निवार, दशलक्षण पूजौं सदा।।3।।

ॐ ह्रीं उत्तमक्षमादि-दश-लक्षणधर्माय अक्षय पद प्राप्तये अक्षतान् नि.स्वाहा।।3।।

फूल अनेक प्रकार, महकें ऊरधलोक लों।
भव आताप निवार, दशलक्षण पूजौं सदा।।4।।

ॐ ह्रीं उत्तमक्षमादि-दश-लक्षणधर्माय कामबाण विनाशनाय पुष्पं नि.स्वाहा।।4।।

नेवज विविध निहार उत्तम षट्रस संजुगत।
भव आताप निवार, दशलक्षण पूजौं सदा।।5।।

ॐ ह्रीं उत्तमक्षमादि-दश-लक्षणधर्माय क्षुधा रोग विनाशनाय नैवेद्यं नि.स्वाहा।।5।।

बाति कपूर सुधार, दीपक जोति सुहावनी।
भव आताप निवार, दशलक्षण पूजौं सदा।।6।।

ॐ ह्रीं उत्तमक्षमादि-दश-लक्षणधर्माय मोहान्धकार विनाशनाय दीपं नि.स्वाहा।।6।।

अगर धूप विस्तार, फैले सर्व सुगन्धता।
भव आताप निवार, दशलक्षण पूजौं सदा।।7।।

ॐ ह्रीं उत्तमक्षमादि-दश-लक्षणधर्माय अष्टकर्म दहनाय धूपं नि. स्वाहा।।7।।

फल की जाति अपार, घ्राण नयन मनमोहने।
भव आताप निवार, दशलक्षण पूजौं सदा।।8।।

ॐ ह्रीं उत्तमक्षमादि-दश-लक्षणधर्माय मोक्ष फल प्राप्तये फलं नि.स्वाहा।।8।।

आठों दरब संवार, 'द्यानत' अधिक उछाहसौं।
भव आताप निवार, दशलक्षण पूजौं सदा।।9।।

ॐ ह्रीं उत्तमक्षमादि-दश-लक्षणधर्माय अनर्घपद प्राप्तये अर्घ्यं नि.स्वाहा।।9।।

अङ्ग पूजा-सोरठा

पीडैं दुष्ट अनेक, बाँध मार बहु विधि करै।
धरिये छिमा विवेक, कोप न कीजै पीतमा।।1।।

चौपाई मिश्रित (गीता छन्द)

उत्तम छिमा गहो रे भाई, इहभव जस परभव सुखदाई।
गाली सुनि मन खेद न आनो, गुनको औगुन कहै अयानो।।
कहि है अयानो वस्तु छीने, बाँध मार बहुँविधि करै।
घरतैं निकारै, तन विदारै, वैर जो न तहाँ धरैं।।
तैं करम पूरब किये खोटे, सहै क्यों नहिं जीयरा।
अतिक्रोध अगनि बुझाय प्रानी, साम्य जल ले सीयरा।।

ॐ ह्रीं उत्तमक्षमाधर्माङ्गाय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।1।।

दोहा- **मान महाविषरूप, करहि नीच गति जगत में।**
कोमल सुधा अनूप, सुख पावै प्रानी सदा।।

उत्तम मार्दव गुन मनमाना, मान करनको कौन ठिकाना।
बस्यो निगोद माँहि तैं आया, दमरी रूकन भाग विकाया।।
रूकन विकाया कर्म वशतैं, देव इक इन्द्री भया।
उत्तम मुआ चांडाल हुवा, भूप कीड़ों में गया।।
जीतव्य–जोवन–धन गुमान, कहा करे जल बुदबुदा।
करि विनय बहुँगुन बड़े जनकी ज्ञान को पावै उदा।।2।।

ॐ ह्रीं उत्तममार्दवधर्माङ्गाय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।2।।

दोहा– **कपट न कीजै कोय, चोरन के पुर ना बसे।**
सरल सुभावी होय, ताके घर बहु सम्पदा।।
उत्तम आर्जव रीति बखानी, रंचक दगा बहुत दुःखदानी।
मनमें हो सो वचन उचरिये, वचन होय सो तनसौं करिये।।
करिये सरल तिहूँ जोग अपने, देख निरमल आरसी।
मुख करै जैसा लखै तैसा, कपट प्रीति अंगारसी।।
नहि लहै लछमी अधिक छलकरि, करम बंध विशेषता।
भय त्यागि दूध बिलाव पीवै, आपदा नहिं देखता।।3।।

ॐ ह्रीं उत्तमआर्जवधर्माङ्गाय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।3।।

दोहा– **कठिन वचन मत बोल, पर निन्दा अरु झूठ तज।**
साँच जवाहर खोल, सतवादी जगमें सुखी।।
उत्तम सत्य बरत पालीजै, पर विश्वास घात नहिं कीजै।
साँचे झूठे मानुष देखो, आपन पूत स्वपास न पेखो।।
पेखों तिहायत पुरुष साँचे, को दरब सब दीजिये।
मुनिराज श्रावक की प्रतिष्ठा, साँच गुण लख लीजिये।
ऊँचे सिंहासन बैठि वसुनृप, धरम का भूपति भया।
बच झूठ सेती नरक पहुँचा, सुरगमें नारद गया।।4।।

ॐ ह्रीं उत्तमसत्यधर्माङ्गाय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।4।।

दोहा– **धरि हिरदै संतोष, करहूँ तपस्या देहसों।**
शौच सदा निरदोष, धरम बड़ो संसार में।।
उत्तम शौच सर्व जग जाना, लोभ पाप को बाप बखाना।
आशा–पास महा दुःखदानी,सुख पावै संतोषी प्रानी।।
प्रानी सदा शुचि शील जप तप, ज्ञानध्यान प्रभाव तैं।
नित गंगजमुन समुद्र न्हाये अशुचि दोष स्वभावतैं।।
ऊपर अमल मल भर्यो, भीतर कौनविधि घट शुचि कहै।
बहू देह मैली सुगुन थैली, शौच गुन साधू लहै।।5।।

ॐ ह्रीं उत्तमशौचधर्माङ्गाय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।5।।

दोहा– **काय छहों प्रतिपाल, पंचेन्द्रिय मन वश करो।**
संजम रतन संभाल, विषयचोर बहु फिरत हैं।।
उत्तम संजम गहु मन मेरे, भव भव के भाजैं अघ तेरे।
सुरग नरक पशुगति में नाहीं, आलस–हरन करण सुख ठाहीं।
ठाही पृथी जल आग मारुत, रूख त्रस करूना धरो।
सपरसन रसना घ्रान नैना, कान मन सब वश करो।
जिस बिना नहिं जिनराज सीझे, तू रुल्यो जग कीच में।
इक घरी मत विसरो करो नित, आव जम–मुख बीच में।।6।।

ॐ ह्रीं उत्तमसंयमधर्माङ्गाय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।6।।

दोहा– **तप चाहें सुर राय, करम शिखर को वज्र है।**
द्वादशविधि सुखदाय, क्यों न करे निजसकति सम।
उत्तम तप सब माँहि बखाना, करमशैलको वज्र समाना।
बस्यो अनादि निगोद मँझारा, भू विकलत्रय पशुतन धारा।।
धारा मनुष तन महादुर्लभ, सुकुल आयु निरोगता।
श्री जैनवानी तत्त्वज्ञानी, भई विषय–पयोगिता।।

अति महादुर्लभ त्याग विषय, कषाय जो तप आदरैं।
नरभव अनूपम कनक घर पर, मणिमयी कलशा धरैं।।7।।

ॐ ह्रीं उत्तमतपोधर्माङ्गाय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।7।।

दोहा– **दान चार परकार, चार संघको दीजिये।**
धन बिजुरी उनहार, नरभव लाहो लीजिये।।

उत्तम त्याग कह्यो जग सारा, औषधिशास्त्र अभय आहारा।
निहचै रागद्वेष निरवारै, ज्ञाता दोनों दान सँभारे।।
दोनों सँभारे कूप जल सम, दरब घरमें परिनया।
निज हाथ दीजे साथ लीजे, खाय खोया बह गया।।
धनि साध शास्त्र अभय दिवैया, त्याग राग विरोध को।
बिन दान श्रावक साधु दोनों, लहैं नाहीं बोध को।।8।।

ॐ ह्रीं उत्तमत्यागधर्माङ्गाय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।8।।

दोहा– **परिग्रह चौबीस भेद, त्याग करें मुनिराजजी।**
तिसनाभाव उछेद, घटती जान घटाइये।।

उत्तम आकिंचन गुण जानो, परिग्रह चिंता दुःखही मानो।
फाँस तनकसी तनमें सालै, चाह लंगोटी की दुःख भालै।।
भालै न समता सुख कभी नर, बिना मुनि मुद्रा धरैं।
धनि नगन पर तन नगन ठाढ़े, सुर असुर पायनि परैं।।
धनमांहि तिसना जो घटावे, रुचि नहीं संसार सौं।
बहु धन बुरा हूँ भला कहिये, लीन पर उपगार सौं।।9।।

ॐ ह्रीं उत्तमआकिंचन्यधर्माङ्गय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।9।।

दोहा– **शील बाढ़ नौ राख, ब्रह्मभाव अन्तर लखो।**
करि दोनों अभिलाख, करहु सफल नर भव सदा।।

उत्तम ब्रह्मचर्य मन आनौ, माता बहिन सुता पहिचानौ।
सहै बान वरषा बहु सूरे, टिकै न नैन–बाण लखि कूरे।।

कूरे तिया के अशुचि तन में, कामरोगी रति करें।
बहु मृतक सड़हिं मसान मांहीं, काग ज्यों चौंचें भरैं।।
संसारमें विषयाभिलाषा, तजि गये जोगीश्वरा।
'द्यानत' धरम दश पैंडि चढ़िके, शिवमहल में पगधरा।।10।।

ॐ ह्रीं उत्तमब्रह्मचर्यधर्माङ्गाय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।10।।

।। जयमाला ।।

दोहा – दशलच्छन वंदौं सदा, मनवाँछित फलदाय।
कहों आरती भारती, हम पर होहु सहाय।।1।।

बेसरी छन्द

उत्तम छिमा जहाँ मन होई, अन्तर बाहिर शत्रु न कोई।
उत्तम मार्दव विनय प्रकासैं, नानाभेद ज्ञान सब भासैं।।
उत्तम आर्जव कपट मिटावैं, दुरगति त्यागि सुगति उपजावैं।
उत्तम सत्य–वचन मुख बोले, सो प्रानी संसार न डोले।।
उत्तम शौच लोभ–परिहारी, संतोषी गुण रतन भण्डारी।
उत्तम संयम पालै ज्ञाता, नरभव सफल करैं ले साता।।
उत्तम तप निरवांछित पाले, सो नर करम–शत्रु को टालै।
उत्तम त्याग करे जो कोई, भोगभूमि–सुर–शिवसुख होई।।
उत्तम आकिंचन व्रत धारैं, परम समाधि दशा विस्तारैं।
उत्तम ब्रह्मचर्य मन लावैं, नर–सुर सहित मुकतिफल पावैं।।

दोहा – **करै करम की निरजरा, भव पींजरा विनाश।**
अजर अमर पद को लहैं, 'द्यानत' सुखकी राशि।।

ॐ ह्री उत्तमक्षमा, मार्दव, आर्जव, सत्य, शौच, संयम, तप, त्याग, आकिंचन्य, ब्रह्मचर्य दशलक्षण धर्मेभ्यः नमः पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

।। पुष्पाञ्जलिं क्षिपेत्।।

रत्नत्रय पूजन

चहुँ गति–फनि–विष–हरन–मणि, दुःख–पावक–जल–धार।
शिव–सुख सुधा–सरोवरी, सम्यक्–त्रयी निहार।।

ॐ ह्रीं सम्यक्रत्नत्रयधर्म ! अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वाननं । अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनं । अत्र मम् सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणं ।

(सोरठा)

क्षीरोदधि उनहार, उज्ज्वल जल अति सोहनो।
जनम–रोग निरवार, सम्यक् रत्नत्रय भजूँ।।

ॐ ह्रीं सम्यक्रत्नत्रयाय जन्मजरामृत्युविनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

चंदन–केसर गारि, परिमल–महा–सुरंगमय।
जनम–रोग निरवार, सम्यक् रत्नत्रय भजूँ।।

ॐ ह्रीं सम्यक्रत्नत्रयाय भवातापविनाशनाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

तंदुल अमल चितार, वासमती–सुखदास के।
जनम–रोग निरवार, सम्यक् रत्नत्रय भजूँ।।

ॐ ह्रीं सम्यक्रत्नत्रयाय अक्षयपदप्राप्तये अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

महकैं फूल अपार, अलि गुजैं ज्यों थुति करैं।
जनम–रोग निरवार, सम्यक् रत्नत्रय भजूँ।।

ॐ ह्रीं सम्यक्रत्नत्रयाय कामबाणविध्वंसनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

लाडू बहु विस्तार, चीकन मिष्ट सुगन्धयुत।
जनम–रोग निरवार, सम्यक् रत्नत्रय भजूँ।।

ॐ ह्रीं सम्यक्रत्नत्रयाय क्षुधारोगविनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दीप रतनमय सार, जोत प्रकाशै जगत में।
जनम–रोग निरवार, सम्यक् रत्नत्रय भजूँ।।

ॐ ह्रीं सम्यक्रत्नत्रयाय मोहान्धकारविनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

धूप सुवास विथार, चंदन अगर कपूर की।
जनम–रोग निरवार, सम्यक् रत्नत्रय भजूँ।।

ॐ ह्रीं सम्यक्रत्नत्रयाय अष्टकर्मदहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

फल शोभा अधिकार, लोंग छुहारे जायफल।
जनम–रोग निरवार, सम्यक् रत्नत्रय भजूँ।।

ॐ ह्रीं सम्यक्रत्नत्रयाय मोक्षफलप्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा।

आठ दरब निरधार, उत्तम सो उत्तम लिए।
जनम–रोग निरवार, सम्यक् रत्नत्रय भजूँ।।

ॐ ह्रीं सम्यक्रत्नत्रयाय अनर्घपदप्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

सम्यक् दरशन ज्ञान, व्रत शिव–मग तीनों मयी।
पार उतारन यान, 'द्यानत' पूजों व्रत सहित।।

ॐ ह्रीं सम्यक्रत्नत्रयाय अनर्घपदप्राप्तये पूर्णार्घं निर्वपामीति स्वाहा।

इत्याशीर्वाद :

इष्ट प्रार्थना

भावना दिन रात मेरी, सब सुखी संसार हो।
सत्य संयम शील का, व्यवहार घर–घर बार हो।टेक।
धर्म का प्रचार हो, अरु देश का उद्धार हो।
और ये बिगड़ा हुआ, भारत चमन गुलजार हो।1।
ज्ञान के अभ्यास से, जीवों का पूर्ण विकास हो।
धर्म के प्रचार से, हिंसा का जग से ह्रास हो।2।
शान्ति अरु आनन्द का, हर एक घर में वास हो।
वीर वाणी पर सभी, संसार का विश्वास हो।3।
रोग अरु भय शोक होवे, दूर सब परमात्मा,
कर सके कल्याण ज्योति, सब जगत की आत्मा।4।

सम्यग्दर्शन पूजन

सिद्ध अष्ट-गुनमय प्रगट, मुक्त-जीव-सोपान।
ज्ञानचरित जिहँ बिन अफल, सम्यक्दर्श प्रधान।।

ॐ ह्रीं अष्टाङ्ग-सम्यग्दर्शन ! अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वाननं । अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनं । अत्र मम् सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणं।

नीर सुगंध अपार, तुषा हरै मल क्षय करै।
सम्यग्दर्शन सार, आठ अंग पूजौं सदा।।

ॐ ह्रीं अष्टाङ्ग-सम्यग्दर्शनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

जल केशर घनसार, ताप हरै सीतल करै।
सम्यग्दर्शन सार, आठ अंग पूजौं सदा।।

ॐ ह्रीं अष्टाङ्ग-सम्यग्दर्शनाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

अक्षत अनूप निहार, दारिद नाशै सुख भरै।
सम्यग्दर्शन सार, आठ अंग पूजौं सदा।।

ॐ ह्रीं अष्टाङ्ग-सम्यग्दर्शनाय अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

पहुप सुवास उदार, खेद हरै मन शुचि करै।
सम्यग्दर्शन सार, आठ अंग पूजौं सदा।।

ॐ ह्रीं अष्टाङ्ग-सम्यग्दर्शनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

नेवज विविध प्रकार, क्षुधा हरै थिरता करै।
सम्यग्दर्शन सार, आठ अंग पूजौं सदा।।

ॐ ह्रीं अष्टाङ्ग-सम्यग्दर्शनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दीप-ज्योति तमहार,घट-पट परकाशै महा।
सम्यग्दर्शन सार, आठ अंग पूजौं सदा।।

ॐ ह्रीं अष्टाङ्ग-सम्यग्दर्शनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

धूप घ्रान-सुखकार, रोग विघन जड़ता हरै।
सम्यग्दर्शन सार, आठ अंग पूजौं सदा।।

ॐ ह्रीं अष्टाङ्ग-सम्यग्दर्शनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

श्रीफल आदि विथार, निहचैं सुरशिवफल करै।
सम्यग्दर्शन सार, आठ अंग पूजौं सदा।।

ॐ ह्रीं अष्टाङ्ग-सम्यग्दर्शनाय फलं निर्वपामीति स्वाहा।

जल गंधाक्षत चारु, दीप धूप फल फूल चरु।
सम्यग्दर्शन सार, आठ अंग पूजौं सदा।।

ॐ ह्रीं अष्टाङ्ग-सम्यग्दर्शनाय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

जयमाला

दोहा - **आप आप निहचै लखैं, तत्व प्रीति-व्योहार।**
रहित दोष पच्चीस हैं, सहित अष्ट गुन सार।।

(चौपाई मिश्रित गीता)

सम्यक् दरशन-रतन गहीजे, जिन-वच में संदेह न कीजै।
इहभवविभव-चाहदुखदानी, पर-भवभोग चहै मत प्रानी।।
प्रानी गिलान न करि अशुचि लखि, धरम गुरु प्रभु परखिए।
पर-दोष ढकिए धरम डिगते, को सुथिर कर हरखिए।।
चहुँ संघ को वात्सल्य कीजै, धरम की परभावना।
गुन आठसों गुन आठ लहिकैं, इहाँ फेर न आवना।।

ॐ ह्रीं अष्टाङ्ग-सहितपंचविंशतिदोषरहितसम्यग्दर्शनाय पूर्णार्घं निर्वपामीति स्वाहा।

इत्याशीर्वादः

सम्यग्ज्ञान पूजन

पंच भेद जाके प्रगट, ज्ञेय प्रकाशन भान।
मोह–तपन–हर–चन्द्रमा, सोई सम्यग्ज्ञान।।

ॐ ह्रीं अष्टाङ्गसम्यग्ज्ञान ! अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वाननं। अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनं । अत्र मम् सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणं ।

नीर सुगन्ध अपार, तृषा हरै मल छय करै।
सम्यग्ज्ञान विचार, आठ भेद पूजौं सदा।।

ॐ ह्रीं अष्टाङ्गसम्यग्ज्ञानाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

जल केशर घनसार, ताप हरै शीतल करै।
सम्यग्ज्ञान विचार, आठ भेद पूजौं सदा।।

ॐ ह्रीं अष्टाङ्गसम्यग्ज्ञानाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

अछत अनूप निहार, दारिद नाशे सुख भरे।
सम्यग्ज्ञान विचार, आठ भेद पूजौं सदा।।

ॐ ह्रीं अष्टाङ्गसम्यग्ज्ञानाय अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

पहुप सुवास उदार, खेद हरे मन शुचि करै।
सम्यग्ज्ञान विचार, आठ भेद पूजौं सदा।।

ॐ ह्रीं अष्टाङ्गसम्यग्ज्ञानाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

नेवज विविध प्रकार, क्षुधा हरैं थिरता करैं।
सम्यग्ज्ञान विचार, आठ भेद पूजौं सदा।।

ॐ ह्रीं अष्टाङ्गसम्यग्ज्ञानाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दीपजोति–तमहार, घट पट परकाशैं महा।
सम्यग्ज्ञान विचार, आठ भेद पूजौं सदा।।

ॐ ह्रीं अष्टाङ्गसम्यग्ज्ञानाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

धूप घ्रान–सुखकार, रोग विघन जड़ता हरै।
सम्यग्ज्ञान विचार, आठ भेद पूजौं सदा।।

ॐ ह्रीं अष्टाङ्गसम्यग्ज्ञानाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

श्रीफल आदि विथार, निहचै सुरशिवफल करै।
सम्यग्ज्ञान विचार, आठ भेद पूजौं सदा।।

ॐ ह्रीं अष्टाङ्गसम्यग्ज्ञानाय फलं निर्वपामीति स्वाहा।

जल गन्धाक्षत चारु, दीप धूप फल फूल चरु।
सम्यग्ज्ञान विचार, आठ भेद पूजौं सदा।।

ॐ ह्रीं अष्टाङ्गसम्यग्ज्ञानाय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

जयमाला

दोहा – आप आप जानैं नियत, ग्रन्थ पठन व्योहार।
संशय विभ्रम–मोह बिन, अष्ट अंग गुनकार।।

(चौपाई मिश्रित गीता)

सम्यक्ज्ञान–रतन मन भाया, आगम तीजा नैन बताया।
अक्षर शुद्ध अर्थ पहिचानो, अक्षर अरथ उभय संग जानो।।
जानो सुकाल–पठन जिनागम, नाम गुरु न छिपाइये।
तप रीति गहि बहु मौन देकैं, विनय–गुण चित्त लाइये।।
ये आठ भेदकरम उछेदक, ज्ञान–दर्पण देखना।
इस ज्ञान ही सों भरत सीझा, और सब पट पेखना।।

ॐ ह्रीं अष्टाङ्गसम्यग्ज्ञानाय अनर्घपदप्राप्तये पूर्णार्घं निर्वपामीति स्वाहा।

इत्याशीर्वादः

सम्यक्चारित्र पूजन

विषयरोग औषध महा, दव-कषाय-जलधार।
तीर्थंकर जाको धरै, सम्यक्चारित्र सार।।

ॐ ह्रीं त्रयोदशविधसम्यक्चारित्र ! अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वाननं । अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनं । अत्र मम् सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणं ।

नीर सुगन्ध अपार, तृषा हरै मल क्षय करै।
सम्यक्चारित सार, तेरह विध पूजौं सदा।।

ॐ ह्रीं त्रयोदशविधसम्यक्चारित्राय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

जल केशर घनसार, ताप हरै शीतल करै।
सम्यक्चारित सार, तेरह विध पूजौं सदा।।

ॐ ह्रीं त्रयोदशविधसम्यक्चारित्राय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

अछत अनूप निहार, दारिद नाशै सुख भरै।
सम्यक्चारित सार, तेरह विध पूजौं सदा।।

ॐ ह्रीं त्रयोदशविधसम्यक्चारित्राय अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

पहुप सुवास उदार, खेद हरै मन शुचि करै।
सम्यक्चारित सार, तेरह विध पूजौं सदा।।

ॐ ह्रीं त्रयोदशविधसम्यक्चारित्राय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

नेवज विविध प्रकार, क्षुधा हरै थिरता करै।
सम्यक्चारित सार, तेरह विध पूजौं सदा।।

ॐ ह्रीं त्रयोदशविधसम्यक्चारित्राय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दीप-जोति तमहार, घट पट परकाशै महा।
सम्यक्चारित सार, तेरह विध पूजौं सदा।।

ॐ ह्रीं त्रयोदशविधसम्यक्चारित्राय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

धूप घ्रान सुखकार, रोग विघन जड़ता हरै।
सम्यक्चारित सार, तेरह विध पूजौं सदा।।

ॐ ह्रीं त्रयोदशविधसम्यक्चारित्राय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

श्रीफल आदि विथार, निहचै सुरशिवफल करै।
सम्यक्चारित सार, तेरह विध पूजौं सदा।।

ॐ ह्रीं त्रयोदशविधसम्यक्चारित्राय फलं निर्वपामीति स्वाहा।

जल गन्धाक्षत चारु, दीप धूप फल फूल चरु।
सम्यक्चारित सार, तेरह विध पूजौं सदा।।

ॐ ह्रीं त्रयोदशविधसम्यक्चारित्राय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

जयमाला

दोहा- **आप आप थिर नियत नय, तप संजम व्योहार।**
स्वपर दया दोनों लिये, तेरहविध दुःखहार।

(चौपाई मिश्रित गीता)

सम्यक्चारित रतन संभालो, पाँच पाप तजि के व्रत पालौ।
पंचसमिति त्रयगुपति गहीजै, नरभव सफल करहु तन छीजै।।
छीजै सदा तन को जतन यह, एक संजम पालिए।
बहु रुल्यो नरक-निगोद माहीं, विषय कषायनि टालिए।।
शुभ-करम जोग सुघाट आयो, पार हो दिन जात है।
'द्यानत' धरम की नाव बैठो, शिवपुरी कुशलात है।।

ॐ ह्रीं त्रयोदशविधसम्यक्चारित्राय महार्घं निर्वपामीति स्वाहा।

समुच्चय जयमाला

सम्यक् दर्शन ज्ञान-व्रत, इस बिन मुक्ति न होय।
अन्ध पंगु अरु आलसी, जुदे जलैं दवलोय।।

(चौपाई)

जापै ध्यान सुथिर बन आवै, ताके करमबन्ध कट जावै।
तासों शिवतिय प्रीति बढ़ावै, जो सम्यक् रत्नत्रय ध्यावै।
ताको चहुँगति के दुःख नाहीं, सो न परे भवसागर माहीं।
जनम-जरा मृत दोष मिटावै, जो सम्यक् रत्नत्रय ध्यावै।
सोई दशलच्छन को साधै, सो सोलहकारण आराधै।
सो परमातमपद उपजावै, जो सम्यक् रत्नत्रय ध्यावै।
सोई शक्र-चक्रिपद लेई, तीन लोक के सुख विलसेई।
सो रागादिक भाव बहावै, जो सम्यक् रत्नत्रय ध्यावै।
सोई लोका लोक निहारे, परमानन्द दशा विस्तारे।
आप तिरै औरन तिरवावै, जो सम्यक् रत्नत्रय ध्यावै।

ॐ ह्रीं सम्यग्दर्शन-सम्यग्ज्ञान-सम्यक्चारित्राय अनर्घपदप्राप्तये अर्घं नि.स्वाहा।

दोहा – **एक स्वरूपप्रकाश निज, वचनकह्यो नहिं जाय।**
तीन भेद व्योहार सब, द्यानत को सुखदाय।।

।। पुष्पांजलि क्षिपेत् ।।

।। विशद वाणी ।।

ha µJ_m| _| Iwe ahZm, grIm h¡ h_ZoŸ&
ha µJ_m| H$moem§{V go nrZm grIm h¡ h_ZoŸ&&
bmoJ {OZ µJ_m| go _aVo h¢ Xw{Z`m± _|Ÿ&
"{deX' CZ µJ_m| _| OrZm grIm h¡ h_ZoŸ&&

– आचार्य विशदसागर

परम पूज्य 108 आचार्य श्री विशदसागरजी महाराज की पूजन

पुण्य उदय से हे गुरुवर !, दर्शन तेरे मिल पाते हैं।
गुरुवर के दर्शन करने से, हृदय कमल खिल जाते हैं।।
गुरु आराध्य हम आराधक, करते हैं उर से अभिवादन।
तुम हृदय कमल में आ तिष्ठो, गुरु करते हैं हम आह्वानन्।

ॐ ह्रीं क्षमामूर्ति श्री आचार्य 108 विशदसागर मुनीन्द्राय अत्र अवतर अवतर संवौषट् इति आह्वानन् अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठ:ठ: स्थापनम्। अत्र मम् सन्निहितो भव-भव वषट् सन्निधिकरणम्।

सांसारिक भोगों में फँसकर, ये जीवन वृथा गंवाया है।
रागद्वेष की वैतरणी से, अब तक पार न पाया है।।
विशद सिंधु के श्री चरणों में, निर्मल जल हम लाए हैं।
भव तापों का नाश करो, भव बंध काटने आये हैं।।

ॐ ह्रीं क्षमामूर्ति श्री आचार्य 108 विशदसागर मुनीन्द्राय जन्म-जरा-मृत्यु विनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

क्रोध रूप अग्नि से अब तक, कष्ट बहुत ही पाये हैं।
कष्टों से छुटकारा पाने, गुरु चरणों में आये हैं।।
विशद सिंधु के श्री चरणों में, चंदन घिसकर लाये हैं।
संसार ताप का नाश करो, भव बंध नशाने आये हैं।।

ॐ ह्रीं क्षमामूर्ति श्री आचार्य108 विशदसागर मुनीन्द्राय संसार ताप विध्वंसनाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

चारों गतियों में अनादि से, बार-बार भटकाये हैं।
अक्षय निधि को भूल रहे थे, उसको पाने आये हैं।।

विशद सिंधु के श्री चरणों में, अक्षय अक्षत लाये हैं।
अक्षय पद हो प्राप्त हमें, हम गुरु चरणों में आये हैं।।

ॐ ह्रीं क्षमामूर्ति श्री आचार्य 108 विशदसागर मुनीन्द्राय अक्षय पद प्राप्ताय अक्षतं निर्वपामीति स्वाहा।

काम बाण की महावेदना, सबको बहुत सताती है।
तृष्णा जितनी शांत करें वह, उतनी बढ़ती जाती है।।
विशद सिंधु के श्री चरणों में, पुष्प सुगंधित लायें हैं।
काम बाण विध्वंस होय गुरु, पुष्प चढ़ाने आये हैं।।

ॐ ह्रीं क्षमामूर्ति श्री आचार्य 108 विशदसागर मुनीन्द्राय कामबाण विध्वंसनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

काल अनादि से हे गुरुवर !, क्षुधा से बहुत सताये हैं।
खाये बहु मिष्ठान जरा भी, तृप्त नहीं हो पाये हैं।।
विशद सिंधु के श्री चरणों में, नैवेद्य सुसुंदर लाये हैं।
क्षुधा शांत कर दो गुरु भव की !, क्षुधा मेटने आये हैं।।

ॐ ह्रीं क्षमामूर्ति श्री आचार्य 108 विशदसागर मुनीन्द्राय क्षुधा रोग विनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

मोह तिमिर में फंसकर हमने, निज स्वरूप न पहिचाना।
विषय कषायों में रत रहकर, अंत रहा बस पछताना।।
विशद सिंधु के श्री चरणों में, दीप जलाकर लाये हैं।
मोह अंध का नाश करो, मम् दीप जलाने आये हैं।।

ॐ ह्रीं क्षमामूर्ति श्री आचार्य 108 विशदसागर मुनीन्द्राय मोहान्धकार विध्वंसनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

अशुभ कर्म ने घेरा हमको, अब तक ऐसा माना था।
पाप कर्म तज पुण्य कर्म को, चाह रहा अपनाना था।।

विशद सिंधु के श्री चरणों में, धूप जलाने आये हैं।
आठों कर्म नशाने हेतु, गुरु चरणों में आयें हैं।।

ॐ ह्रीं क्षमामूर्ति श्री आचार्य 108 विशदसागर मुनीन्द्राय अष्टकर्मदहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

पिस्ता अरु बादाम सुपाड़ी, इत्यादि फल लाये हैं।
पूजन का फल प्राप्त हमें हो, तुमसा बनने आये हैं।।
विशद सिंधु के श्री चरणों में, भाँति-भाँति फल लाये हैं।
मुक्ति वधु की इच्छा करके, गुरु चरणों में आये हैं।।

ॐ ह्रीं क्षमामूर्ति श्री आचार्य 108 विशदसागर मुनीन्द्राय मोक्ष फल प्राप्ताय फलम् निर्वपामीति स्वाहा।

प्रासुक अष्ट द्रव्य हे गुरुवर !, थाल सजाकर लाये हैं।
महाव्रतों को धारण कर लें, मन में भाव बनाये हैं।।
विशद सिंधु के श्री चरणों में, अर्घ समर्पित करते हैं।
पद अनर्घ हो प्राप्त हमें गुरु, चरणों में सिर धरते हैं।।

ॐ ह्रीं क्षमामूर्ति श्री आचार्य 108 विशदसागर मुनीन्द्राय अनर्घ पद प्राप्ताय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जयमाला

दोहा

विशद सिंधु गुरुवर मेरे, वंदन करूँ त्रिकाल।
मन-वच-तन से गुरु की, कहते हैं जयमाल।।

गुरुवर के गुण गाने को, अर्पित है जीवन के क्षण-क्षण।
श्रद्धा सुमन समर्पित हैं, हर्षायें धरती के कण-कण।
छतरपूर के कुपी नगर में, गूँज उठी शहनाई थी।
श्री नाथूराम के घर में अनुपम, बजने लगी बधाई थी।

बचपन में चंचल बालक के, शुभादर्श यूँ उमड़ पड़े।
ब्रह्मचर्य व्रत पाने हेतु, अपने घर से निकल पड़े।
आठ फरवरी सन् छियानवे में, गुरुवर से संयम पाया।
मोक्ष ज्ञान अन्तर में जागा, मन मयूर अति हर्षाया।
तुम हो कुंद-कुंद के कुन्दन, सारा जग कुन्दन करते।
निकल पड़े बस इसीलिए, भवि जीवों की जड़ता हरते।
मंद मधुर मुस्कान तुम्हारी, चेहरे पर बिखरी रहती।
तव वाणी अनुपम न्यारी है, करुणा की शुभ धारा बहती।
तुममें कोइ मोहक मंत्र भरा, या कोई जादू टोना है।
है वेश दिगम्बर मनमोहक अरु, अतिशय रूप सलौना है।
हैं शब्द नहीं गुण गाने को, गाना भी मेरा अन्जाना।
हम पूजन स्तुति क्या जाने, बस गुरु भक्ति में रम जाना।
हम तुम्हें छोड़ न जाएँ कहीं, मन में ये फिर-फिरकर आता।
गुरु रहें चरण की शरण यहीं, मिल जाये इस जग की साता।
हम साता को पाकर समता से, सारी ममता का त्याग करें।
श्री देव-शास्त्र-गुरु के चरणों में, मन-वच-तन अनुराग करें।
गुरु गुण गाएँ गुण को पाने, औ सर्वदोष का नाश करें।
हम विशद ज्ञान को प्राप्त करें, औ सिद्ध शिला पर वास करें।

ॐ ह्रीं श्री आचार्य 108 विशदसागर मुनीन्द्राय अनर्घ पद प्राप्ताय पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

गुरु की महिमा अगम है, कौन करे गुणगान।
मंद बुद्धि के बाल हम, कैसे करें बखान।।

इत्याशीर्वाद (पुष्पाजलिं छिपेत्)

– ब्र. आस्था जैन, *देवरी*

आचार्य श्री 108 विशदसागरजी महाराज की आरती

रचयिता : क्षु. विनिर्भयसागर

विशद सागर की गुण आगर की, शुभ मंगल दीप जलाय हो
मैं आज उतारूँ आरतियाँ
नाथूराम श्री इंदर जी के, गर्भ विषें गुरु आए।
घर घर खुशी के दीप जले हैं, सब जन मंगल गाए।।
गुरुजी सब जन मंगल गाए।
गृह त्यागी की वैरागी की, ले दीप सुमन का थाल हो...
मैं आज उतारूँ आरतियाँ
गुरुवर शील व्रतों के धारी, आतम ब्रह्म विहारी,
खड्ग धार शिव पथ पर चलते, शिथिलाचार निवारी
गुरुजी शिथला चार निवारी
ना रागी की ना द्वेषी की, शुभ मंगल दीप जलाय...
मैं आज उतारूँ आरतियाँ
गुरु विराग सिंधु से आकर, तुमने दीक्षा धारी
तुमने अपने घर को छोड़ा, दुनिया छोड़ी सारी
गुरुजी दुनिया छोड़ी सारी
शुभ योगी की ना भोगी की, ले दीप रतन मय आज हो।
मैं आज उतारूँ आरतियाँ
गुरुवर आज नयन से लखकर, आलौकिक सुख पाया।
भक्ति भाव से आरती करके, फूला नहीं समाया।।
गुरु जी फूला नहीं समाया
ऐसे गुरुवर को ऐसे मुनिवर को, कर बंदन बारंबार हो...
मैं आज उतारूँ आरतियाँ
विशद सागर की....

इत्याशीर्वादः।

आचार्य श्री 108 विशदसागरजी महाराज की आरती

– **श्रीमती इन्द्रमती गुप्ता,** श्योपुर

(तर्ज : माई री माई मुंडेर पर तेरे बोल रहा कागा)

विद्यारंभ करिष्यामि सिद्धिर्भवतु मे सदा।।9।।

***

सरस्वती स्तोत्र

–आचार्य श्री विशदसागरजी महाराज

कोटी चन्द्र सूर्य से भी अति, उज्ज्वल दिव्य मूर्ति पावन।
धवल चांदनी से अति निर्मल, शुभ्र वस्त्र अति मनभावन।।
समतामय कामार्थ दायिनी, हंसारूढ़ दिव्य आसन।
रक्षा करो मात जिनवाणी, प्रतिदिन बारंबार नमन्।।1।।

नमित सुरासुर के मुकुटों की, मणिमय आभा कांतीमान।
सघन मंजरी से अनुरंजित, पाद पद्म हैं आभावान।।
नील अलीसम केश सुसुंदर, प्रमद हस्ति सम गगन गमन।
रक्षा करो मात जिनवाणी, प्रतिदिन बारंबार नमन्।।2।।

मुक्तामणि से निर्मित कुण्डल, हार मुद्रिका अरु केयूर।
निर्मल रत्नावलि सुसज्जित, मुकुट सुशोभित है भरपूर।।

सर्व अंग भूषण से सज्जति, नर मुनीन्द्र भी करें नमन्।
रक्षा करो मात जिनवाणी, प्रतिदिन बारंबार नमन्।।3।।

कंकण कनक करधनी सुंदर, कंठ में शोभित कंठाहार।
नूपुर झंकृत होते अनुपम, इत्यादि शोभित उपहार।।
धर्म वारि निध की संतति को, नित प्रति करते हैं वर्धन।
रक्षा करो मात जिनवाणी, प्रतिदिन बारंबार नमन्।।4।।

कदली दल को निंदित करते, मृदुतम जिनके दोनों हाथ।
विकसित कमल समान सुमुख है, कमलासन पर शोभित नाथ।।
सब भाषामय दिव्य देशना, जिन मुख से निःसृत पावन।
रक्षा करो मात जिनवाणी, प्रतिदिन बारंबार नमन्।।5।।

अर्ध चन्द्र सम जटा सुमंडित, कला निधी सुंदर तम रूप।
धारण किए गोद में पुस्तक, जिनका चित् चैतन्य स्वरूप।।
सर्व शास्त्र का करे प्रकाशन, अजपाजाप मय शुभ आसन।
रक्षा करो मात जिनवाणी, प्रतिदिन बारंबार नमन्।।6।।

सागर फेन समान सुसुंदर शंख लिए हैं बर्फ समान।
पूर्ण चन्द्रमा सम शोभित तन, अभ्रहार ज्यों शोभावान।।
दिव्य ललाट सहित चंचल अति, हिरणी शावक समलोचन।
रक्षा करो मात जिनवाणी, प्रतिदिन बारंबार नमन्।।7।।

काम रूपिणी हे ! करणोन्नत, जगत् पूज्य तुम परम पवित्र।
नाग गरुण किन्नर के स्वामी, पूजा करते सुर नर नित्य।।
सर्व यक्ष विद्या धरेन्द्र नित 'विशद' करें तुमको वन्दन।
रक्षा करो मात जिनवाणी, प्रतिदिन बारंबार नमन्।।8।।

***

सरस्वती नाम स्तोत्र

–आचार्य श्री विशदसागरजी महाराज

सरस्वती की कृपा से मानव, करें काव्य की संरचना।
इसीलिए निश्चल भावों से, पूज्य सरस्वती को जपना।।
श्री सर्वज्ञ कथित जिनवाणी, बहु भाषामय जिनका ज्ञान।
हनन करे अज्ञान तिमिर का, विद्या का करती गुणगान।।1।।

दिव्य कमल लोचन से देवी, सरस्वती देखो हमको।
हंसारूढ़ सुपुस्तक वीणा, धारी वंदन है तुमको ।।
प्रथम भारती नाम आपका, द्वितीय सरस्वती है नाम।
तीजा नाम शारदा देवी, हंसगामिनी चौथानाम।।2।।

विदुषां माता नाम पाँचवां, वागीश्वरी है छठवां नाम।
सप्तम नाम कुमारी पावन, ब्रह्मचारिणी अष्टम नाम।।
नौवाँ नाम जगत् माता है, ब्राह्मिणी जिनका दशवां नाम
ग्यारहवां जानो ब्रह्माणी, वरदा है बारहवां नाम।।3।।

वाणी नाम कहा तेरहवां, चौदहवां है भाषा नाम।
श्रुतदेवी है नाम पंचदश, सोलहवां है गौरी नाम।।
प्रात: उठकर श्रुतदेवी के, इन सब नामों को पढ़ते।
कर देती संतुष्ट सुमाता, विद्या में आगे बढ़ते।।4।।

इच्छित वर देने वाली, हे सरस्वती ! है तुम्हें नमन्।
सिद्धि दो हमको हे माता! काम रूपिणी तुम्हे नमन्।।
विद्या का आरंभ करूँ मैं, हे ! ब्रह्माणी तुम्हे नमन्।
'विशद' ज्ञान को देने वाली, श्री जिनवाणी तुम्हें नमन्।।5।।

***

गोम्मटेस–थुदि (प्राकृत)

विसट्ट कंदोट्ट दलाणुयारं, सुलोयणं चंद–समाण–तुण्डं।
घोणाजियं चम्पय–पुप्फसोहं, तं गोम्मटेसं पणमामि णिच्चं।।1।।

अच्छाय–सच्छं जलकंत–गण्डं, आबाहु–दोलंत–सुकण्णपासं।
गइन्द–सुण्डुज्जल–बाहुदण्डं, तं गोम्मटेसं पणमामि णिच्चं।।2।।

सुकण्ठ सोहा–जिय दिव्व–संखं, हिमालयुद्दाम–विसाल–कंधं।
सुपेक्खणिज्जायल–सुट्ठु–मज्झं, तं गोम्मटेसं पणमामि णिच्चं।।3।।

विंज्झायलग्गे पविभासमाणं, सिहामणिं सव्व–सुचेंदियाणं।
तिलोय–संतोसय–पुण्णचंदं, तं गोम्मटेसं पणमामि णिच्चं।।4।।

लया–समक्कंत–महासरीरं, भव्वावलीलद्ध–सुकप्परुक्खं।
देविंदविंदच्चिय–पायपोम्मं, तं गोम्मटेसं पणमामि णिच्चं।।5।।

दियंबरो जो ण च भीइ–जुत्तो, ण चांबरे सत्तमणो विसुद्धो।
सप्पादि–जंतु–प्फुसदो ण कंपो, तं गोम्मटेसं पणमामि णिच्चं।।6।।

आसां ण जो पोक्खदि सच्छदिट्ठी, सोक्खे ण वाञ्छा हयदोसमूलं।
विरायभावं भरहे विसल्लं, तं गोम्मटेसं पणमामि णिच्चं।।7।।

उपाहि–मुत्तं धण–धाम–वज्जियं, सुसम्मजुत्तं भय मोह–हारय।
वस्सेय–पज्जंत–मुववास–जुत्तं, तं गोम्मटेसं पणमामि णिच्चं।।8।।

(इति गोम्मटेस स्तुति)

गोमटेश स्तुति

– आचार्य श्री विशदसागरजी महाराज

चन्द्र समान सुमुख अति सुंदर, लोचन नील कमल दल रूप।
चंपक पुष्प पराजित होता, देख नाशिका का स्वरूप।।
कामदेव पद से शोभित हैं, बाहुबली है जिनका नाम।
विश्व वंद्य श्री गोमटेश पद, मेरा बारंबार प्रणाम।।1।।

जिनके स्वच्छ सुनिर्मल जल सम, शोभित सुन्दर उभय कपोल।
कर्ण कंध पर्यंत झूलते, बालों की संरचना गोल।।
गज सुण्डासम उभय भुजाएँ, गगन रूप शोभित अभिराम।
विश्व वंद्य श्री गोमटेश पद, मेरा बारंबार प्रणाम।।2।।

दिव्य शंख की शोभा को भी, जीत रहा है सुंदर कंठ।
विशद हिमालय की भांति है, वक्षस्थल जिनका उत्कंठ।।
अचल सुसुंदर कटि प्रदेश है, सुदृढ़ प्रेक्षणीय अभिराम।
विश्व वंद्य श्री गोमटेश पद, मेरा बारंबार प्रणाम।।3।।

विंध्यगिरि के अग्र भाग पर, शुभम् कांति से दमक रहे।
सब चैत्यों के शिखामणि हो, पूर्ण चाँद सम चमक रहे।।
तीन लोकवर्ती जीवों को, सुख देते अनुपम अभिराम।
विश्व वंद्य श्री गोमटेश पद, मेरा बारंबार प्रणाम।।4।।

लिपटी महत् लताएँ जिनके, महत् देह पर चारों ओर।
कल्पवृक्ष सम भवि जीवों को, कर देते हैं भाव विभोर।।
देवेन्द्रों के द्वारा अर्चित, चरण कमल जिनके अभिराम।
विश्व वंद्य श्री गोमटेश पद, मेरा बारंबार प्रणाम।।5।।

पूर्ण दिगंबर निर्भय साधक, जो हैं निज आतम के भक्त।
मन विशुद्ध जिनका वस्त्रों में, होता नहीं, कभी आसक्त।।

सर्पादि की फुंकारों से, कंपित न होते अभिराम।
विश्व वंद्य श्री गोमटेश पद, मेरा बारंबार प्रणाम।।6।।

स्वच्छ दृष्टि शुभ बुद्धि वाले, दोष मूल है मोह विहीन।
नाश किया उस महाबली को, सुख की आशा से भी हीन।।
किया पराजित भ्रात भरत को, शल्य रहित शोभित अभिराम।
विश्व वंद्य श्री गोमटेश पद, मेरा बारंबार प्रणाम।।7।।

सर्व परिग्रह रहित आप हैं, धन अरु धाम के त्यागी देव।
मद अरु मोह जीतने वाले, क्षायिक समदृष्टि हैं एव।।
एक वर्ष पर्यंत अखंडित, 'विशद' किया अनशन अभिराम।
विश्व वंद्य श्री गोमटेश पद, मेरा बारंबार प्रणाम।।8।।

(इति गोम्मटेस स्तुति)

श्री पार्श्वनाथस्तोत्रम्

नरेन्द्रं फणीन्द्रं सुरेन्द्रं अधीशं, शतेन्द्रं सु पूजैं भजैं नाय शीशं।।
मुनीन्द्रं गणेन्द्रं नमों जोड़ि हाथं, नमो देवदेवं सदा पार्श्वनाथं।।1।।

गजेन्द्रं मृगेन्द्रं गह्यो तू छुड़ावै, महा आगतैं नागतैं तू बचावै।।
महावीर तैं युद्ध में तू जितावै, महा रोगतैं बंधतैं तू छुड़ावै।।2।।

दुखी दुःखहर्ता सुखी सुखकर्ता, सदा सेवकों को महानन्द भर्ता।।
हरे यक्षराक्षस भूतं पिशाचं, विषं डाकिनीविघ्न के भय अवाचं।।3।।

दरिद्रीन को द्रव्य के दान दीने, अपुत्रीन को तू भले पुत्र कीने।।
महासंकटों से निकारै विधाता, सबै संपदा सर्व को देहि दाता।।4।।

महाचोर को वज्र को भय निवारे, महापुण्य के पुंजतै तू उबारै।।
महाक्रोध की अग्नि को मेघधारा, महालोभशैलेश को वज्र भारा।।5।।

महा मोह अंधेर को ज्ञान भानं, महाकर्म कांतार को दौ प्रधानं।।
किये नाग–नागिन अधोलोकस्वामी, हस्योमान तू दैत्य को हो अकामी।।6।।

तुही कल्पवृक्षं तुही कामधेनु, तुही दिव्य चिंतामणि नाग एनं।।
पशु नर्क के दुःखतैं तू छुड़ावै, महास्वर्गतै मुक्ति मैं तू बसावै।।7।।

करै लौह को हेम पाषाण नामी, रटै नाम सो क्यों न हो मोक्षगामी।।
करै सेव ताकी करैं देव सेवा, सुने वैन सोही लहै ज्ञान मेवा।।8।।

जपै जाप ताको नहीं पाप लागै, धरे ध्यान ताके सबै दोष भागै।।
बिना तोहि जाने धरे भव घनेरे, तुम्हारी कृपा तैं सरैं काज मेरे।।9।।

दोहा– गणधर इन्द्र न कर सकैं, तुम विनती भगवान।
'द्यानत' प्रीति निहारकैं, कीजे आप समान।।

।। इति समाप्तम् ।।

24 तीर्थंकर स्तवन

– आचार्य श्री विशदसागरजी महाराज

श्री आदीश जिनेन्द्र प्रभु, आदि ब्रह्म अवतार।
चरण वन्दना कर मिले, आदि धर्म आधार।।1।।

जीते विषय कषाय अरु, मद को जीता साथ।
अजिनाथ बनने झुका, अजित नाथ पद माथ।।2।।

सम्भव जिन सम्भाव से, पाए आत्म स्वभाव।
निज स्वभाव पा जाऊँ मैं, बने हृदय में भाव।।3।।

अभिनन्दन वन्दन करूँ, हमको करो निहाल।
अभिनन्दन मैं बन सकूँ, शीष झुकाता बाल।।4।।

सुमतिनाथ ने सुमति से, पाई सुमति महान।
सुमति प्राप्त हो सुमति से, दीजे यह वरदान।।5।।

पद्मप्रभु की पद्म सम, शुभ्र सुकोमल देह।
बनू पद्म सम मैं प्रभु, त्यागू गेह सनेह।।6।।

पार्श्व मणि फीकी रहे, जिन सुपार्श्व के पास।
हृदय बसे जिन देव जी, मम हो चरणों वास।।7।।

चन्द्र चरण में चिह्न है, वर्ण सुचन्द्र समान।
चन्द्रप्रभु के ध्यान से, हो आतम कल्याण।।8।।

सुभम् सुकोमल पुष्प सम, पुष्पदंत भगवान।
वर दे कर दो पुष्प सम, बन जाऊँ गुणवान।।9।।

अंतश्तल में तैरकर, शीतल हुए सुदेव।
मम उर भी शीतल बने, पाऊ चरण की सेव।।10।।

जिन श्रेयांस ने श्रेय से, किया कर्म का नाश।
निःश्रेयस मैं बन सकूँ, रहे चरण में वास।।11।।

तीन लोक में हुए हो, वासुपूज्य तुम पूज्य।
चरण शरण का दास यह, क्यों हो रहा अपूज्य।।12।।

कल मल सारा शांत कर, विमलनाथ जिनराज ।
माथ झुकाता भाव से, पद में सकल समाज।।13।।

गुण अनन्त की खान हैं, श्री अनन्त जिनराज।
हम अनन्त गुण पा सकें, होय सफल यह काज।।14।।

धर्म धुरन्धर धर्मधर, धर्मनाथ भगवान।
धर्म विशद मैं पा सकूँ, दो हमको यह दान।।15।।

क्रान्ति भ्रान्ति को मैटकर, हुए शांति के नाथ।
शान्तिनाथ के चरण में, झुका रहे हम माथ।।16।।

चक्री काम कुमार अरु, हुए तीर्थ के नाथ।
कुंथुनाथ जी शरण दो, कभी न छूटे साथ।।17।।

विरह किया वसु कर्म से, हुए धर्म के ईश।
अरहनाथ के चरण में, झुका रहे हम शीष।।18।।

मोह मल्ल को जीतकर, मल्लिनाथ के साथ।
मोक्ष मार्ग पर बढ़ सकूँ, जोड़ रहा मैं हाथ।।19।।

मुनिसुव्रत जिनवर हुए, मुनिव्रतों को धार।
पूर्ण व्रतों को प्राप्त कर, भवदधि पाऊँ पार।।20।।

नील कमल पर शोभते, नमीनाथ भगवान।
सुगुण बनू तुम सा प्रभु, गुण अनन्त की खान।।21।।

राज्य तजा राजुल तजी, धार लिया वैराग्य।
नेमिनाथ तुम सा बनूँ, जगे सुभम सौभाग्य।।22।।

चिच्चिन्तामणि पार्श्वजिन, विघ्न विनाशक नाथ।
विघ्न हरण हर लो विघन, झुका चरण में माथ।।23।।

वर्धमान सन्मति प्रभु, वीर और अतिवीर।
महावीर करके कृपा, आन बँधाओ धीर।।24।।

मन वच तन से विमल हो, विमल बनू अनगार।
विमल सिन्धु भव सिन्धु में, दो हमको आधार।।25।।

भरत सिन्धु गुरुवर परम, वन्दन करूँ त्रिकाल।
जिन भक्ति युत चरण में, करते हैं नत भाल।।26।।

राग आग को छोड़कर, धरा दिगम्बर रूप।
विराग सिन्धु मैं पा सकूँ, निज आतम स्वरूप।।27।।

'विशद' भाव से किया है, जिन गुरु का गुणगान।
अक्षर पद की भूल को, पढ़ें विशद धीमान।।28।।

।। इति समाप्तम् ।।

करुणाष्टक

–आचार्य श्री विशदसागरजी

(तर्ज– नित देव मेरी आत्मा...)

त्रिभुवन गुरो ! जिनवर परम्, आनंद कारण आप्त हो।
मुझ दास पर करुणा करो, अतिशीघ्र मुक्ति प्राप्त हो।।
तुम तरण तारण हो प्रभु, अब शरण अपनी लीजिए।
करुणानिधि करुणा करो, भव पार हमको कीजिए।।1।।

हे देव अर्हत् ! जगत् की, दुःखमय दशा को जानकर।
हो गया हूँ निर्विक्त मैं, इस जगत् को पहिचानकर।।
हो जन्म न फिर से प्रभु, अब शरण अपनी लीजिए।
करुणानिधि करुणा करो, भव पार हमको कीजिए।।2।।

हे देव अर्हत् ! भव भयंकर, कूप में मैं गिर गया।
तुम योग्य हो उससे निकालो, कीजिए मुझ पर दया।।
मैं पुनर्पुन विनती ये करता, शरण अपनी लीजिए।
करुणानिधि करुणा करो, भव पार हमको कीजिए।।3।।

हे देव ! तुम करुणानिधि हो, जगत् में तुम शरण हो।
मैंने पुकारा आपको तुम, श्रेष्ठ तारण तरण हो।।
मोह रिपु ने मद दलित, मेरा किया सुन लीजिए।
करुणानिधि करुणा करो, भव पार हमको कीजिए।4।।

हे देव जिन ! पर के सताए, पुरुष पर करुणा करें।
ज्यों गाँवपति उर करुण होकर, और की विपदा हरें।।

त्रैलोक्यपति कर्मों से मेरी, आप रक्षा कीजिए।
करुणानिधि करुणा करो, भव पार हमको कीजिए।।5।।

हे देव ! मेरा एक ही, वक्तव्य में यह है कथन।
करके दया अब मेंट दो, इस जगत से जीवन मरण।।
जिससे प्रलापी हो गया मैं, खेद वह हर लीजिए।
करुणानिधि करुणा करो, भव पार हमको कीजिए।।6।।

हे देव जिन ! मैं जगत् के, संताप से संतप्त हूँ।
चरणों की शीतल छाँव को, पाकर हुआ मैं तृप्त हूँ।।
अमृतमयी करुणा की छाया, में मुझे ले लीजिए।
करुणानिधि करुणा करो, भव पार हमको कीजिए।।7।।

हे ! पद्मनंदि गुरू से, स्तुत्य जग में इक शरण।
मैं आपके करता हूँ भगवन्, चरण में शत्-शत् नमन्।।
मैं कहूँ क्या ? अति दास को, अपनी शरण ले लीजिए।
करुणानिधि करुणा करो, भव पार हमको कीजिए।।8।।

***

।। विशद वाणी ।।

B§gmZ A~ B©_mZ ~¡MH$a ImZo bJm h¡,
_§{Xa N>mo‹S>H$a _{Xamb` OmZo bJm h¡Ÿ&&
^m¡{VHVmHs MH$mMm¢Y _| BVZo Sy>~ JE h¢ bmoJ,
~mn-XmXm go ~‹S>m CÝh| én`m ZOa AmZo bJm h¡Ÿ&&

– आचार्य विशदसागर

श्री आदिनाथ चालीसा

शीश नवा अरिहंत को, सिद्धन करूँ प्रणाम।
उपाध्याय आचार्य का, ले सुखकारी नाम।।
सर्व साधु और सरस्वती, जिन मन्दिर सुखकार।
आदिनाथ भगवान को, मन मन्दिर में धार।।

।। चौपाई।।

जै जै आदिनाथ जिन स्वामी, तीनकाल तिहुँ जग में नामी।
वेष दिगम्बर धार रहे हो, करमों को तुम मार रहे हो।।
हो सर्वज्ञ बात सब जानों, सारी दुनियाँ को पहचानों।
नगर अजुध्या जो कहलाये, राजा नाभिराय बतलायें।।
मरूदेवी माता के उदर से, चैत वदी नवमी को जन्मे।
तुमने जग को ज्ञान सिखाया, कर्मभूमि का बीज उपाया।।
कल्पवृक्ष जब लगे विघटने, जनता आई दुखड़ा कहने।
सबका संशय जभी भगाया, सूर्य चन्द्र का ज्ञान कराया।।
खेती करना भी सिखलाया, न्याय दण्ड आदिक समझाया।
तुमने राज्य किया नीति का, सबक आपसे जग ने सीखा।।
पुत्र आपका भरत बताया, चक्रवर्ति जग में कहलाया।
बाहुबली जो पुत्र तुम्हारे, सबसे पहले मोक्ष सिधारे।।
सुता आपकी दो बतलाई, ब्राह्मी और सुन्दरी बतलाई।
उनको भी विद्या सिखलाई, अक्षर और गिनती बतलाई।।
एक दिन राज सभा के अन्दर, एक अप्सरा नाची रही कर।
आयु बहुत थोड़ी थी बाकी, इसलिए वह थोड़ा नाची।।
जभी मर गई जिसे देख कर, झट आया वैराग्य उमड़कर।
बेटों को झट पास बुलाया, राजपाट सब में बँटवाया।।

छोड़ सभी झंझट संसारी, वन जाने की करी तैयारी।
राव हजारों साथ सिधाये, राजपाट तज वन को धाये।।
लेकिन जब तुमने तप कीना, सबने अपना रस्ता लीन।
वेष दिगम्बर तजकर सबने, छाल आदि के कपड़े पहिने।।
भूख प्यास से जब घबराये, फल आदिक खा भूख मिटाये।
और धर्म इस भांति फलाये, जो अब दुनियाँ में दिखलाये।।
छै महीने तक ध्यान लगाये, फिर भोजन करने को आये।
भोजन विधि जाने नाहिं कोई, कैसे प्रभु का भोजन होई।।
इसी तरह बस चलते चलते, छै महीने भोजन को बीते।
नगर हस्तिनापुर में आये, राजा सोम श्रेयांस बताये।।
याद जभी पिछला भव आया, तुमको फौरन ही पड़गाया।
रस गन्ने का तुमने पाया, दुनिया को उपदेश सुनाया।।
तप कर केवलज्ञान उपाया, मोक्ष गये सब जग हर्षाया।
अतिशय युक्त तुम्हारा मन्दिर, एक है मरसलगंज के अन्दर।।
उसका यह अतिशय बतलाया, कष्टक्लेश का होय सफाया।
मानतुङ्ग पर दया दिखाई, जंजीरें सब काट गिराई।।
राज सभा में मान बढ़ाया, जैन धर्म जग में फैलाया।
मुझ पर भी महिमा दिखलाओ, कष्ट चन्द्र का दूर भगाओ।।

।। सोरठा ।।

नित चालीस ही बार, पाठ करे चालीस दिन।
खेवे धूप अपार, मरसलगंज में आय के।।
होय कुबेर समान, जन्म दरिद्री होय जो।
जिसके नहिं संतान, नाम वंश जग में चले।।

जाप :– ॐ ह्रीं अर्हं श्री आदिनाथ जिनेन्द्राय नमः।

श्री पद्मप्रभ चालीसा

शीश नवा अरिहन्त को, सिद्धन करूँ प्रणाम।
उपाध्याय आचार्य का, ले सुखकारी नाम।।
सर्व साधु और सरस्वती, जिन मन्दिर सुखकार।
पद्मपुरी के 'पद्म' को मन मन्दिर में धार।।

।। चौपाई ।।

जय श्री पद्मप्रभ गुणधारी, भविजन के हो तुम हितकारी।
देवों के तुम देव कहाओ, पाप भक्त के दूर हटाओ।।
तुम जग के सर्वज्ञ कहाओ, छट्ठे तीर्थंकर कहलाओ।
तीन काल तिहुं जग की जानो, सब बातें क्षण में पहिचानो।।
वेष दिगम्बर धारण हारे, तुम से कर्म शत्रु भी हारे।
मूर्ति तुम्हारी कितनी सुन्दर, दृष्टि सुखद जमती नाशा पर।।
क्रोध मान मद लोभ भगाया, राग द्वेष का लेश न पाया।
वीतराग तुम कहलाते हो, सब जग के मन को भाते हो।।
कौशाम्बी नगरी कहलाए, राजा धारणजी बतलाए।
सुन्दर नारि सुसीमा उनके, जिसके उर से स्वामी जन्मे।।
कितनी लम्बी उमर कहाई, तीस लाख पूरव बतलाई।
इकदिन हाथी बंधा निरखकर, झट आया वैराग्य उमड़कर।।
कार्तिक सुदी त्रयोदश भारी, तुमने मुनिपद दीक्षाधारी।
सारे राजपाट को तज के, तभी मनोहर वन में पहुँचे।।
तप कर केवलज्ञान उपाया, चैत सुदी पन्दरस कहलाया।
इकसौदस गणधर बतलाये, मुख्य वज्र चामर कहलाये।।
लाखों मुनी अर्जिका लाखों, श्रावक और श्राविका लाखों।
असंख्यात तिर्यञ्च बताए, देवी देव गिनत नहीं पाए।।

फिर सम्मेद शिखर पर जाके, शिवरमणी को ली परणा के।
पंचमकाल महा दुखदाई, जब तुमने महिमा दिखलाई।।
जयपुर राज्य ग्राम बाडा है, स्टेशन शिवदासपुरा है।
मूला नाम जाट का लड़का, घर की नींव खोदने लागा।।
खोदत खोदत मूर्ति दिखाई, उसने जनता को बतलाई।
चिह्न कमल लख लोग लुगाई, पद्मप्रभ की मूर्ति बताई।।
मन में अति हर्षित होते हैं, अपने दिल का मल धोते हैं।
तुमने यह अतिशय दिखलाया, भूत-प्रेत को दूर भगाया।।
भूत-प्रेत दुःख देते जिसको, चरणों में लाते हैं उसको।
जब गंधोदक छींटा मारे, भूत-प्रेत तब आप बकारे।।
जपने से जब नाम तुम्हारा, भूत-प्रेत सब करे किनारा।
ऐसी महिमा बतलाते हैं, अन्धे भी आँखें पाते हैं।।
प्रतिमा श्वेतवर्ण कहलाये, देखत ही हृदय को भाये।
ध्यान तुम्हारा जो धरता है, इस भव से वह नर तरता है।।
अन्धा देखे गूंगा गाये, लंगड़ा पर्वत पर चढ़ जाये।
बहरा सुन-सुन कर खुश होवे, जिस पर कृपा तुम्हारी होवे।।

मैं हूँ स्वामी दास तुम्हारा, मेरी नैया करदो पार।
चालीसे को 'चन्द्र' बनावे, पद्मप्रभ को शीश नवावे।।

सोरठा

नित चालीसहिं बार, पाठ करे चालीस दिन।
खेय सुगन्ध अपार, पद्मपुरी में आय के।।
होय कुबेर समान, जन्म दरिद्री होय जो।
जिनके नहिं सन्तान, नाम वंश जग में चले।।

जाप :- ॐ ह्रीं अर्हं श्री पद्मप्रभ जिनेन्द्राय नमः।

श्री चन्द्रप्रभु चालीसा

शीश नवा अरिहंत को, सिद्धन करूँ प्रणाम।
उपाध्याय आचार्य का, ले सुखकारी नाम।।
सर्व साधु और सरस्वती, जिन मन्दिर सुखकार।
चन्द्रपुरी के चन्द्र को, मन मन्दिर में धार।।

।। चौपाई।।

जय-जय स्वामी श्री जिन चन्दा, तुमको निरख भये आनन्दा।
तुम ही प्रभु देवन के देवा, करूँ तुम्हारे पद की सेवा।।
वेष दिगम्बर कहलाता है, सब जग के मन भाता है।
नाशा पर है दृष्टि तुम्हारी, मोहनि मूरति कितनी प्यारी।।
तीन लोक की बातें जानो, तीन काल क्षण में पहचानो।
नाम तुम्हारा कितना प्यारा, भूत प्रेत सब करें निवारा।।
तुम जग में सर्वज्ञ कहाओ अष्टम तीर्थङ्कर कहलाओ।
महासेन जो पिता तुम्हारे, लक्ष्मणा के दिल के प्यारे।।
तज वैजंत विमान सिधाये, लक्ष्मणा के उर में आये।
पोष वदी एकादश नामी, जन्म लिया चन्दा प्रभु स्वामी।।
मुनि समन्तभद्र थे स्वामी, उन्हें भस्म व्याधि बीमारी।
वैष्णव धर्म जभी अपनाया, अपने को पण्डित कहाया।।
कहा राव से बात बताऊँ, महादेव को भोग खिलाऊँ।
प्रतिदिन उत्तम भोजन आवे, उनको मुनि छिपाकर खावे।।
इसी तरह निज रोग भगाया, बन गई कंचन जैसी काया।
इक लड़के ने पता चलाया, फौरन राजा को बतलाया।।
तब राजा फरमाया मुनि को, नमस्कार करो शिवपिंडी को।
राजा से तब मुनि जी बोले, नमस्कार पिंडी नहिं झेले।।
राजा ने जंजीर मंगाई, उस शिवपिंडी में बंधवाई।
मुनि ने स्वयंभू पाठ बनाया, पिंडी फटी अचम्भा छाया।।

चन्द्रप्रभ की मूर्ति दिखाई, सब ने जय–जयकार मनाई।
नगर फिरोजाबाद कहाये, पास नगर चन्दवार बताये।।
चन्द्रसैन राजा कहलाया, उस पर दुश्मन चढ़कर आया।
राव तुम्हारी स्तुति गाई, सब फौजों को मार भगाई।।
दुश्मन को मालूम हो जावे, नगर घेरने फिर आ जावे।
प्रतिमा जमना में पधराई, नगर छोड़कर परजा धाई।।
बहुत समय ही बीता है कि, एक यती को सपना दीखा।
बड़े जतन से प्रतिमा पाई, मन्दिर में लाकर पधराई।।
वैष्णवों ने चाल चलाई, प्रतिमा लक्ष्मण की बतलाई।
अब तो जैनी जन घबरावें, चन्द्र प्रभु की मूर्ति बतावें।।
चिह्न चन्द्रमा का बतलाया, तब स्वामी तुमको था पाया।
सोनागिरि में सौ मन्दिर हैं, इक से बढ़कर इक सुन्दर हैं।।
समवशरण था यहाँ पर आया, चन्द्र प्रभु उपदेश सुनाया।
चन्द्र प्रभु का मन्दिर भारी, जिसको पूजे सब नर–नारी।।
सात हाथ की मूर्ति बताई, लाल रंग प्रतिमा बतलाई।
मन्दिर और बहुत बतलाये, शोभा वरणत पार न पाये।।
पार करो मेरी यह नैया, तुम बिन कोई नहीं खिवैया।
प्रभु मैं तुमसे कुछ नहीं चाहूँ, भव–भव में दर्शन पाऊँ।।
मैं हूँ स्वामी दास तिहारा, करो नाथ अब तो निस्तारा।
स्वामी आप दया दिखलाओ, चन्द्रदास को चन्द्र बनाओ।।

।। सोरठा ।।

नित चालीसहिं बार, पाठ करे चालीस दिन।
खेय सुगन्ध अपार, अहिक्षेत्र में आय के।।
होय कुबेर समान, जन्म दरिद्री होय जो।
जिसके नहिं संतान, नाम वंश जग में चले।।

जाप:ह्न ॐ ह्रीं अर्हं श्रीचन्द्रप्रभजिनेन्द्राय नम:।

श्री पार्श्वनाथ चालीसा

शीश नवा अरिहंत को, सिद्धन करूँ प्रणाम।
उपाध्याय आचार्य का, ले सुखकारी नाम।।
सर्व साधु और सरस्वती, जिन मन्दिर सुखकार।
अहिच्छत्र और पार्श्व को, मन मन्दिर में धार।।

।। चौपाई ।।

पारसनाथ जगत हितकारी, हो स्वामी तुम व्रत के धारी।
सुर नर असुर करें तुम सेवा, तुम ही सब देवन के देवा।।
तुमसे करम शत्रु भी हारा, तुम कीना जग का निस्तारा।
अश्वसैन के राजदुलारे, वामा की आँखों के तारे।।
काशीजी के स्वामी कहाये, सारी परजा मौज उड़ाये।
इक दिन सब मित्रों को लेके, सैर करन को वन में पहुँचे।।
हाथी पर कसकर अम्बारी, इक जंगल में गई सवारी।
एक तपस्वी देखा वहाँ पर, उससे बोले वचन सुनाकर।।
तपसी ! तुम क्यों पाप कमाते, इस लक्कड़ में जीव जलाते।
तपसी तभी कुदाल उठाया, उस लक्कड़ को चीर गिराया।।
निकले नाग–नागनी कारे, मरने को थे निकट बिचारे।
रहम प्रभु के दिल में आया, तभी मंत्र नवकार सुनाया।।
मरकर वो पाताल सिधाये, पद्मावती धरणेन्द्र कहाये।
तपसी मरकर देव कहाया, नाम कमठ ग्रन्थों में गाया।।
एक समय श्री पारस स्वामी, राज छोड़कर वन की ठानी।
तप करते थे ध्यान लगाये, इक दिन कमठ वहाँ पर आये।।
फौरन ही प्रभु को पहिचाना, बदला लेना दिल में ठाना।
बहुत अधिक बारिश बरसाई, बादल गरजे बिजली गिराई।।
बहुत अधिक पत्थर बरसाये, स्वामी तन को नहीं हिलाये।
पद्मावती धरणेन्द्र भी आये, प्रभु की सेवा में चित लाये।।

पद्मावती ने फन फैलाया, उस पर स्वामी को बैठाया।
धरणेन्द्र के फन फैलाया, प्रभु के सर पर छत्र बनाया।
कर्मनाश प्रभु ज्ञान उपाया, समवशरण देवेन्द्र रचाया।।
यही जगह अहिच्छत्र कहाये, पात्र केशरी जहाँ पर आये।
वह पण्डित ब्राह्मण विद्वाना, जिनको जाने सकल जहाना।।
शिष्य पाँच सौ संग में आए, सब कट्टर ब्राह्मण कहलाये।
पार्श्वनाथ का दर्शन पाया, सबने जैन धरम अपनाया।।
अहिच्छत्र थी सुन्दर नगरी, जहाँ सुखी थी परजा सगरी।
राजा श्री वसुपाल कहाये, वो इक जिन मन्दिर बनवाये।।
प्रतिमा पर पालिश करवाया, फौरन इक मिस्त्री बुलवाया।
वह मिस्तरी माँस खाता था, इससे पालिश गिर जाता था।।
मुनि ने उसे उपाय बताया, पारस दर्शन व्रत दिलवाया।
मिस्त्री ने व्रत पालन कीना, फौरन ही रंग चढ़ा नवीना।।
गदर सतावन का किस्सा है, इक माली को यो लिक्खा है।
माली एक प्रतिमा को लेकर, झट छुप गया कुए के अन्दर।।
उस पानी का अतिशय भारी, दूर होये सारी बीमारी।
जो अहिच्छत्र हृदय से ध्यावे, सो नर उत्तम पदवी पावे।।
पुत्र सम्पदा की बढ़ती हो, पापों की इकदम घटती हो।
है तहसील आँवला भारी, स्टेशन पर मिले सवारी।।
रामनगर इक ग्राम बराबर, जिसको जाने सब नारी नर।
चालीसे को 'चन्द्र' बनाये, हाथ जोड़कर शीश नवाये।।

।। सोरठा।।

नित चालीसहिं बार, पाठ करे चालीस दिन।
खेय सुगन्ध अपार, अहिच्छत्र में आय के।।
होय कुबेर समान, जन्म दरिद्री होय जो।
जिसके नहीं सन्तान, नाम वंश जग में चले।।

जाप :– ॐ ह्रीं अर्हं श्री चिन्तामणि पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय नमः।

श्री महावीर चालीसा

शीश नवा अरिहन्त को, सिद्धन करूँ प्रणाम।
उपाध्याय आचार्य का, ले सुखकारी नाम।।
सर्व साधु और सरस्वती, जिन मन्दिर सुखकार।
महावीर भगवान को, मन मन्दिर में धार।।

।। चौपाई।।

जय महावीर दयालु स्वामी, वीर प्रभु तुम जग में नामी।
वर्धमान है नाम तुम्हारा, लगे हृदय को प्यारा–प्यारा।।
शाँति छवि और मोहनी मूरत, शान हंसीली सोहनी सूरत।
तुमने वेष दिगम्बर धारा, कर्म शत्रु भी तुम से हारा।।
क्रोध मान और लोभ भगाया, माया मोह ने तुमसे डर खाया।
तू सर्वज्ञ सर्व का ज्ञाता, तुझको दुनिया से क्या नाता।।
तुझमें नहीं राग और द्वेष, वीतराग तू हितोपदेश।
तेरा नाम जगत में सच्चा, जिसको जाने बच्चा–बच्चा।।
भूत प्रेत तुम से भय खावें, व्यन्तर राक्षस सब भग जावें।
महा व्याध मारी न सतावे, महा विकराल काल डर खावे।।
काला नाग होय फनधारी, या हो शेर भयंकर भारी।
ना हो कोई बचाने वाला, स्वामी तुम्हीं करो प्रतिपाला।।
अग्नि दावानल सुलग रही हो, तेज हवा से भड़क रही हो।
नाम तुम्हारा सब दुःख खोवे, आग एकदम ठण्डी होवे।।
हिंसामय था भारत सारा, तब तुमने कीना निस्तारा।
जन्म लिया कुण्डलपुर नगरी, हुई सुखी तब प्रजा सगरी।।
सिद्धारथ जी पिता तुम्हारे, त्रिशला की आँखों के तारे।
छोड़ सभी झंझट संसारी, स्वामी हुए बाल ब्रह्मचारी।।

पंचम काल महा दुख:दाई, चाँदनपुर महिमा दिखलाई।
टीले में अतिशय दिखलाया, एक गाय का दूध गिराया।।
सोच हुआ मन में ग्वाले के, पहुँचे एक फावड़ा लेके।
सारा टीला खोद बगाया, तब तुमने दर्शन दिखलाया।।
जोधराज को दुख ने घेरा, उसने नाम जपा जब तेरा।
ठंडा हुआ तोप का गोला, तब सब ने जयकारा बोला।।
मन्त्री ने मन्दिर बनवाया, राजा ने भी दरब लगाया।
बड़ी धर्मशाला बनवाई, तुमको लाने को ठहराई।।
तुमने तोड़ी बीसों गाड़ी, पहिया मसका नहीं अगाड़ी।
ग्वाले ने जो हाथ लगाया, फिर तो रथ चलता ही पाया।।
पहिले दिन वैशाख वदी के, रथ जाता है तीर नदी के।
मीना गूजर सब ही आते, नाच-कूद सब चित्त उमगाते।।
स्वामी तुमने प्रेम निभाया, ग्वाले का तुम मान बढ़ाया।
हाथ लगे ग्वाले का जब ही, स्वामी रथ चलता है तब ही।।
मेरी है टूटी सी नैया, तुम बिन कोई नहीं खिवैया।
मुझ पर स्वामी जरा कृपा कर, मैं हूँ प्रभु तुम्हारा चाकर।।
तुम से मैं अरु कछु नहीं चाहूँ, जन्म-जन्म तेरे दर्शन पाऊँ।
चालीसे को 'चन्द्र' बनावे, वीर प्रभु को शीश नमावे।।

।। सोरठा ।।

नित चालीसहिं बार, पाठ करे चालीस दिन।
खेय सुगन्ध अपार, वर्धमान के सामने।।
होय कुबेर समान, जन्म दरिद्री होय जो।
जिसके नहिं सन्तान, नाम वश जग में चले।।

जाप :- ॐ ह्रीं अर्हं श्री महावीर जिनेन्द्राय नमः।

पंच परमेष्ठी की आरती

इह विधि मंगल आरती कीजै, पंच परम पद भज सुख लीजे।
पहली आरती श्री जिनराजा, भव-दधि पार उतार जिहाजा। इह विधि...।।
दूसरी आरती सिद्धन केरी, सुमरन करत मिटै भव फेरी। इह विधि...।।
तीसरी आरती सूर मुनीन्दा, जनम मरण दुःख दूर करिन्दा। इह विधि...।।
चौथी आरती श्री उवज्झाया, दर्शन देखत पाप पलाया। इह विधि...।।
पांचवी आरती साधु तिहारी, कुमति-विनाशन शिव अधिकारी। इह विधि...।।
छट्ठी ग्यारह प्रतिमा धारी, श्रावक वंदों आनन्दकारी। इह विधि...।।
सातवी आरती श्री जिनवाणी, 'द्यानत' सुरग-मुकति सुख दानी। इह विधि...।।
संध्या करके आरती कीजे, अपनो जनम सफल कर लीजे। इह विधि...।।
सोने का दीप कपूर की बाती, जग मग ज्योति जले सारी राती।इह विधि...।।

।। इति समाप्तम् ।।

आरती श्री चन्द्रप्रभ जी

म्हारा चन्द्रप्रभुजी की सुन्दर, मूरत म्हारे मन भाई जी।
सावन सुदी दशमी तिथि आई, प्रकट त्रिभुवन राई जी।।
अलवर प्रान्त में नगर तिजारा, दरशे देहरे मांहीजी।
सीता सती ने तुमको ध्याया, अग्नि में कमल रचायाजी।।
मैनासती ने तुमको ध्याया, पति का कष्ट हटाया जी।
सोमा सती ने तुमको ध्याया, नाग का हार बनाया जी।।
मानतुंग मुनि तुमको ध्याया, तालों को तोड़ भगायाजी।
जो भी दुखिया दर पर आया, उसका कष्ट मिटाया जी।
अंजन चोर ने तुमको ध्याया, सूली से अधर उठाया जी।
समोशरण में जो कोई आया, उसको पार लगाया जी।
ठाड़ो सेवक अर्ज करे है, जामन-मरण मिटाओ जी।
नवयुवक मण्डल तुमको ध्यावे, बेड़ा पार लगाओ जी।।

।। इति समाप्तम् ।।

आरती श्री शांतिनाथ जी

जय जिनवर देवा प्रभु जय जिनवर देवा।।टेक।।
शांति विधाता शिव सुखदाता शांतिनाथ देवा।।

ऐरा देवी धन्य जगत में, जिन उर आन बसे।
विश्वसेन कुल नभ में मानों पूनम चन्द्र लसे।।टेक।।

कृष्ण चतुर्दशी जेठ मास की आनन्द करतारी।
हस्तिनापुर में जन्म महोत्सव ठाठ रचे भारी।।टेक।।

बाल्य काल की लीला अद्‍भुत सुर नर मन भाई।
न्याय नीति से राज्य कियो चिर सबको सुखदाई।।टेक।।

पञ्चम चक्री काम द्वादशम सोलम तीर्थंकर।
त्रय पदधारी तुम्हीं मुरारी ब्रह्मा शिव शंकर।।टेक।।

भवतन भोग समझ क्षणभंगुर मुनि व्रतधार लिए।
षट् खण्ड नवनिधि रतन चतुर्दश तृणवत् छोड़ दिये।।टेक।।

दुर्द्धर तपकर कर्म निवारे केवल ज्ञान लहा।
दे उपदेश भविक जन बोधे ये उपकार किया।।टेक।।

शांतिनाथ है नाम तिहारा सब जग शांति करो।
अरज करे 'शिवराम' चरण में भव आताप हरो।।टेक।।

।। इति समाप्तम् ।।

।। विशद वाणी ।।

em§{V go em§{V H$mo nm J`o em§{V {OZŸ&
~rVo h¢ em§{V go qO‹XJr Ho$ ^r {XZŸ&&
em§{V {OZ H$s {_bo em§{V go eV²-eaUŸ&
Û` MaU _| "{deX' em§{V {OZHo$ Z_Z²Ÿ&&

– आचार्य विशदसागर

आरती श्री पार्श्वनाथ जी

ॐ जय पारस देवा, प्रभु जय पारस देवा।
सुर नर मुनि जन तुम चरनन की, करते नित सेवा।।ॐ जय.।।

पोष वदी ग्यारस काशी में, आनन्द अति भारी।
अश्वसेन घर वामा के उर, लीनों अवतारी।।ॐ जय.।।

श्याम वर्ण नव हस्त काय पग, उरग लखन सोहे।
सुरकृत अति अनुपम पट भूषण, सबका मन मोहे।।ॐ जय.।।

जलते देख नाग नागनि को, पढ़ नवकार दिया।।ॐ जय.।।
हरा कमठ का मान ज्ञान का, भानु प्रकाश किया।।ॐ जय.।।

मात पिता तुम स्वामी मेरे, आश करूँ किसकी।
तुम बिन दूजा और न कोई, शरण गहूँ जिसकी।।ॐ जय.।।

तुम परमातम, तुम अध्यातम तुम अन्तर्यामी।
स्वर्ग मोक्ष पदवी के दाता, त्रिभुवन के स्वामी।।ॐ जय.।।

दीनबंधु दुःख हरण जिनेश्वर, तुम ही हो मेरे।
दो शिवपुर का वास दास यह, द्वार खड़ा तेरे।।ॐ जय.।।

विषय विकार मिटाओ मन का, अर्ज सुनो दाता।
सेवक द्वय कर जोड़ प्रभू के, चरणों चित् लाता।।ॐ जय.।।

।। इति समाप्तम् ।।

।। विशद वाणी ।।

kmZ Á`mo{V Obr nmíd© Ho$ Zm_ naŸ&
~Z J`o nmíd© {OZ ew^ H$m`© H$aŸ&&
nmíd© {OZ h¡ "{deX' OJ _| VaU VaUŸ&
hmo à^w Vd MaU _| g_m{Y _aUŸ&&

– आचार्य विशदसागर

आरती श्री महावीर स्वामी

ॐ जय महावीर प्रभो, स्वामी जय महावीर प्रभो।
कुण्डलपुर अवतारी, त्रिशलानन्द विभो।। ॐ जय.।।
सिद्धारथ घर जन्मे, वैभव था भारी, स्वामी वैभव था भारी।
बाल ब्रह्मचारी व्रत, पाल्यो तपधारी।। ॐ जय.।।
आतम ज्ञान विरागी, समदृष्टि धारी।
माया मोह विनाशक, ज्ञान ज्योति जागी।। ॐ जय.।।
जग में पाठ अहिंसा, आप ही विस्तार्यो।
हिंसा पाप मिटाकर, सुधर्म परिचार्यो।। ॐ जय.।।
यह विधि चांदनपुर में, अतिशय दर्शाओ।
ग्वाल मनोरथ पूरयो, दूध गाय पायो।। ॐ जय.।।
प्राणदान मंत्री को, तुमने प्रभु दीना।
मंदिर तीन शिखर का, निर्मित है कीना।। ॐ जय.।।
जयपुर नृप भी तेरे, अतिशय के सेवी।
एक ग्राम तिन दीनों, सेवा हित यह भी।। ॐ जय.।।
जो कोई तेरे दर पर, इच्छा कर आवे।
धन सुत सब कुछ पावे, संकट मिट जावै।। ॐ जय.।।
निश दिन प्रभु मंदिर में, जगमग ज्योति जरै।
हरि प्रसाद चरणों में, आनन्द मोद भरै।। ॐ जय.।।

।। इति समाप्तम् ।।

।। विशद् वाणी ।।

gÝ_{V àmá H$a gÝ_{V hmo J`oŸ&
ñd`§ go ñd`§ _| ñd`§ hr Imo J`oŸ&&
hmo _{V gZ_{V ho _hmdra ! {OZŸ&
Vd MaU Û` _| hmo {deX {gag: Z_Z²Ÿ&&

– आचार्य विशदसागर

देव स्तुति

प्रभु पतित–पावन – मैं अपावन, चरण आयो शरण जी।
यों विरद आप निहार स्वामी, मेट जामन–मरण जी।।
तुम ना पिछान्यो आन मान्यो, देव विविध प्रकार जी।
या बुद्धि सेती निज न जान्यो, भ्रम गिन्यो हितकार जी।।
भव विकट वन में कर्म बैरी, ज्ञान–धन मेरो हर्‌यो।
सब इष्ट भूल्यो भ्रष्ट होय, अनिष्ट गति धरतो फिर्‌यो।।
धन घड़ी यों धन दिवस, यों धन्य जनम मेरो भयो।
अब भाग्य मेरो उदय आयो, दरश प्रभु को लख लयो।।
छवि वीतरागी नग्न मुद्रा, दृष्टि नासा पै धरै।
वसु प्रातिहार्य अनन्त गुण जुत, कोटि रवि छवि को हरै।।
मिट गयो तिमिर मिथ्यात्व मेरो, उदय रवि आतम भयो।
मो उर हर्ष ऐसो भयो, मनु रङ्क चिन्तामणि लयो।।
दोउ हाथ जोड़ नवाऊँ मस्तक, वीनऊँ तुम चरण जी।
सर्वोत्कृष्ट त्रिलोकपति जिन, सुनहुँ तारण तरण जी।।
जाचूँ नहीं सुरवास पुनि, नर–राज परिजन साथ जी।
'बुध' जाँचहूँ तुम भक्ति भव भव, दीजिये शिव नाथ जी।।

।। इति समाप्तम् ।।

।। विशद् वाणी ।।

N>mo<S>H$a Am J`o gmao OJ H$s eaUŸ&
_¡Q> Xmo A~ h_mam ^r OÝ_ _aUŸ&&
A{^Z§XZ H$a aho à^w nX _| "{deX'Ÿ&
_¡Q> Xr H$_© _oao bJo Omo AeXŸ&&

– आचार्य विशदसागर

व्रतों के जाप्य मंत्र

नंदीश्वर व्रत (आष्टाह्निक व्रत) जाप्य मंत्रह्न

1. ॐ ह्रीं नंदीश्वरसंज्ञाय नमः 2. ॐ ह्रीं अष्टमहाविभूतिसंज्ञाय नमः 3. ॐ ह्रीं त्रिलोकसारसंज्ञाय नमः 4. ॐ ह्रीं चतुर्मुखसंज्ञाय नमः 5. ॐ ह्रीं पंचमहालक्षणसंज्ञाय नमः 6. ॐ ह्रीं स्वर्गसोपानसंज्ञाय नमः 7. ॐ ह्रीं श्री सिद्धचक्राय नमः 8. ॐ ह्रीं इन्द्रध्वजसंज्ञाय नमः ।

रविव्रत जाप्य मंत्रह्न ॐ ह्रीं अर्हं श्रीपार्श्वनाथाय नमः।

ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं ऐम् अर्हं श्री विघ्नहर पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय नमः।

रविव्रत लघु जाप्य मन्त्र :– ॐ ह्रीं अर्हं श्री चिन्तामणि पार्श्वनाथाय नमः।

सोलहकारण व्रत जाप्य मंत्रह्न

1. ॐ ह्रीं अर्हं दर्शनविशुद्धिभावनायै नमः 2. ॐ ह्रीं अर्हं विनयसंपन्नताभावनायै नमः 3. ॐ ह्रीं अर्हं शीलव्रतेष्वनतिचार भावनायै नमः 4. ॐ ह्रीं अर्हं अभीक्ष्णज्ञानोपयोगभावनायै नमः 5. ॐ ह्रीं अर्हं संवेगभावनायै नमः 6. ॐ ह्रीं अर्हं शक्तितस्त्यागभावनायै नमः 7. ॐ ह्रीं अर्हं शक्तितस्तपोभावनायै नमः 8. ॐ ह्रीं अर्हं साधुसमाधिभावनायै नमः 9. ॐ ह्रीं अर्हं वैयावृत्यकरणभावनायै नमः 10. ॐ ह्रीं अर्हं अर्हद्भक्तिभावनायै नमः 11. ॐ ह्रीं अर्हं आचार्यभक्तिभावनायै नमः 12. ॐ ह्रीं अर्हं बहुश्रुतभक्तिभावनायै नमः 13. ॐ ह्रीं अर्हं प्रवचनभक्तिभावनायै नमः 14. ॐ ह्रीं अर्हं आवश्यकापरिहाणिभावनायै नमः 15. ॐ ह्रीं अर्हं मार्गप्रभावनाभावनायै नमः 16. ॐ ह्रीं अर्हं प्रवचनवत्सलत्वभावनायै नमः।

दशलक्षणव्रत जाप्य मंत्रह्न

1. ॐ ह्रीं अर्हन्मुखकमलसमुद्गताय उत्तमक्षमाधर्माङ्गाय नमः
2. ॐ ह्रीं अर्हन्मुखकमलसमुद्गताय उत्तममार्दवधर्माङ्गाय नमः
3. ॐ ह्रीं अर्हन्मुखकमलसमुद्गताय उत्तमार्जवधर्माङ्गाय नमः

4. ॐ ह्रीं अर्हन्मुखकमलसमुद्गताय उत्तमशौचधर्माङ्गाय नमः
5. ॐ ह्रीं अर्हन्मुखकमलसमुद्गताय उत्तमसत्यधर्माङ्गाय नमः
6. ॐ ह्रीं अर्हन्मुखकमलसमुद्गताय उत्तमसंयमधर्माङ्गाय नमः
7. ॐ ह्रीं अर्हन्मुखकमलसमुद्गताय उत्तमतपोधर्माङ्गाय नमः
8. ॐ ह्रीं अर्हन्मुखकमलसमुद्गताय उत्तमत्यागधर्माङ्गाय नमः
9. ॐ ह्रीं अर्हन्मुखकमलसमुद्गताय उत्तमाकिंचनधर्माङ्गाय नमः
10. ॐ ह्रीं अर्हन्मुखकमलसमुद्गताय उत्तमब्रह्मचर्यधर्माङ्गाय नमः

पंचमेरु व्रत जाप्य मंत्रह्न

1. ॐ ह्रीं सुदर्शनमेरुसम्बन्धिषोडशजिनालयेभ्यो नमः
2. ॐ ह्रीं विजयमेरुसम्बन्धिषोडशजिनालयेभ्यो नमः
3. ॐ ह्रीं अचलमेरुसम्बन्धिषोडशजिनालयेभ्यो नमः
4. ॐ ह्रीं मन्दरमेरुसम्बन्धिषोडशजिनालयेभ्यो नमः
5. ॐ ह्रीं विद्युन्मालिमेरुसम्बन्धिषोडशजिनालयेभ्यो नमः

आकाश पंचमी व्रत जाप्य मंत्रह्न

ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं ऐं अर्हं वृषभादिचतुर्विंशतितीर्थंकरेभ्यो यक्षयक्षीसहितेभ्यो नमः।

निर्दोष सप्तमी व्रत की जाप्यह्न

ॐ ह्रां ह्रीं सर्वविघ्ननिवारकाय श्री शांतिनाथस्वामिने नमः स्वाहा।

सुगन्धदशमीव्रत जाप्य मंत्र–

ॐ ह्रीं श्री शीतलनाथजिनेन्द्राय नमः।

ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं ऐं अर्हं श्री शीतलनाथ ईश्वरयक्षमानवीयक्षीसहिताय नमः स्वाहा।

रत्नत्रय जाप्य मंत्रह्नह्न ॐ ह्रीं सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्रेभ्य नमः।

अनन्तचतुर्दशी व्रत जाप्य मंत्र–

(1) ॐ ह्रीं अर्हं हं स अनन्तकेवलिने नमः।

(2) ॐ नमोऽर्हते भगवते अणंताणंतसिज्झधम्मे भगवतो महाविज्जा-महाविज्जा अणंताणंतके वलिए अणंतके वलणाणे अणंत-केवलदंसणेअणुपुज्जवासणे अणंते अणंतागमकेवली स्वाहा।

रोहिणी व्रत जाप्य मंत्र– ॐ ह्रीं वासुपूज्यजिनेन्द्राय नमः।

मुक्तावली व्रत जाप्य मंत्र– ॐ ह्रीं वृषभजिनाय नमः।

णमोकार व्रत जाप्य मंत्र–

ॐ ह्रां णमो अरिहंताणं, ॐ ह्रीं णमो सिद्धाणं, ॐ ह्रूँ णमो आइरियाणं, ॐ ह्रौं णमो उवज्झायाणं, ॐ ह्रः णमो लोए सव्वसाहूणं।

जिनगुणसंपत्ति व्रत जाप्य मंत्र– ॐ ह्रीं त्रिषष्टिजिनगुणसंपद्भ्यो नमः।

सप्तपरमस्थान व्रत जाप्य मंत्र– ॐ ह्रीं परमब्रह्मणे सप्तपरमस्थानाय नमः।

ऋषिमण्डल जाप्य मंत्र– ॐ ह्रां ह्रिं ह्रुं ह्रूं ह्रें ह्रैं ह्रौं ह्रं ह्रः असिआउसा सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्रेभ्यः ह्रीं नमः।

सिद्धचक्र जाप्य मंत्र– ॐ ह्रीं अर्हं असिआउसा नमः।

शांति मंत्र– ॐ ह्रीं श्रीशांतिनाथाय जगत्शांतिकराय सर्वोपद्रवशांतिम् कुरु कुरु ह्रीं नमः।

आरोग्य प्राप्ति मंत्रह्न ॐ ह्रीं अर्हं णमो सव्वोसहिपत्ताणं।

कार्यसिद्धि मंत्रह्न ॐ ह्रीं अर्हं श्री आदिनाथजिनेंद्राय नमः।

ॐ ह्रीं श्री ऋषभदेवाय सर्वसिद्धिकरण सर्वसौख्यं कुरु कुरु ह्रीं नमः।

अयोध्या तीर्थक्षेत्र मंत्रह्न

ॐ ह्रीं अनंतानंततीर्थंकरजन्मभूमिअयोध्या पुर्यो नमः।

सम्मेदशिखर सिद्धक्षेत्र मंत्र –

ॐ ह्रीं अनंतानंत तीर्थंकर निर्वाण भूमि सम्मेदशिखर सिद्धक्षेत्राय नमः।

व्रतों के एवं अन्य महत्त्वपूर्ण मंत्र

सुख शान्ति हेतु प्रतिदिन जाप करें

रविवार को – ॐ ह्रीं श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय नमः।

सोमवार को – ॐ ह्रीं श्री चन्द्रप्रभ जिनेन्द्राय नमः।

मंगलवार को – ॐ ह्रीं श्री वासुपूज्य जिनेन्द्राय नमः।

बुधवार को – ॐ ह्रीं श्री शान्तिनाथ जिनेन्द्राय नमः।

गुरुवार को – ॐ ह्रीं श्री सुरगुरुदोष निवारण अष्टजिनेन्द्रेभ्यो नमः।

शुक्रवार को – ॐ ह्रीं श्री पुष्पदंत जिनेन्द्राय नमः।

शनिवार को – ॐ ह्रीं श्री मुनिसुव्रतनाथ जिनेन्द्राय नमः।

मनोवाँछित हेतु जाप– ॐ ह्रीं श्रीं अ सि आ उ सा मम सर्वविघ्न शान्तिं कुरु कुरु स्वाहा।

सर्वशान्ति हेतु जाप– ॐ ह्रीं जगत्शांतिकराय श्रीशान्तिनाथाय सर्वोपद्रवशान्तिं कुरु कुरु ह्रीं नमः स्वाहा।

इन्द्रध्वजविधान का जाप्य मंत्र – ॐ ह्रीं अर्हं शाश्वत् जिनालयसर्वजिनबिम्बेभ्यो नमः।

पुष्पांजलि व्रत जाप्य मन्त्र :– ॐ ह्रीं पंचमेरुसम्बन्धि अशीति-जिनालयेभ्यो नमः।

रोगनाशक मन्त्र :– ॐ ऐं ह्रीं श्रीं कलिकुण्डदण्डस्वामिने नमः। आरोग्य परमैश्वर्यं कुरु कुरु स्वाहा। यह मन्त्र श्री पार्श्वनाथजी की प्रतिमा के सामने शुद्ध भाव और क्रियापूर्वक 108 बार जपना चाहिये।

मंगलदायक मन्त्र :– ॐ ह्रीं वरे सुवरे असिआउसा नमः।

एकान्त में प्रतिदिन 108 बार धूप के साथ, शुद्ध भावपूर्वक जपें।

सुखदायक मन्त्र :– ॐ ह्रीं असिआउसा नमः स्वाहा।

प्रातः पूर्व दिशा में मुख करके प्रतिदिन 108 बार जपना चाहिये।

सर्वसिद्धिदायक मन्त्रः– ॐ ह्रीं क्लीं श्रीं अर्हं श्री वृषभनाथ तीर्थंकराय नमः। (समस्त कार्यों की सिद्धि के लिए प्रतिदिन श्रद्धापूर्वक 108 बार जपना चाहिये।)

ॐ ह्राँ ह्रीं ह्रूँ ह्रौं ह्रः असि आ उसा सर्व शान्तिं कुरु कुरु स्वाहा।

ॐ ह्रीं परमशान्ति विधायक श्री शान्तिनाथाय नमः।

रोग निवारक मन्त्र :– ॐ ह्रीं सकल–रोगहराय श्री सन्मति देवाय नमः।

सिद्धचक्र विधान के समय का जाप्य मन्त्र :–

ॐ ह्रीं अर्हं अ सि आ उ सा नमः स्वाहा।

ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रौं ह्रः अ सि आ उ सा नमः स्वाहा।

त्रैलोक्य मण्डल विधान का जाप्य मन्त्र :– ॐ ह्रीं श्रीं अर्हं अनाहत–विद्याधिपति त्रैलोक्यनाथाय नमः सर्व शान्तिं कुरु कुरु स्वाहा।

लघुशान्ति मंत्र :– ॐ ह्रीं अर्हं असिआउसा सर्वशान्तिं कुरु कुरु स्वाहा।

वेदी प्रतिष्ठा कलशारोहण तथा बिम्बस्थापन के समय का जाप्य मन्त्रः– ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं अर्हं असिआउसा अनाहत विद्यायै णमो अरिहंताणं ह्रौं सर्वशान्तिं कुरु कुरु स्वाहा।

मनोरथ सिद्धिदायक मन्त्र :– ॐ ह्रीं श्रीं हूँ नमः।

महामृत्युंजय मन्त्र :– ॐ ह्राँ णमो अरिहंताणं, ॐ ह्रीं णमो सिद्धाणं, ॐ ह्रूँ णमो आइरियाणं, ॐ ह्रौं णमो उवज्झायाणं, ॐ ह्रः णमो लोए सव्वसाहूणं। मम सर्वग्रहारिष्टान् निवारय निवारय अपमृत्युं घातय–घातय सर्वशान्तिं कुरु कुरु स्वाहा।

विधिह्न दीप जलाकर धूप देते हुए नैष्ठिक रहकर इस मन्त्र का स्वयं जाप करें या अन्य–द्वारा करावें। यदि अन्य व्यक्ति जाप करें तो 'मम' के स्थान पर उस व्यक्ति का नाम जोड़ लेंह्न अमुकस्य सर्वग्रहारिष्टान निवारय आदि। इस मन्त्र का सवा लाख जाप करने से ग्रहबाधा दूर हो जाती है। कम से कम इस मन्त्र का 31 हजार जाप करना चाहिए। जाप के अनन्तर दशांश आहुति देकर हवन भी करें।

***

भक्ष–अभक्ष्य

जो पदार्थ भक्षण करनेह्न खाने योग्य नहीं होते हैं उन्हें अभक्ष्य कहते हैं। इसके पाँच भेद हैंह्न त्रस हिंसाकारक, बहुस्थावर हिंसाकारक, प्रमादकारक, अनिष्ट और अनुपसेव्य।

(1) जिस पदार्थ के खाने से त्रस जीवों का घात होता है उसे त्रस हिंसाकारक अभक्ष्य कहते हैं। जैसेह्न पंच उदंबर फल, घुना अन्न, अमर्यादित वस्तु जिनमें बरसात में फफूँदी लग जाती है ऐसी कोई भी खाने की चीजें, चौबीस घन्टे के बाद का मुरब्बा, अचार, बड़ी, पापड़ और द्विदल आदि के खाने से त्रस जीवों का घात होता है। कच्चे दूध में या दही में दो दाल वाले मूँग, उड़द, चना आदि अन्न की बनी चीज मिलाने से द्विदल बनता है।

(2) जिस पदार्थ के खाने से अनंत स्थावर जीवों का घात होता है उसे स्थावर हिंसाकारक अभक्ष्य कहते हैं। जैसेह्न प्याज, लहसन, आलू, मूली, गाजर आदि कंदमूल तथा तुच्छ फल खाने से अनंतों स्थावर जीवों का घात हो जाता है।

एक निगोदिया जीव के शरीर में अनंतानंत सिद्धों से भी अनंतगुणे जीव रहते हैं और एक आलू आदि में अनंत निगोदिया जीव हैं। इसलिए इन कंदमूल आदि का त्याग कर देना चाहिए।

(3) जिसके खाने से प्रमाद या काम विकार बढ़ता है वे प्रमाद–कारक अभक्ष्य हैं। जैसेह्न शराब, भंग, तम्बाकू, गाँजा और अफीम आदि नशीली चीजें। ये स्वास्थ्य के लिए भी हानिकारक हैं।

(4) जो पदार्थ भक्ष्य होने पर भी अपने लिए हितकर न हों वे अनिष्ट हैं। जैसेह्न बुखार वाले को हलुआ एवं जुकाम वाले को ठण्डी चीजें हितकर नहीं हैं।

(5) जो पदार्थ सेवन करने योग्य न हों वे अनुपसेव्य हैं। जैसेह्न लार, मूत्र आदि पदार्थ।

अभक्ष्य बाईस भी माने गये हैंह्न

ओला घोर बड़ा निशि भोजन, बहुबीजा बेंगन संधान।
बड़ पीपर ऊमर कठऊमर, पाकर फल या होय अजान।।
कंदमूल माटी विष आमिष, मधु माखन अरु मदिरापान।
फल अतितुच्छतुषार चलित रस, ये बाईस अभक्ष्य बखान।।

ओला, दहीबड़ा (कच्चे दूध से जमाये दही का बड़ा), रात्रि भोजन, बहुबीजा, बैंगन, अचार (चौबीस घण्टे बाद का), बड़, पीपल, ऊमर, कठूमर, पाकर, अजानफल (जिसको हम पहचानते नहीं ऐसे कोई फल, पत्ते आदि), कंदमूल (मूली, गाजर आदि जमीन के भीतर लगने वाले), मिट्टी, विष (शंखिया, धतूरा आदि), आमिष–मांस, शहद, मक्खन, मदिरा, अतितुच्छ फल (जिसमें बीज नहीं पड़े हों ऐसे बिलकुल कच्चे छोटे–छोटे फल), तुषार–बर्फ और चलित रस (जिनका स्वाद–बिगड़ जाये ऐसे फटे हुए दूध आदि) ये सब अभक्ष्य हैं।

दही बिलौने के बाद मक्खन को निकाल कर 48 मिनट के अंदर ही गर्म कर लेना चाहिए अन्यथा वह अभक्ष्य हो जाता है अथवा कच्चे दूध से भी जो यंत्र से मक्खन निकाला जाता है उसमें भी कच्चे दूध की मर्यादा एक मुहुर्त 48 मिनट की है। उसी मर्यादा के अन्दर मक्खन निकाल कर जल्दी से गर्म करके घी बना लेना चाहिए।

बाजार की बनी हुई चीजों में मर्यादा आदि का विवेक न रहने से, अनछने जल आदि से बनाई होने से सब अभक्ष्य हैं। अर्क, आसव, शर्बत आदि भी अभक्ष्य हैं। चमड़े में रखे घी, हींग, पानी आदि भी अभक्ष्य हैं। इसलिए इन अभक्ष्यों का त्याग कर देना चाहिए।

प्रयोग में नहीं लेहह्न रविवार को नमक, सोमवार को हरी, मंगलवार को मीठा, बुद्धवार को घी, गुरुवार को दूध, शुक्रवार को दही एवं शनिवार को तेल।

भक्ष्य पदार्थों की मर्यादा

क्र. सं.	पदार्थ	अगहन से फागुन तक शीतलकाल	चैत्र से आषाढ़ तक ग्रीष्मकाल	श्रावण से कार्तिक तक वर्षाकाल
1.	बूरा	एक माह	पन्द्रह दिन	सात दिन
2.	दूध (दूहने के बाद)			
	कच्चा	दो घड़ी	दो घड़ी	दो घड़ी
	उबालने के बाद	चौबीस घण्टे	चौबीस घण्टे	चौबीस घण्टे
3.	दही (गर्म दूध का)	चौबीस घण्टे	चौबीस घण्टे	चौबीस घण्टे
4.	छाछ (बिलोते समय			
	पानी डालें तो)	बारह घण्टे	बारह घण्टे	बारह घण्टे
	बाद में पानी मिलायें तो	48 मिनट	48 मिनट	48 मिनट
	कच्चे दूध के दही से			
	बनी छाछ	अभक्ष्य	अभक्ष्य	अभक्ष्य
5.	घी, गुड़, तेल	एक साल	एक साल	एक साल
	स्वाद बिगड़ने पर	अभक्ष्य	अभक्ष्य	अभक्ष्य
6.	आटा बेसन,			
	पिसे मसाले	सात दिन	पाँच दिन	तीन दिन
7.	पिसा नमक पीसकर गरम	48 मिनट	48 मिनट	48 मिनट
	किया नमक	चौबीस घण्टे	चौबीस घण्टे	चौबीस घण्टे
	मसाला मिला नमक	छह घण्टे	छह घण्टे	छह घण्टे
8.	खिचड़ी, रायता,			
	कढ़ी, दाल, सब्जी	छह घण्टे	छह घण्टे	छह घण्टे
9.	रोटी, पूड़ी, हलवा,			
	बड़ा, कचौरी	बारह घण्टे	बारह घण्टे	बारह घण्टे
10.	मौन वाले पकवान	चौबीस घण्टे	चौबीस घण्टे	चौबीस घण्टे
11.	बिना पानी वाले पदार्थ	सात दिन	पाँच दिन	तीन दिन
12.	मीठे पदार्थ मिला दही	48 मिनट	48 मिनट	48 मिनट
13.	गुड़ मिला दही व छाछ	अभक्ष्य	अभक्ष्य	अभक्ष्य
14.	रस चलित	स्वाद बदल गया हो, बदबूदार पदार्थ–सदैव त्याज्य हैं।		

भजन

आके जाता रहा, आके आता रहा ।
यौहि चक्कर चौरासी के खाता रहा ।।
इसी आवागमन के उलट-फेर में ।
वक्त हीरा सा यौंही गवाता रहा- गवाता रहा ।। (टेक) ।।

खेल में तेरी बचपन कहानी गई-कहानी गई ।
जोश में होश खोकर जवानी गई-जवानी गई ।।
फिर जिया तो जिया बूढ़ा होकर जिया ।
तेल बिन ज्यों दीया टिमटिमाता रहा-टिमटिमाता रहा ।। (टेक) ।।

जब खत्म सफ़र श्वासों का होने लगा-होने लगा ।
चलके नजदीक मंजिल पर रोने लगा-रोने लगा ।।
कहा पगले मन तेरी श्वासों का धन ।
विषय भोगों में योंही गवाता रहा-गवाता रहा ।। (टेक) ।।

साथ तेरे हाथी रथ घोड़े यहाँ ।
नोटो के बंडल जो जोड़े यहाँ ।।
अंत में सब के सब छोड़े यहाँ ।
हाथ में हाथ रख तिलमिलाता रहा-तिलमिलाता रहा ।। (टेक) ।।

– महावीरप्रसाद जैन, कांकरोली, जिला-राजसमन्द (राज.)

239

श्री चौबीस तीर्थंकरों का विविध परिचय*

क्र.	तीर्थंकरों के नाम	चिह्न	जन्म स्थान	काया	पितृ नाम	मातृ नाम	आयुष्य	गर्भ	जन्म	तप	केवलज्ञान	मोक्ष	मोक्ष स्थल
1.	वृषभनाथ	बैल	अयोध्या	500 धनुष्य	नाभिराजा	मरूदेवी	84 लाख पूर्वायुष्य	आषाढ़ वदी 2	चैत्र वदी 9	चैत्र वदी 9	फाल्गुन वदी 11	माघ वदी 14	कैलाश पर्वत
2.	अजितनाथ	गज	अयोध्या	450 धनुष्य	जितशत्रु	विजयसेना	72 लाख पूर्वायुष्य	ज्येष्ठ पूर्णिमा 30	माघ सुदी 10	माघ सुदी 10	पौष सुदी 11	चैत्र सुदी 5	सम्मेदशिखर
3.	सम्भवनाथ	घोड़ा	श्रावस्ती	400 धनुष्य	जितारी	सुसेना	60 लाख पूर्वायुष्य	फाल्गुन सुदी 8	कार्तिक सुदी 15	आश्विन सुदी 15	कार्तिक वदी 4	चैत्र सुदी 6	सम्मेदशिखर
4.	अभिनन्दननाथ	बन्दर	अयोध्या	350 धनुष्य	संवर	सिद्धार्थ	50 लाख पूर्वायुष्य	वैशाख सुदी 6	माघ सुदी 12	माघ सुदी 12	पौष सुदी 14	वैशाख सुदी 6	सम्मेदशिखर
5.	सुमतिनाथ	चकवा	अयोध्या	300 धनुष्य	मेघप्रभु	मंगला	40 लाख पूर्वायुष्य	श्रावण सुदी 2	चैत्र सुदी 11	चैत्र सुदी 11	चैत्र सुदी 11	चैत्र सुदी 11	सम्मेदशिखर
6.	पद्मप्रभनाथ	कमल	कौशाम्बी	250 धनुष्य	धारण	सुशीमा	30 लाख पूर्वायुष्य	माघ वदी 6	कार्तिक सुदी 13	कार्तिक सुदी 13	चैत्र पूर्णिमा 15	फाल्गुन वदी 4	सम्मेदशिखर
7.	सुपार्श्वनाथ	साँथिया	बनारस	200 धनुष्य	प्रतिष्ठित	पृथ्वी	20 लाख पूर्वायुष्य	भाद्रपद सुदी 6	ज्येष्ठ सुदी 12	ज्येष्ठ सुदी 12	फाल्गुन वदी 6	फाल्गुन वदी 7	सम्मेदशिखर
8.	चन्द्रप्रभनाथ	चन्द्रमा	चन्द्रपुरी	150 धनुष्य	महासेन	सुलक्षण	10 लाख पूर्वायुष्य	चैत्र वदी 5	पौष वदी 11	पौष वदी 11	फाल्गुन वदी 7	फाल्गुन सुदी 7	सम्मेदशिखर
9.	पुष्पदन्तनाथ	मगर	काकन्दी	100 धनुष्य	सुग्रीव	रमा	2 लाख पूर्वायुष्य	फाल्गुन वदी 9	मगसिर सुदी 1	मगसिर सुदी 1	कार्तिक सुदी 2	आश्विन सुदी 8	सम्मेदशिखर
10.	शीतलनाथ	कल्पवृक्ष	महिलपुर	90 धनुष्य	दृढ़रथ	सुनन्दा	1 लाख पूर्वायुष्य	चैत्र वदी 8	माघ वदी 12	माघ वदी 12	पौष वदी 14	आश्विन सुदी 8	सम्मेदशिखर
11.	श्रेयांसनाथ	गेण्डा	सिंहपुर	80 धनुष्य	विमल	विमला	84 लाख पूर्वायुष्य	ज्येष्ठ वदी 8	फाल्गुन वदी 11	फाल्गुन वदी 11	माघ अमावस्या	श्रावण पूर्णिमा	सम्मेदशिखर
12.	वासुपूज्यनाथ	भैंसा	चम्पापुरी	70 धनुष्य	वासुपूज्य	विजया	72 लाख पूर्वायुष्य	आषाढ़ वदी 6	फाल्गुन वदी 14	फाल्गुन वदी 14	भाद्रपद वदी 2	भादो सुदी 14	चम्पापुरी
13.	विमलनाथ	सूकर	कम्पिला	60 धनुष्य	सुव्रतवर्मा	श्यामा	60 लाख पूर्वायुष्य	ज्येष्ठ वदी 10	माघ सुदी 4	माघ सुदी 4	माघ सुदी 6	आषाढ़ वदी 6	सम्मेदशिखर
14.	अनन्तनाथ	सेही	अयोध्या	50 धनुष्य	हरिषेण	सुरजा	50 लाख पूर्वायुष्य	कार्तिक वदी 1	ज्येष्ठ वदी 12	ज्येष्ठ वदी 12	चैत्र अमावस्या	चैत्र वदी 30	सम्मेदशिखर
15.	धर्मनाथ	वज्र	रत्नपुर	45 धनुष्य	भानु	सुव्रता	10 लाख पूर्वायुष्य	वैशाख सुदी 8	माघ सुदी 13	माघ सुदी 13	पौष पूर्णिमा	ज्येष्ठ सुदी 4	सम्मेदशिखर
16.	शान्तिनाथ	हिरण	हस्तिनापुर	40 धनुष्य	विश्वसेन	ऐरा	1 लाख पूर्वायुष्य	भाद्र वदी 7	ज्येष्ठ वदी 14	ज्येष्ठ वदी 14	पौष सुदी 10	ज्येष्ठ वदी 14	सम्मेदशिखर
17.	कुन्थुनाथ	बकरा	हस्तिनापुर	35 धनुष्य	शूरराजा	श्रीमती	95 हजार वर्षायुष्य	श्रावण वदी 10	वैशाख सुदी 1	वैशाख सुदी 1	चैत्र सुदी 3	वैशाख सुदी 1	सम्मेदशिखर
18.	अरहनाथ	मच्छ	हस्तिनापुर	30 धनुष्य	सुदर्शन	मित्रा	80 हजार वर्षायुष्य	फाल्गुन सुदी 3	मगसिर सुदी 14	मगसिर सुदी 10	कार्तिक वदी 12	चैत्र वदी 30	सम्मेदशिखर
19.	मल्लिनाथ	कलश	मिथिला	25 धनुष्य	कुंभ	प्रजावती	55 हजार वर्षायुष्य	चैत्र सुदी 1	मगसिर सुदी 11	मगसिर सुदी 11	पौष वदी 2	फाल्गुन सुदी 5	सम्मेदशिखर
20.	मुनिसुव्रतनाथ	कछुआ	राजगृह	20 धनुष्य	सुमन्न	श्यामा	30 हजार वर्षायुष्य	श्रावण वदी 2	वैशाख वदी 12	वैशाख वदी 10	वैशाख वदी 9	फाल्गुन वदी 12	सम्मेदशिखर
21.	नमिनाथ	नीलकमल	मिथिला	15 धनुष्य	विजयरथ	विपुला	10 हजार वर्षायुष्य	आश्विन वदी 2	आषाढ़ वदी 10	आषाढ़ वदी 10	मगसिर सुदी 11	वैशाख सुदी 14	सम्मेदशिखर
22.	नेमिनाथ	शंख	शौरीपुर	10 धनुष्य	समुद्रविजय	शिवादेवी	1 हजार वर्षायुष्य	कार्तिक सुदी 6	श्रावण सुदी 6	श्रावण सुदी 6	आश्विन सुदी 1	आषाढ़ सुदी 8	गिरनार पर्वत
23.	पार्श्वनाथ	सर्प	बनारस	9 हाथ	अश्वसेन	वामादेवी	100 वर्षायुष्य	वैशाख वदी 2	पौष वदी 11	पौष वदी 11	चैत्र वदी 4	श्रावण सुदी 7	सम्मेदशिखर
24.	महावीर	सिंह	कुण्डलपुर	7 हाथ	सिद्धार्थ	त्रिशला	72 वर्षायुष्य	आषाढ़ सुदी 6	चैत्र सुदी 13	मगसिर वदी 10	वैशाख सुदी 10	कार्तिक अमावस्या	पावापुरी

*** पंचकल्याणक तिथियों के लिये 'वर्त्तमान चतुर्विंशति जिनपूजा' रचियता कविवर श्री वृन्दावनजी को आधार माना गया है।**